राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 03 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 180, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु,भजनों पर झूम उठा पूरा गांव...03

दिल्ली में हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से भक्ती में डूबा...3

# मजबूत एससी/एसटी एक्ट उनका हक है... दलित-आदिवासी युवाओं को लेकर राहुल गांधी का पीएम मोदी को लेटर

**● राहुल गांधी ने पीएम मोदी को एक पत्र लिखा है. इसमें 2018 में एससी/एसटी एक्ट को लेकर हुए प्रदर्शनों के दौरान दलित युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का अनुरोध किया है**

**उन्होंने कहा कि लंबित मामलों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है. राहुल ने न्यायपूर्ण समीक्षा की मांग की है**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दलित और आदिवासी युवाओं के मुद्दों को लेकर एक पत्र लिखा है. इसमें वो लिखते हैं, 8 साल पहले एससी/एसटी एक्ट को कमजोर करने के खिलाफ लाखों दलित-आदिवासी युवाओं ने आंदोलन किया, जिसमें कई गिरफ्तार हुए. संसद ने कानून तो मजबूत किया लेकिन आज भी निर्दोष युवा मुकदमों का बोझ उठा रहे हैं. मजबूत एससी/एसटी एक्ट उनका हक है और शांतिपूर्ण आंदोलन उनका अधिकार. प्रधानमंत्री आपसे आग्रह है कि संवेदनशील और न्यायपूर्ण दृष्टि से ये सभी मामले वापस लिए जाएं. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने पत्र में लिखते हैं, मैं यह पत्र 2 अप्रैल 2018 को एससी और एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम को कमज़ोर करने के खिलाफ़ देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान दलित और आदिवासी युवाओं पर दर्ज किए गए मामलों को वापस लेने का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं. उस दिन चौदह दलित युवाओं की मौत हो गई थी

**विरोध प्रदर्शन एक फैसले के कारण शुरू हुए थे**

उन्होंने कहा, ये विरोध प्रदर्शन एक न्यायिक फैसले के कारण शुरू हुए थे, जिसने एससी/एसटी अधिनियम को कमज़ोर कर दिया था. यह एक ऐसा कानून था जिसने लाखों दलितों और आदिवासियों को व्यवस्थागत भेदभाव और हिंसा के खिलाफ़ न्याय और सुरक्षा पाने का अधिकार दिया था. यह कानून अपराधियों को मिलने वाली छूट को खत्म करने के लिए चलाए गए जन-आंदोलन से पैदा हुआ था. इसने पीड़ितों को आगे आने और न्याय मांगने का साहस दिया था

**लंबित मामलों ने युवाओं के भविष्य पर बुरा असर डाला**

राहुल गांधी ने कहा, 2 अप्रैल के विरोध प्रदर्शनों ने दलितों और आदिवासियों के खिलाफ़ बढ़ती हिंसा और भेदभाव की घटनाओं को भी दिखाया. प्रदर्शनकारी न्याय, समानता और गरिमा की मांग करते हुए अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर रहे थे. प्रदर्शनों के बाद कई निर्दोष युवाओं को गिरफ्तार किया गया. उन पर अभी भी आपराधिक आरोप हैं. उनमें से कई पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं और लंबित मामलों ने उनकी शिक्षा, रोज़गार की संभावनाओं और भविष्य पर बुरा असर डाला है.

**युवाओं के खिलाफ़ दर्ज मामलों की समीक्षा करे सरकार**

उन्होंने कहा, ये याद रखना जरूरी है कि संसद ने बाद में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम- 2018 पारित किया, जिसने इस कानून की ताकत को बहाल किया. सर्वोच्च न्यायालय ने भी 2020 में इस संशोधन को सही ठहराया था. मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह इस मामले पर सहानुभूतिपूर्ण और न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनाए और युवाओं के खिलाफ़ दर्ज मामलों की समीक्षा करे. मामलों को वापस ले या रद्द करे

8 साल पहले, SC/ST Act को कमजोर करने के खिलाफ लाखों दलित-आदिवासी युवाओं ने आंदोलन किया, जिसमें कई गिरफ्तार हुए। संसद ने कानून तो मजबूत किया, लेकिन आज भी निर्दोष युवा मुकदमों का बोझ उठा रहे हैं। मजबूत SC/ST Act उनका हक है और शांतिपूर्ण आंदोलन उनका अधिकार। आज प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि संवेदनशील और न्यायपूर्ण दृष्टि से ये सभी मामले वापस लिए जाएं।

# ईडी की याचिका पर हाई कोर्ट का सख्त रुख, केजरीवाल-सिसोदिया को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका

**● दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है**

**ईडी निचली अदालत के आरोपमुक्त फैसले में जांच एजेंसियों के खिलाफ की गई टिप्पणी हटाने की मांग कर रही है. जवाब ना देने पर ये सभी पक्षकार अपना अधिकार खो देंगे**



दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया है. ईडी ने इन सभी को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के फैसले में जांच एजेंसियों के खिलाफ टिप्पणी को हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है. जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने कहा, अगर अब भी जवाब दाखिल नहीं हुए तो ये सभी पक्षकार जवाब दाखिल करने का अपना अधिकार खो देंगे।

इस मामले में बीते दिन अदालत ने समन से जुड़े मामलों में बरी किए जाने के खिलाफ ईडी की याचिका पर केजरीवाल को नोटिस जारी किया. हाई कोर्ट ने बुधवार को केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा था जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश ना होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज 2 अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है।

**29 अप्रैल को होगी सुनवाई**

कोर्ट ने निचली अदालत के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिकाओं पर केजरीवाल को नोटिस जारी किया और सुनवाई 29 अप्रैल के लिए तय की. कोर्ट ने कहा, प्रतिवादी ने पहले से सूचना मिलने के बाद भी पेश ना होने का विकल्प चुना. इसको देखते हुए नया नोटिस जारी किया जाए और 29 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें।

**ईडी ने आरोप ये लगाया**


उधर, निचली अदालत में ईडी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने समन पर जानबूझकर अमल नहीं किया और जांच में शामिल नहीं हुए. इतना ही नहीं केजरीवाल ने बेबुनियाद आपत्तियां उठाई. जानबूझकर ऐसी दलीलें दीं जिससे उन्हें जांच में शामिल ना होना पड़े. इससे पहले निचली अदालत ने कहा था कि ईडी यह साबित करने में विफल रही कि अरविंद केजरीवाल ने जानबूझकर जारी हुए समन का उल्लंघन किया।

**'अन्य आरोपी केजरीवाल के संपर्क में थे'**

ईडी का कहना है कि मामले के अन्य आरोपी दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल के संपर्क में थे. उन्होंने रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को तैयार करने में मदद की थी. इसके बदले उन्हें अनुचित लाभ मिला. फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल अंतरिम जमानत पर हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विशाल एड्रिनल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन




**प्रयागराज।** झूंसी निवासी 40 वर्षीय महिला अर्चना, जो पिछले एक वर्ष से पेट में गांठ और लगातार असहजता की समस्या से जूझ रही थीं, अब पूरी तरह स्वस्थ होने की ओर अग्रसर हैं। मरीज को लंबे समय से पेट में सूजन और दर्द की शिकायत थी। प्रारंभ में उन्होंने वाराणसी के निजी चिकित्सकों से उपचार कराया, लेकिन कोई विशेष लाभ नहीं मिला। समस्या बढ़ने पर उन्होंने 28 मार्च 2026 को एसआरएन अस्पताल में भर्ती होकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। विस्तृत जांच के दौरान मरीज के पेट के दाई ओर सबकॉस्टल और लम्बर क्षेत्र से लेकर नाभि तक फैला लगभग 16म15.7म19 सेंटीमीटर का विशाल ट्यूमर पाया गया। चिकित्सकीय परीक्षणों में इसे नॉन-फंक्शनल एड्रिनल मास के रूप में चिन्हित किया गया, जो एड्रिनल ग्रंथि से संबंधित एक जटिल स्थिति होती है।

6 ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.के. पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सर्जरी टीम में डॉ. रवि राज पाटिल, डॉ. विश्वजीत वाजपेयी, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. आदर्श सिंह, डॉ. अंजलि, डॉ. अर्पित मिश्रा एवं डॉ. अभिषेक मौर्य शामिल रहे। वहीं एनेस्थीसिया टीम में डॉ. अनिल सिंह, डॉ. पल्लवी सूद, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. प्रणया, डॉ. एकता और स्टाफ नर्स सुशीला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एड्रिनल ग्रंथि के इतने बड़े ट्यूमर का ऑपरेशन अत्यंत जटिल माना जाता है, क्योंकि यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों और रक्त वाहिकाओं के पास स्थित होता है। इसमें उच्च स्तरीय तकनीकी कौशल, सटीक योजना और टीमवर्क की आवश्यकता होती है। प्राचार्य डॉ. वी.के. पांडेय ने इस सफलता पर।




# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**● न्यायिक गरिमा, सांस्कृतिक समन्वय एवं साहित्यिक उत्कर्ष का अनुपम संगम।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की प्रतिष्ठित परिधि में, विधिक मर्यादाओं एवं सांस्कृतिक विरासत के अनुपालन में, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के तत्वावधान में 'गंगा-जमुनी महोत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, न्यायिक शिष्टता, सामाजिक समरसता तथा सांस्कृतिक एकात्मता का सजीव प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति (डॉ.) गौतम चौधरी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद जी एवं माननीय न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला जी ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा को अभिवर्धित किया। इस अवसर पर भारतवर्ष के विभिन्न अंचलों से पधारे ख्यातिलब्ध कवियों एवं शायरों– श्रीरंग पाण्डेय (संयोजक), सत्यपाल सानंद (मेरठ), प्रांजलि दीक्षित (कानपुर), लोटा मुरादाबादी, सुल्तान सिंह सुल्तान, प्रकाश निर्मल बरेली, जावेद शोहरत (प्रयागराज), वसीम मंजर गोरखपुरी, मुकेश मासूम (भोपाल) श्री अकलम बलरामपुरी, अनीता








अनुश्री (कानपुर), एवं सुजीत जायसवाल सहित अन्य कवि-कवयित्रियों ने अपनी ओजस्वी एवं भावप्रवण प्रस्तुतियों से समस्त सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक विविधता तथा मानवीय मूल्यों जैसे विषयों पर आधारित काव्य-पाठ एवं मुशायरे ने उपस्थित जनसमूह के हृदय में गहन संवेदना एवं चिंतन का संचार किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं उत्कृष्ट संचालन, न्यायिक अनुशासन एवं प्रशासनिक दक्षता का स्पष्ट परिचायक रहा। यह आयोजन 'गंगा-जमुनी तहजीब' की उस अमूल्य परंपरा को पुनः सुदृढ़ करने में पूर्णतः सफल रहा, जो भारतीय सांस्कृतिक धरोहर की आधारशिला है। इस अवसर पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डेय, महासचिव श्री अखिलेश कुमार शर्मा सहित बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण गरिमामय उपस्थिति में सहभागी रहे। अतः उक्त आयोजन न केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति का एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ, अपितु न्याय, संस्कृति एवं समाज के मध्य समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय पहल के रूप में भी प्रतिष्ठित हुआ।

# डीएम को ब्लॉक ऑफिस में मिली खामियां लेखाकार को नोटिस,BDO-JE को निरीक्षण आख्या न देने पर लगाई फटकार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने गुरुवार दोपहर को खण्ड विकास कार्यालय हरगांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लापरवाही पर नाराजगी भी जताई लेखाकार को नोटिस दिया और BDO-JE को निरीक्षण आख्या न देने पर फटकार लगाई समाज कल्याण पटल पर पहुंचकर जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी पेंशनरों का डाटा अद्यतन रखा जाए उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को प्रत्येक चौथे रविवार को पेंशन संबंधी कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए जिससे लाभार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके लेखाकार कक्ष में क्षेत्र पंचायत की पत्रावलियों, भुगतान अभिलेखों तथा ग्रांट-1, ग्रांट-2 और ग्रांट-3 रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। इसमें कमियां पाए जाने पर लेखाकार को कड़ी फटकार लगाई गई साथ ही जेई और खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण आख्या प्रस्तुत न किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी एवं अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यों, चौराहों के विकास, ओपन जिम और पार्क सौंदर्याकरण की प्रगति की भी समीक्षा की जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उन्होंने एक शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर फीडबैक लिया, जो संतोषजनक पाया गया एन आरएलएम पटल पर स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की समीक्षा के दौरान स्पष्ट जानकारी न मिलने पर उन्होंने असंतोष जताया और कार्यों में सुधार के निर्देश दिए। वहीं मनरेगा पटल पर निर्माण कार्यों से संबंधित पत्रावलियों में फोटो और निरीक्षण आख्या न मिलने पर संबंधित सहायक लेखाकार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे!!

# दिल्ली के नंद नगरी में बैंक्वेट हॉल में लगी आग, दमकल की चार गाड़ियां मौके पर



दिल्ली के बैंक्वेट हॉल में लगी आग

**पूर्वी दिल्ली।** नंद नगरी इलाके में गगन सिनेमा के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में गुरुवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देखते ही देखते आग ने बैंक्वेट हॉल के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में धुआं फैल गया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के लोगों को मौके से दूर किया गया। दमकल कर्मियों द्वारा लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दमकल विभाग और पुलिस की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# पीडब्ल्यूडी जेई पर लापरवाही के आरोप, गड्ढों में तब्दील सड़कें, जनता परेशान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** के लखीमपुर ब्लॉक क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि सड़कों पर सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं, जिससे आम जनमानस को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों में हर समय किसी अनहोनी दुर्घटना का भय बना रहता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई विकास यादव उच्च अधिकारियों के चहेते बने हुए हैं, जिसके चलते ठेकेदारों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं, जबकि आम जनता गड्ढों से जूझने को मजबूर है।जब इस संबंध में जेई विकास यादव से जानकारी ली गई, तो उन्होंने सड़कों की स्थिति को सही बताया। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई ठेकेदार सही कार्य करता है तो उसका भुगतान रोक दिया जाता है। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आती है।आरोप है कि जानकारी लेने पर जेई साहब का व्यवहार भी ठीक नहीं रहता और वे लोगों से बेअदबी से बात करते हैं। उनका कथन 'जब लक्ष्मी जी मेहरबान, तो जेई साहब पहलवान' उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्र की जनता ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर खराब सड़कों का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# आग लगने से गेहूं की 15 बीघा खड़ी फसल जलकर राख




**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के शंकरपुर गांव के पश्चिम गुरुवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से खड़ी गेहूं के फसल में भीषण आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और खेतों में फैलती चली गई। धुएं और आग की लपटों को देख ग्रामीणो में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक लगभग 9 किसानों का करीब15 बीघा तक गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। आग लगने से शंकरपुर गांव के किसान नाजमा खातून, पत्नी निजामुद्दीन, महीबुद्दीन पुत्र मो0 बशीर, मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल रशीद,नूरुल पुत्र रशीद, अबु हरेरा पुत्र अब्दुल रशीद, रुखशाना खातून पत्नी अनार हुसैन सहित आदि किसानों की लगभग 15 बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।घटना से किसानों को भारी नुक्सान हुआ है।

# फर्जीवाड़े का खुलासा: शहर में मकान और कस्बे में कारखाना और तमाम संपत्तियां, फिर भी बनवाया कम आय का आयप्रमाणपत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** आंवला तहसील में सरकारी योजनाओं का अनुचित लाभ उठाने के लिए तथ्यों को छिपाकर बनाए गए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्लूएस के प्रमाण पत्र का भंडाफोड़ हुआ है। तहसील आंवला के ग्राम डप्टा श्यामपुर निवासी एक युवक ने शहर ब कस्बे में अपना मकान व कारखाना होने की जानकारी छिपाकर तथा अपने मूल पते में फेरबदल करके फर्जी तरीके से ईडब्लूएस प्रमाण पत्र हासिल कर BHU जैसे सरकारी संस्थान में प्रवेश ले लिया। शिकायत पर हुई उच्च स्तरीय जांच के बाद तहसीलदार आंवला ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया है।

**क्या है पूरा मामला?**

ग्राम डप्टा श्यामपुर निवासी आयुष दीक्षित पुत्र सुनील कुमार दीक्षित ने तहसील कार्यालय से ईडब्लूएस प्रमाण पत्र जारी करवाया था। इस प्रमाण पत्र के आधार पर वह आर्थिक रूप से पिछड़े , सामान्य वर्ग के लिए दस प्रतिशत आरक्षित सरकारी लाभ लेकर सरकारी विश्वविद्यालय (बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी) में प्रवेश ले लिया था।




हालांकि, मामले की भनक आकांक्षा दीक्षित को लगी, जिन्होंने साक्ष्यों के साथ इसकी शिकायत सीधे मंडलायुक्त से की।

शिकायतकर्ता में आरोप था कि आयुष दीक्षित ने जानबूझकर प्रशासन से अपनी संपत्ति का विवरण छिपाया है व मूल पते में भी फेरबदल किया है। गांव में पुश्तैनी जमीन के साथ-साथ बरेली शहर के मढ़ीनाथ जैसे पॉश इलाके में व सर्वोदय नगर में भी उनका अपना निजी मकान है। व बलिया कस्बे में भी कारखाना है। नियमानुसार, शहर व ग्रामीण क्षेत्र में निश्चित दायरे से अधिक का मकान होने पर व्यक्ति ईडब्लूएस श्रेणी के दायरे से बाहर हो जाता है।

**जांच में खुली पोल।**

मंडलायुक्त के निर्देश पर मामले की जांच तहसील प्रशासन को सौंपी गई। विभिन्न स्तरों पर राजस्व विभाग की टीम ने जब आयुष दीक्षित की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा खंगाला, तो शिकायत के तथ्य सही पाए गए। बरेली शहर में मकान व आय के अन्य श्रोत होने की बात पुख्ता होते ही हड़कंप मच गया।

**तहसीलदार की कार्रवाई**

जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार आंवला ब्रजेश कुमार वर्मा ने तत्काल प्रभाव से आयुष दीक्षित का ईडब्लूएस प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश जारी कर तुरंत प्रमाणपत्र कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तपस्यानन्द उर्फ श्याम चन्द्र कथित बाबा दयानन्द के जांच, गिरफ्तारी की मांग: डीआईजी को सौंपा पत्र




**बस्ती।** बस्ती जिले लालगंज थाना क्षेत्र के सेल्हरा निवासी तपस्यानन्द उर्फ श्याम चन्द्र पुत्र रामनारायन चौधरी ने बुधवार को डीआईजी, पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर हत्या के आरोप में सजायाफ्ता कथित बाबा दयानन्द द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों में पहचान बदलकर स्वामी संच्चिदानन्द व प्रशान्त कुमार के रूप में न्यायालय तथा प्रशासन को धोखा देने के सम्बन्ध में जांच और प्रभावी कार्यवाही की मांग किया है।

पुलिस उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में तपस्यानन्द उर्फ श्याम चन्द्र ने कहा है कि दयानन्द पुत्र सन्त कुमार मुरादाबाद जेल में उम्र कैद का सजायाफ्ता है। परन्तु उसने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल कर खुद को मृत घोषित कराकर मुकदमा से उप समिति कराकर बाहर घूम रहा है। तपस्यानन्द उर्फ श्याम चन्द्र ने कथित बाबा सच्चिदानन्द उर्फ दयानन्द उर्फ प्रशान्त कुमार निवासी सतलोक आश्रम मूडघाट बाईपास पटवा धर्मकांटा के सामने थाना कोतवाली जिला बस्ती के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर तत्काल गिरफ्तारी कराने की कृपा करें तथा अनुभवानन्द उर्फ अशोक कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी चनवापुर थाना दुबौलिया जिला बस्ती की भी खोज कराये जाने की मांग किया है।

### स्कूल चलो अभियान' का शुभारम्भ गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ला एवं जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया



**बस्ती।** बस्ती जिले केकलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ला एवं जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली को रवाना किया गया, जिसका उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है। गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, जिससे उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' का मुख्य लक्ष्य 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जाय कि एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, बीएसए अनूप तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ग्राम चौकीदार और उनके भाई के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से हुई शिकायत

**●ग्राम चौकीदार पर लगा गंभीर आरोप, पुलिस अधीक्षक से जांच कर कार्यवाही की मांग**

**ग्राम चौकीदार के खिलाफ हर्रैया पुलिस नही कर रही कोई कार्यवाही - पीड़ित**

**पुलिस अधीक्षक ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही का दिया आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवरी केग्राम चौकीदार / ग्राम प्रहरी प्रमोद कुमार पर गंभीर आरोप लगा है पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला ने ग्राम चौकीदार वह उनके भाई के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है । आपको बता दें कि पीड़ित अनिल कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामतेज शुक्ला साकिन-महादेउरी, थाना-हर्रैया, जनपद-बस्ती का निवासी है। पीड़ित पत्रकार थानाध्यक्ष हर्रैया के कार्य शैली से परेशान है पीड़ित ने आरोप लगाया कि कभी भी थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह मेरी हत्या करवा सकते है पीड़ित के गांव के चौकीदार ने दिनांक 12.02.2026 को चौकीदार के भाई वेद प्रकाश गौतम, तारक नारायन ने मिलकर पीड़ित के घर में चोरी करते पकड़े गये । वेद प्रकाश पीड़ित के बेटे आलोक को चाकू से वार कर दिया था उसके बाद पीड़ित के बेटे ने पास पड़े डंडे से चोर के सिर पर मार दिया था जिससे वे गिर पड़े थे और उनका चप्पल, तौलिया मेरे घर में ही छूट गया था जिसको थानाध्यक्ष ने बरामद कर थाने पर ले गये थे लेकिन आज तक न्यायालय में न तो भेजे और न ही पीड़ित को सूचना दिये उसके बावजूद विपक्षी प्रमोद कुमार चौकीदार, वेद प्रकाश गौतम मिलकर बार - बार मेरे दरवाजे पर लगे बांस को बांका से काट रहे तथा तोड़ते हुए गाली गुप्ता देते बोलने पर मार पीट पर आमादा हो जाते है बांका फेक द्यह पत्रकार के ऊपर प्रहार किया पत्रकार बचाई अपनी जानऔर कई बार शिकायत करने पर हर्रैया पुलिस न तो कोई कार्यवाही कर रही है और न ही कोई पुलिस दरवाजे पर जा रही हैं अर्थात हर्रैया पुलिस ग्राम चौकीदार के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे अपराधियों का हौसला बुलन्द रहा है आये दिन विवाद करते रहते है। एक पक्षीय कार्यवाही करने से तथा अपराधियों को संरक्षण के कारण पीड़ित पत्रकार हर्रैयाथानाध्यक्ष तहसील दार सिंह थाना हर्रैया के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है । उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।

## वृद्ध महिला शांति देवी हरैया थाने से नहीं मिल पाया न्याय पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**●थाना हरैया पर जाने पर भगा देते हैं दरोगा महिला शांति देवी**

**मारती है बहू सीमा मनीषा कई बार थाने पर दिया प्रार्थना पत्र कोई कार्रवाई न होने से, एसपी से की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना अध्यक्ष तहसीलदार सिंह द्वारा वृद्ध औरत को नहीं दे पा रहे न्याय पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार आरोप लगाया थाना अध्यक्षहरैया थाना क्षेत्र के बड़हर कला निवासिनी शान्ती पत्नी स्वर्गीय नन्दलाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अपनी पतोहू सीमा व मनीषा के द्वारा बार-बार मारने पीटने, प्रताडित किये जाने, फसल काटकर बेंच लेने के मामले में हरैया थाना अध्यक्ष तहसीलदार पर लगाया आरोप बहुत से पैसा लेकर मेरे प्रार्थना पत्र पर नहीं करते करवाई थाना अध्यक्ष का घिनौना चेहरा उजागर थाने से शांति देवी को न्याय न मिल पाने के कारण बस्ती पुलिस अधीक्षक सेलगाई न्याय की गुहार लगाया है। एसपी को दिये पत्र में शान्ती ने कहा है कि पति के निधन के बाद वह मकान के अलग कमरे में रहकर खुद मेहनत मजदूरी करके तथा अपनी लड़की नीलम के साथ रहकर अपना भरण पोषण कर रही है। उसने 3 बीघा जमीन लेकर गल्ले पर गेहूँ बोई थी गत 31 मार्च को अपने गांव आयी और गेहूँ देखने व कटवाने के लिए खेत पर गयी तो पता चला उसक पतोहू सीमा व मनीषा द्वारा गेहूँ व सरसों स्वयं व कम्पाइन मशीन से कटवा कर चोरी से उसको ले जाकर बेच लिया। सीमा व मनीषा द्वारा कहा जा रहा है कि तुमको यहां नहीं रहने देगें और अगर तुम फिर से खेत में कोई भी अनाज बोओगी उसे भी फिर में काट कर बेच देगें। तुम हम लोगों का कुछ नही कर पाओगी। उसने इस मामले में न्याय दिलाने की मांग किया है।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीहनुमान जन्मोत्सव

**सिद्धार्थनगर ।** उसका बाजार कस्बा के किसान इंटर कालेज पर गुरुवार को पवन पुत्र, संकटमोचन और भगवान शिव के रुद्रावतार भगवान बजरंगबली का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। विद्यालय के शिक्षक सर्वेश उपाध्याय की प्रेरणा से शिक्षक भवन में सभी शिक्षक और कर्मचारी हनुमान जी का जन्मोत्सव मानने के लिए इकट्ठा हुए। संस्कृत प्रवक्ता डॉ. सतेंद्र मिश्र ने हनुमान जी के चित्र पर पुष्प , फल, मिष्ठान आदि अर्पित कराके, शिक्षक सर्वेश उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कराया। इस अवसर पर डा सतेंद्र मिश्र ने हनुमानजी की महिमा बताते हुए कहा कि रामभक्त हनुमान को कलयुग के देवता और जल्द प्रसन्न होने वाले देवता माना गया है। हनुमानजी को भगवान शिव के 11वें अवतार माना जाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता, प्रवक्ता अशोक यादव, सुनील पाण्डेय, मनोज शर्मा, अंब्रिश मिश्र, राजेश यादव, राघवेंद्र सिंह, कैलास चंद पाठक, अशोक कुमार यादव, विजय कुमार, हृदय नारायण मिश्र, राम दरस यादव प्रभंजन सिंह, प्रमोद पाण्डेय, विरेंद्र पाण्डेय, अनिल मिश्र, राम उजागिर पाण्डेय, अविनाश वर्मा, अनिल चौबे, पवन कुमार, शिव कुमार आदि रहे।

## पीसीएस अधिकारी आशीष शुक्ला का पैतृक गांव में हुआ भव्य स्वागत

**●वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्राह्मण समाज के अगुआ तथा समाजसेवी सहित सैकड़ो लोगों ने दी बधाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के विकासखंड शुकुल बाजार अंतर्गत ग्राम पूरे शुक्लन निवासी प्रतिभाशाली युवक आशीष शुक्ला के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) परीक्षा में 41वीं रैंक प्राप्त कर वाणिज्य कर (जीएसटी) अधिकारी बनने के बाद प्रथम बार अपने पैतृक आवास आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।आशीष शुक्ला के गांव आगमन की सूचना मिलते ही शुभचिंतकों, परिजनों एवं रिश्तेदारों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लेकर कस्बा स्थित अंबेडकर चौराहा तक जगह-जगह पर लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों एवं जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहां ग्रामीणों एवं युवाओं ने उनका अभिनंदन कर गौरव की अनुभूति व्यक्त की।

इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोगों का कहना है कि आशीष शुक्ला ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस चयन से युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर अग्रसर होंगे।स्वागत समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्राह्मण समाज के अगुआ गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, समाजसेवी पीके तिवारी, शुभम शुक्ला, जमींदार सूरज शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, अजय शर्मा, राजकुमार शर्मा (कल्लू कोटेदार), पत्रकार दीपक पाठक, पत्रकार शिवांशु मिश्रा, पत्रकार दिनेश तिवारी, विनीत कुमार, संजय कौशल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर आशीष शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## हनुमान जयंती पर डीसीपी पश्चिम ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**कानपुर।** हनुमान जयंती के दृष्टिगत पनकी मंदिर क्षेत्र में डीसीपी पश्चिम श एस.एम. कासिम आबिदी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लेते हुए तैनात पुलिस बल की ड्यूटी की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान धर्मगुरुओं एवं आयोजकों से संवाद स्थापित कर शोभायात्रा/आगंतुक श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के दृष्टिगत भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

भीड़ प्रबंधन हेतु बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्गों का स्पष्ट निर्धारण एवं निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु आवश्यक डायवर्जन प्लान लागू किया जाए तथा जाम की स्थिति न उत्पन्न होने दी जाए। सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से सतत निगरानी रखी जाए। महिला सुरक्षा हेतु पर्याप्त महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

## थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र के नेतृत्व में शिवरतनगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**● 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के अन्तर्गत थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा 30 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के तेज तर्रार और ईमानदार पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महन्तू पुत्र दृगपाल निवासी जेहटा उसरहा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु शिवरतनगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाने आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जा रहा है, साथ ही साथ नशा मुक्ति अभियान को लगातार सफल बनाया जा रहा है। तथा नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखना प्रमुख उद्देश्य है।

# LPG संकट की वजह काला बाजारी तो नहीं, डीएसओ की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**●एजेंसी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान बुकिंग होने के बावजूद गैस सिलेंडर मैसेज में डिलीवर दिखा रहे हैं इसका मतलब एजेंसी कालाबाजारी कर रहा है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मे घरेलू गैस का संकट कम होने का नाम नही ले रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना उनको करना पड़ जिले के जिम्मेदार अधिकारी की मिली भगत से वितरण कंपनियां सिस्टम को फेल कर रहे हैं यहां तक बुकिंग होने के बाद भी गैस सिलेंडर डिलीवर हो जा रहा है बुकिंग होने के बाद भी एजेंसियांगैस ब्लैक मार्केटिंग कर रही है पीड़ित उपभोक्ता सिलेंडर पाने में कठिनाई हो रही है जिनके घर मे सिलेंडर ढोने वाले लोग नही हैं। शहर की दो एजेंसियों (रत्नाकर गैस एजेंसी एवं कनकबिहार गैस एजेंसी) पर शिकायतों की भरमार है। अधिकारी कहते हैं गैस की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है, यह सच है तो गैस कहां जा रही है। कहीं ऐसा तो नही दिन के उजाले मे उपभोक्ता एजेंसियों पर लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा है और रात के अंधेरे मे कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। बुकिंग के 20 दिन बाद तक सिलेंडर नही मिल रहा है। कनकबिहारी गैस एजेंसी से डोर डिलिवरी एकदम बंद कर दी गई हैं। बिना डिलिवरी हुये एलपीजी डिलिवर्ड का मैसेज मोबाइलों पर आ रहा है। एलपीजी किल्लत को लेकर कलेक्ट्रेट मे हेल्प डेस्क बनाया गया था उसका भी प्रभाव नही के बराबर है। पत्रकारों को भी सिलेंडर प्राप्त करने मे मशक्कत करनी पड़ रही है।

कुछ तो है जिसे अधिकारी जानकर भी नही बताना चाहते। एजेंसियां मनमानी पर उतारू हैं और अफसर हाथ पर हाथ धे बैठे हैं। स्थितियां सामान्य नही हैं। अधिकारियों को चाहिये कि जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराये और एजेंसियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुये कथित काले कारोबार पर रोक लगायें। पूरे प्रकरण मे जिला पूर्ति अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होने फोन उठाना या काल बैक करना उचित नहीं समझा।

# विकास कार्यों को लेकर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**●राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद अमेठी के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अमेठी में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति, नई परियोजनाओं की आवश्यकता तथा जनसमस्याओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।दया शंकर यादव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अमेठी के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने सड़कों के चौड़ीकरण एवं मरम्मत, पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवीन संसाधनों की मांग रखी। जिससे स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दया शंकर यादव की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य सभी जनपदों का समान और समग्र विकास करना है तथा अमेठी के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े सभी प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद है कि इस पहल से अमेठी में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और आम जनता को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। बताते चलें भारतीय जनता पार्टी के प्रति बेहद ही निष्ठावान एवं कार्यकर्ताओं के सुख-दुख के भागीदार पूर्व जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य दयाशंकर यादव क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा सजग रहते हैं। समय-समय पर विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी करते रहते हैं और विकास की विभिन्न योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करते रहते हैं और इसी कड़ी में क्षेत्र के विकास को लेकर सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी औपचारिक मुलाकात की।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीहनुमान जन्मोत्सव



**सिद्धार्थनगर ।** उसका बाजार कस्बा के किसान इंटर कालेज पर गुरुवार को पवन पुत्र, संकटमोचन और भगवान शिव के रुद्रावतार भगवान बजरंगबली का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। विद्यालय के शिक्षक सर्वेश उपाध्याय की प्रेरणा से शिक्षक भवन में सभी शिक्षक और कर्मचारी हनुमान जी का जन्मोत्सव मानने के लिए इकट्ठा हुए। संस्कृत प्रवक्ता डॉ. सतेंद्र मिश्र ने हनुमान जी के चित्र पर पुष्प , फल, मिष्ठान आदि अर्पित कराके, शिक्षक सर्वेश उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कराया। इस अवसर पर डा सतेंद्र मिश्र ने हनुमानजी की महिमा बताते हुए कहा कि रामभक्त हनुमान को कलयुग के देवता और जल्द प्रसन्न होने वाले देवता माना गया है। हनुमानजी को भगवान शिव के 11वें अवतार माना जाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता, प्रवक्ता अशोक यादव, सुनील पाण्डेय, मनोज शर्मा, अंब्रिश मिश्र, राजेश यादव, राघवेंद्र सिंह, कैलास चंद पाठक, अशोक कुमार यादव, विजय कुमार, हृदय नारायण मिश्र, राम दरस यादव प्रभंजन सिंह, प्रमोद पाण्डेय, विरेंद्र पाण्डेय, अनिल मिश्र, राम उजागिर पाण्डेय, अविनाश वर्मा, अनिल चौबे, पवन कुमार, शिव कुमार आदि रहे।

# लालगंज के बेलहा आईटीआई में प्रशिक्षण का संसद में गूंजा मुद्दा, प्रमोद ने दागा सवाल

**●राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने एलपीजी गैस सिलेण्डर की काला बाजारी पर पीएम पर जमकर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के लालगंज क्षेत्र के बेलहा स्थित आईटीआई में प्रशिक्षण शुरू न होने को लेकर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद में सवाल दागा है। बुधवार की देर शाम राज्यसभा में सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज तहसील के अन्तर्गत रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के बेलहा में सरकार की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की मंजूरी दी गयी। इसके तहत छः करोड़ सत्ताईस लाख इक्यावन हजार की लागत से भवन का निर्माण कराया गया। पिछले आठ वर्षो से इस संस्थान में शिक्षकों व स्टाफ की कमी से प्रशिक्षण नहीं हो रहा है। उन्होने सरकार को बताया कि इस संस्थान के छात्रों का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में कराया जा रहा है। करोड़ों रूपये की धनराशि खर्च होने के बावजूद प्रशिक्षण न होने के कारण संस्थान को खोले जाने का उन्होंने सरकार से सवाल उठाया। उन्होने सरकार से अविलम्ब लालगंज में ही शिक्षकों की नियुक्ति कर छात्रों के प्रशिक्षण का गुणवत्तापूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित कराये जाने पर जोर दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सरकार की नाकामी पर भी गुरूवार को हमला किया है। उन्होने कहा कि गैस एजेन्सियो पर लोगों की लम्बी लम्बी लाईनें एलपीजी गैस सिलेण्डर को दोगुना से लेकर तीन गुना तक ब्लैक में खरीदने की पीड़ा झेलनी पड़ रही है। उन्होने कहा कि स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि किराए के कमरो मे रहने वाले छात्र या तो एक बार खाना खा रहे हैं या फिर पैसे की कमी के कारण चार चार, पांच पांच छात्र एक साथ खाना बना रहे हैं। उन्होने कहा कि एलपीजी संकट के कारण रोजी रोटी कमाने के लिए घर छोड़कर शहरों मे आये मजदूर वापस अपने घरों को लौट रहे हैं। उन्होने कहा कि दो हजार से बाइस सौ रूपये में एक सिलेण्डर की काला बाजारी की जा रही है। उन्होने कहा कि पीएम की खामोशी के बीच असम आज लूट का बाजार बना हुआ है। सांसद प्रमोद तिवारी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के हवाले से कहा कि ईरान पर अमेरिकी हमले की कोई वजह नहीं थी।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जिस तरह से शेयर बाजार में गिरावट हो रही है उससे ऐसा लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

# हनुमानगढ़ी महावीरन धाम पर धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के विकासखंड शुकुल बाजार कस्बा स्थित अति प्राचीन एवं सिद्ध स्थल हनुमानगढ़ी महावीरन धाम पर हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

धर्म, आस्था और अटूट विश्वास के केंद्र इस प्राचीन महावीरन धाम को क्षेत्रवासियों द्वारा सर्व मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला स्थल माना जाता है। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए पहुंचने लगे, जिससे पूरे दिन मंदिर परिसर में रौनक बनी रही।कार्यक्रम के तहत मंदिर के प्रमुख पुजारी एवं भक्तगणों द्वारा विधि-विधान से भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया। विशेष पूजन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड का पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तों ने 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर महाप्रसाद का भी भव्य वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

# संक्षिप्त खबरें

## कोचिंग जा रही छात्राओं का पीछा करने वाला युवक पर केस दर्ज, इलाके में दहशत

**सरेनी रोड पर छात्राओं से छेड़खानी, पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड पर कोचिंग पढ़ने आने-जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित छात्रा के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन जब भी कोचिंग पढ़ने जाती है या लौटती है, तभी धन्नीपुर गांव निवासी अंशु रास्ते में उसका पीछा करता है। आरोप है कि वह अश्लील हरकतें करता है और लगातार परेशान करता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी अन्य छात्राओं के साथ भी इसी तरह की हरकतें करता है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## कोचिंग जा रही छात्राओं का पीछा करने वाला युवक पर केस दर्ज, इलाके में दहशत

**सरेनी रोड पर छात्राओं से छेड़खानी, पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड पर कोचिंग पढ़ने आने-जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित छात्रा के भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन जब भी कोचिंग पढ़ने जाती है या लौटती है, तभी धन्नीपुर गांव निवासी अंशु रास्ते में उसका पीछा करता है। आरोप है कि वह अश्लील हरकतें करता है और लगातार परेशान करता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी अन्य छात्राओं के साथ भी इसी तरह की हरकतें करता है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## टैक्स बार एसोसिएशन लखनऊ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**लखनऊ।** दिनांक 24.2026 को शाम 3:00 बजे छठवां तल राज्य कर भवन मीराबाई मार्ग लखनऊ पर संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्री प्रदीप कुमार सिंह सदस्य पूर्व सह अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश में निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं विशिष्ट अतिथि श्श्री जानकी शरण पांडे जी सदस्य पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए निर्वाचित सदस्यों में क्रमशः अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गुप्ता उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद दुबे महामंत्री अवध बिहारी सिंह कोषाध्यक्ष राजकुमार सोनी संयुक्त मंत्री अनुज अग्निहोत्री व संदीप शुक्ला वरिष्ठकार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार श्रीवास्तव का भूपेश प्रताप सिंह कनिष्ठ कआर्यकारिणी सदस्य पारूल शुक्ला व अरविंद कुमार सिंह ने शपथ ली इस अवसर पर काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पैदल जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**बिसवां सीतापुर** बिसवां कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में पैदल घर जा रहें व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर सेंट जेवियर स्कूल के पास उस समय हादसा हो गया, जब पैदल बिसवां से वापस लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पैदल जा रहा व्यक्त गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही गिर पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विक्रम 50 वर्ष पुत्र शिवनाथ यादव निवासी ग्राम खम्भापुरवा के रूप में हुई है।हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची बिसवां कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की जा रही है मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# मेघावी बच्चों को मेडल, ट्राफी, गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मसूद खान संवाददाता**






**तंबौर सीतापुर** कंपोजिट विद्यालय तंबौर देहात विकास क्षेत्र बेहटा जनपद सीतापुर में परीक्षाफल वितरण,कक्षा 8 के बच्चों की विदाई और वार्षिकवोत्सव का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। साथ ही साथ नवीन नामांकन पर जोर देते हुये विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस.पी.सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि नवीन नामांकन शुरू हो गये है सभी अभिभावक 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराए।सरकार के द्वारा बच्चों को डी.बी.टी.के माध्यम से दी जाने वाली 1200 रुपया निःशुल्क धनराशि के बारे में बताया और विद्यालय में गुणवत्तायुक्त पठन पाठन पर प्रकाश डाला।कक्षा एक से आठ तक सभी मेघावी प्रथम,द्वितीय,तृतीय छात्र/छात्राओं को मेडल,ट्राफी,और गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ कक्षा 8 के बच्चों की विदाई समारोह किया गया और वार्षिकवोत्सव में गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए कक्षा 8 के बच्चों को आशीर्वाद देकर विदाई दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामवती,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष आशाराम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अवध नरेश सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस. पी. सिंह सहायक अध्यापक कमलाकांत, अरविंद कुमार, रमेश चंद्र, कुलदीप दिनकर, शिक्षा मित्र आराधना सिंह अनुदेशक जीनत, मुकेश कुमार वर्मा, शराफत ग्राम वाशी, अभिभावक, रसोइया सहित कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## भागवत कथा के दूसरे दिन चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने अमृतमयी कथा सुनाकर श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**महराजगंज/रायबरेली।** अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने बताया कि, राजा परीक्षित श्रापित होने के बाद श्री सुखदेव जी महाराज के द्वारा मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का पान करते हुए अपने जीवन को सार्थक कर रहे हैं। कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने यह भी बताया कि, मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा जो की सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित को सुना रहे हैं वह पावन पुनीत कथा मानव के अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती है, और हम सब लोगों को पापों से मुक्त करती है। ऐसे ही विविध प्रसंगों पर कथा कहते हुए पंडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बख्श सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

## बिसवां में सोनार समाज महापंचायत को लेकर बैठक सम्पन्न

**बिसवां (सीतापुर)-** आगामी 11 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित होने वाली सोनार समाज की महापंचायत को सफल बनाने के उद्देश्य से आज बिसवां स्थित सनशाइन कॉन्वेंट स्कूल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष आदर्श व्यापारी एसोसिएशन राजेश सोनी एवं लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के लोगों को महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी एकता का परिचय देने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि लखनऊ के रविंद्रालय में आयोजित होने वाली इस महापंचायत में सोनार समाज की विभिन्न समस्याओं, अधिकारों एवं व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही समाज को संगठित कर मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में स्थानीय पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

## पूर्णिमा पर गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालु की मौत, परिवार में कोहराम

**लालगंज (रायबरेली)।** पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के दौरान एक श्रद्धालु की अचानक मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर जनपद के तुराब अलीनगर (सीएमओ ऑफिस के पास) निवासी जगमोहन मौर्य (45) पुत्र शिव प्रसाद अपने भतीजे के साथ गेगासो गंगा घाट पर स्नान करने आए थे। भतीजे ने बताया कि जैसे ही जगमोहन गंगा में उतरे और आचमन किया, वह अचानक औंधे मुंह गिर पड़े। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के भाई शिवमोहन मौर्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जगमोहन अविवाहित थे और बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु,भजनों पर झूम उठा पूरा गांव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छमनीखेड़ा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आस्था का गहरा रंग देखने को मिला। पांचवें दिन कथा व्यास पंडित बृजनंदन शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मार्मिक कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया तो पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमने लगे। महिलाओं और युवाओं ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया। कथा व्यास ने कहा कि जब जब धरती पर पाप और अत्याचार बढ़ता है तब भगवान स्वयं अवतार लेते हैं। कंस के अत्याचार से तीनों लोक कांप रहे थे। तब भगवान नारायण ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लेकर अधर्म का अंत किया। उन्होंने बताया कि कंस को भविष्यवाणी हुई थी कि देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा। इसी भय से उसने देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया। लेकिन भगवान ने घनघोर अंधेरी रात में जन्म लिया। उस समय पहरेदार गहरी नींद में सो गए और दिव्य चमत्कार हुआ। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। इसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और पूरे पंडाल में जयकारे गूंजने लगे। इस मौके पर आयोजक मंडल के संरक्षक केशव प्रसाद तिवारी, शिवभूषण द्विवेदी, राजेंद्र दीक्षित, सत्यम त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, मोनू दुबे, बसंत, मीनू त्रिपाठी, जया त्रिपाठी, बिन्नो दीक्षित, प्राची, रूची, चार्ली, नेहा, नंदिनी, ज्योती, आस्था, राजकुमारी, सुषमा, चांदनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मर्सी हॉस्पिटल लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल मुकाबले में एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट की टीम ने एस के प्लाईवुड की टीम को 16 रन से हराया

**● अपने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत मेन ऑफ द मैच वा मेन ऑफ द सीरीज बने नितिन वर्मा**

**सफ़ल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बधाई के पात्र हैं अम्मार नोमानी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**तम्बौर सीतापुर** गांजर इण्टर कॉलेज के मैदान पर पांच दिवसीय लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट का सफ़ल समापन किया गया। सीतापुर जिले के तंबौर कस्बे में पहली बार लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मर्सी हॉस्पिटल की तरफ़ से अम्मार नोमानी के द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया फ़ाइनल मुकाबला एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट वा एस के प्लाईवुड के बीच खेला गया जिसमें एसके प्लाईवुड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया 8 ओवर के फाइनल मुकाबले में एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट की टीम ने 119 रन बनाए जिसमें नितिन वर्मा के 44 रन तारिक सब्बू बेग के 33 रन वा अरकम बेग 21 रन बनाए एसके प्लाईवुड की तरफ़ से अहमद खान ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसके प्लाईवुड की टीम ने 8 ओवर में सिर्फ़ 103 रन ही बना पाई जिसमें अरबाज खान के 27 रन आमिर खान 17 रन , कप्तान शाहबाज खान 17 रन वा शोएब आलम जीनियस ने 15 रन बनाए जिसकी बदौलत एसके प्लाईवुड की टीम ने 8 ओवर में 103 रन बनाए और 16 से हार का सामना करना पड़ा नितिन वर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने दो ओवर के स्पेल में मात्र 20 रन देकर तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आउट किया। शाहनवाज लखनऊ ब्यूटी ने दो ओवर की गेंदबाजी में 13 रन देकर एक विकेट लिया वहीं कप्तान तारिक सब्बू बेग को एक विकेट मिला खिताब की प्रबल दावेदार रही एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट टीम को ट्राफी के साथ 30000 का नकद पुरस्कार भी दिया गया वहीं उपविजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी के साथ 15000 रूपये पुरस्कार के तौर पर दिए गए वहीं अंपायरिंग का जिम्मा संभाले सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी फहीम अय्यूबी, मुन्ना गौरी, सुल्तान टीपू, उस्मान खान, वा कॉमेंटेटर के तौर पर दिलशाद खान, शाहनवाज ब्यूटी, उस्मान गौरी जन्नत फैशन हाउस सहयोगी गढ़ मुन्ना रफी क्रिकेटर, बदरे आलम, सब्बू, शादाब टाइगर, मुन्नू पठान आदि को सम्मानित किया गया विजेता टीम के कप्तान तारिक सब्बू बेग वह उपविजेता टीम के कप्तान शाहबाज खान ने मर्सी हॉस्पिटल वा सफल टूर्नामेंट कराने के लिए अम्मार नोमानी का हृदय की गहराई से धन्यवाद दिया इस अवसर पर मर्सी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अब्दुल कवी, पूर्व चेयरमैन नसीम नेता, पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग उस्मान खान, दिलशाद खान, मशरूर अंसारी, सुल्तान सलाहुद्दीन टीपू, रिंकू आलम, आदि लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# नेशनल गर्ल्स कॉलेज में प्रबंधक सलाउद्दीन अंसारी द्वारा किया गया वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर-** पुराने सीतापुर के नेशनल गर्ल्स कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव (एनुअल फंक्शन) का भव्य आयोजन स्कूल के प्रबंधक सलाहुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम की शुरुआत नात ओर गीत के साथ की गई इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए देशभक्ति, लोक संस्कृति और आधुनिक थीम पर आधारित प्रस्तुतियां सभी को खूब पसंद आई सिंगिंग परफॉर्मेंस ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया कई छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया नाट्य प्रस्तुति ने समाजिक संदेश भी दिया कार्यक्रम में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया अभिभावक और अतिथि कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते नजर आए कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था छात्राओं की मेहनत और तैयारी साफ झलक रही थी विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इस दौरान छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी अतिथियों ने भी विजेताओं की सराहना की कार्यक्रम में आए सभी मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे संजय पुरी संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्व सुरक्षा सेवा दल ने छात्राओं को प्रेरित किया। शिवनाथ मिश्र, एडवोकेट बार एसोसिएशन सीतापुर भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की तारीफ की कार्यक्रम ने सभी को एकजुट करने का कार्य किया छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ छात्राओं के प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की यह आयोजन शिक्षा के साथ संस्कृति का सुंदर संगम बना छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का यह अच्छा अवसर रहा विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की कार्यक्रम यादगार बन गया सभी के चेहरे पर खुशी और संतोष नजर आया ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहने की उम्मीद जताई गई।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव इलाक़े में फैली सनसनी

**● आत्महत्या या हादसे की जाँच में जुटी पुलिस**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के सिधौली कोतवाली इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है युवक का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी मृतक की पहचान अक्षय कन्नौजिया (पुत्र किशोरी लाल), निवासी जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अक्षय कुछ दिन पहले अपने जीजा के घर बिसवां क्षेत्र के कन्दुनी गांव आया हुआ था गुरुवार सुबह वह घर से लखनऊ जाने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सका इसी बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। शव की हालत काफी क्षत-विक्षत बताई जा रही है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के सही कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सके पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह हादसा है या आत्महत्या सहित अन्य कारण है, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है!

## मस्जिद गिराने में आए 39 लाख 55 हजार खर्च की होगी वसूली प्रशासन ने ज़ारी किया मस्जिद कमेटी को नोटिस



सीतापुर जनपद सीतापुर में कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मस्जिद को जमींदोज किए जाने का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई के अगले चरण में पहुंच गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर 30 मार्च को तहसील प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था यह कार्रवाई पूर्व में जारी नोटिस और जांच के बाद की गई थी, जिसमें निर्माण को अवैध पाया गया था अब इस कार्रवाई में हुए खर्च की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है प्रशासन के अनुसार मस्जिद को गिराने में कुल 39.55 लाख रुपये का खर्च आया था इस संबंध में तहसील प्रशासन ने मस्जिद के मुतवल्ली (व्यवस्थापक) आलम को नोटिस जारी किया है नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त राशि 30 दिनों के भीतर जमा की जाए जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर धनराशि जमा नहीं की जाती है, तो संबंधित कमेटी के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के खिलाफ भू-राजस्व की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इसमें उनकी संपत्तियों को कुर्क करने तक की कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी!!

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनिया वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुरैनिया में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB-G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 एमएम4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20एमएम 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**प्रदीप कुमार तिवारी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरैनिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**नेहा कुशवाहा**
सचिव
ग्राम पंचायत पुरैनिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत नौव्वागांव वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नौव्वागांव में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB-G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 22/04/2026 को दिन के 2:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 एमएम 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 एमएम 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**राकेश कुमार**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नौव्वागांव
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**नेहा कुशवाहा**
सचिव
ग्राम पंचायत नौव्वागांव
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

# पीएनजी संकट की चपेट में उद्योग महंगे ईंधन और अनिश्चित भविष्य के बीच डगमगाता औद्योगिक संतुलन

मध्य प्रदेश के औद्योगिक हृदय कहे जाने वाले इंदौर में इन दिनों पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का संकट केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे आर्थिक दबाव का संकेत बनकर उभरा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है, जिसका सीधा असर स्थानीय उद्योगों पर पड़ रहा है। जो पीएनजी कभी स्वच्छ और किफायती विकल्प के रूप में उद्योगों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया था, वही अब उनके अस्तित्व के लिए चुनौती बनती दिखाई दे रही है। इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में जो स्थिति बनी है, उसने छोटे और मध्यम उद्योगों की नींव तक हिला दी है। गैस के दामों में अचानक लगभग दोगुनी वृद्धि ने उत्पादन लागत को असंतुलित कर दिया है। जो गैस पहले 50 से 55 रुपए प्रति यूनिट मिलती थी, वही अब 100 रुपए या उससे अधिक पर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही 55 प्रतिशत कोटा प्रणाली लागू होने से उद्योगों के सामने दोहरी मार पड़ी है। उत्पादन की आवश्यकताओं के अनुरूप गैस उपलब्ध नहीं हो रही, और यदि अतिरिक्त गैस ली जाती है तो उसके लिए और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ती है।

यह स्थिति विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के लिए बेहद गंभीर है। छोटे उद्योग, जिनकी पूंजी सीमित होती है और जो रोजाना के उत्पादन और बिक्री पर निर्भर रहते हैं, उनके लिए यह बढ़ी हुई लागत और सीमित आपूर्ति किसी बड़े संकट से कम नहीं है। इंदौर के सांवेर रोड, पोलोग्राउंड और लक्ष्मीबाई नगर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में सैकड़ों फैक्ट्रियां पूरी तरह पीएनजी पर निर्भर हैं। फूड प्रोसेसिंग, मिठाई, नमकीन, मेटल और फैब्रिकेशन जैसे उद्योगों की उत्पादन प्रक्रिया गैस के बिना संभव नहीं है। ऐसे में यदि आपूर्ति बाधित होती है या लागत अत्यधिक बढ़ जाती है, तो उत्पादन ठप होना स्वाभाविक है।

इस संकट का एक और चिंताजनक पहलू यह है कि यह केवल उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। उत्पादन लागत में वृद्धि का सीधा असर बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। बिस्कुट, नमकीन, मिठाइयों से लेकर धातु उत्पादों तक, हर चीज महंगी हो सकती है। अंततः इसका बोझ आम उपभोक्ता पर ही पड़ेगा। इस प्रकार यह संकट एक व्यापक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, जो महंगाई और बेरोजगारी दोनों को बढ़ावा देगा।

स्थिति को और जटिल बनाता है कंपनियों द्वारा अपनाया गया रवैया। उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सिक्योरिटी डिपॉजिट की मांग और सप्लाई काटने की चेतावनी ने उद्योगपतियों में असंतोष को जन्म दिया है। पहले से ही मंदी की मार झेल रहे व्यापारी और उद्योगपति इस अतिरिक्त वित्तीय दबाव को वहन करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या नियामक संस्थाएं और सरकार इस स्थिति पर समय रहते हस्तक्षेप करेंगी या नहीं।

हालांकि गैस आपूर्ति कंपनियों का तर्क है कि यह संकट कृत्रिम नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का परिणाम है। औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए गैस का बड़ा हिस्सा अंतरराष्ट्रीय स्पॉट मार्केट से आता है, जहां कीमतें तेजी से बदलती हैं। वर्तमान वैश्विक तनाव के कारण गैस की कीमतों में वृद्धि स्वाभाविक है, और इसी का प्रभाव उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। घरेलू और सीएनजी उपभोक्ताओं को फिलहाल इससे राहत है क्योंकि उनके लिए गैस का स्रोत मुख्यतः घरेलू उत्पादन है।

फिर भी, यह तर्क उद्योगों की तत्काल समस्याओं का समाधान नहीं करता। यदि उत्पादन घटता है या फैक्ट्रियां बंद होती हैं, तो इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। हजारों श्रमिकों की आजीविका संकट में आ सकती है। एक शहर जो अपनी औद्योगिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है, वहां आर्थिक ठहराव की स्थिति उत्पन्न होना किसी भी दृष्टि से चिंताजनक है।

वर्तमान में भले ही स्थिति नियंत्रित दिखाई दे रही हो, लेकिन भविष्य को लेकर आशंकाएं गहरी हैं। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव और बढ़ता है या युद्ध लंबा खिंचता है, तो ऊर्जा संसाधनों की कीमतों में और वृद्धि होना तय है। ऐसी स्थिति में पीएनजी के दाम 130 रुपए प्रति यूनिट या उससे अधिक तक पहुंच सकते हैं, जो अधिकांश छोटे उद्योगों के लिए असहनीय होगा। यह केवल एक आर्थिक संकट नहीं बल्कि औद्योगिक ढांचे के पुनर्गठन की आवश्यकता का संकेत भी है।

इस चुनौतीपूर्ण समय में आवश्यकता है संतुलित और दूरदर्शी नीति की। सरकार को चाहिए कि वह उद्योगों को अस्थायी राहत प्रदान करे, टैक्स में कमी पर विचार करे और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे। साथ ही गैस आपूर्ति कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे उद्योगों को स्थिर और उचित दरों पर ईंधन मिल सके। इंदौर का यह संकट एक स्थानीय समस्या भर नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के औद्योगिक परिदृश्य के लिए एक चेतावनी है। वैश्विक घटनाओं का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर कितना गहरा प्रभाव पड़ सकता है, यह इस स्थिति से स्पष्ट होता है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट और गहराता जाएगा और इसका प्रभाव केवल उद्योगों तक सीमित न रहकर पूरे समाज पर पड़ेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति के बाद भी सतर्कता बेहद जरूरी



देश की आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर बीते वर्षों में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वह निश्चित ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज किया जाएगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बार फिर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि उसकी घोषणाएं केवल आश्वासन नहीं, बल्कि संकल्प हैं जिन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकता है। कश्मीर में आतंकवाद के प्रभाव में कमी और नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई ने लंबे समय से चले आ रहे सुरक्षा संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया है। कुछ वर्ष पहले तक लाल चौक जैसे संवेदनशील स्थानों पर आम नागरिकों का बेखौफ आना-जाना भी असंभव प्रतीत होता था, लेकिन आज वहां सामान्य जीवन की वापसी एक सकारात्मक संकेत है। यह परिवर्तन केवल सैन्य कार्रवाई का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, रणनीतिक समन्वय और सुरक्षाबलों के सतत प्रयासों का समेकित प्रभाव है।

नक्सलवाद के संदर्भ में केंद्र और राज्यों के साझा प्रयासों ने निर्णायक मोड़ लाने का काम किया है। सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2026 तक इस समस्या को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया था, और इसी दिशा में लगातार अभियान चलाए गए। सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई, खुफिया तंत्र की सक्रियता और आत्मसमर्पण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन ने नक्सली संगठनों की जड़ों को कमजोर किया है। बड़ी संख्या में उग्रवादियों का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि हिंसा का रास्ता अब उनके लिए टिकाऊ विकल्प नहीं रह गया है। हालांकि, यह उपलब्धि जितनी महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण इसे बनाए रखना है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी राष्ट्र ने सुरक्षा के मोर्चे पर ढिलाई बरती है, तब अस्थिरता ने पुनः सिर उठाया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां केवल बंदूक की नोक से समाप्त नहीं होतीं; इनके पीछे वैचारिक, सामाजिक और आर्थिक कारण भी होते हैं, जिनका निरंतर समाधान आवश्यक है।

सीमा पार से सक्रिय आतंकी ताकतें भारत की स्थिरता और प्रगति को सहज रूप से स्वीकार नहीं करेंगी। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, खुफिया तंत्र की मजबूती और स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। साथ ही, विकास की धारा को उन क्षेत्रों तक पहुंचाना भी उतना ही जरूरी है, जहां कभी असंतोष ने उग्र रूप लिया था। अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि देश आज आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में एक मजबूत स्थिति में खड़ा है। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, न कि एक बार हासिल कर लेने वाली उपलब्धि। इसलिए सरकार, सुरक्षा बलों और आम नागरिकों सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शांति और स्थिरता की यह उपलब्धि स्थायी बनी रहे तभी देश वास्तव में एक सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेगा।

**अरविंद रावल**

# दायित्व बोध से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण

**अधिकार और उत्तरदायित्व एक ही सिक्के के दो पहलु।**

प्रख्यात चिंतक वाल्टेयर ने कहा था जितने अधिक अधिकार, उतनी अधिक जिम्मेदारी। यह कथन आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होता है। स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह संयम और जिम्मेदारी से संचालित हो अन्यथा वह स्वच्छंदता बनकर अराजकता को जन्म देती है। मानव सभ्यता के विकास की समूची यात्रा यदि किसी सूक्ष्म सूत्र में पिरोई जा सकती है, तो वह है,अधिकार और उत्तरदायित्व का संतुलन। यह संतुलन ही वह धुरी है, जिस पर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की संरचना और आधारशिला टिकती है। प्रख्यात चिंतक वाल्टेयर का यह कथन जितने अधिक अधिकार, उतनी अधिक जिम्मेदारी,केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का शाश्वत सिद्धांत है। आज जब आधुनिकता के प्रवाह में मनुष्य अधिकारों की नई-नई परिभाषाएँ गढ़ रहा है, तब यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या हम अपने उत्तरदायित्वों के प्रति उतने ही सजग हैं जितने अपने अधिकारों के प्रति? स्वतंत्रता का अर्थ केवल बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि वह एक अनुशासित चेतना का नाम है। जब स्वतंत्रता संयम और उत्तरदायित्व से संचालित होती है, तभी वह समाज में समरसता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है; अन्यथा वही स्वतंत्रता स्वच्छंदता बनकर अराजकता को जन्म देती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भी स्पष्ट कहा था कि कर्तव्यों के हिमालय से अधिकारों की गंगा बहती है, यह कथन इस मूल को इंगित करता है कि अधिकारों की प्राप्ति का मूल स्रोत हमारे कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन ही है।

भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला भारतीय संविधान में निहित है, जिसने नागरिकों को व्यापक मूल अधिकार प्रदान किए। यह व्यवस्था उन ऐतिहासिक विषमताओं को दूर करने के लिए थी, जिनसे समाज का एक बड़ा वर्ग पीड़ित रहा था। परंतु इसी संविधान ने मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख किया, ताकि अधिकारों का उपयोग संतुलित, मर्यादित और राष्ट्रहितकारी बना रहे। यह द्वंद्व नहीं, बल्कि द्वैत में एकता का अद्भुत उदाहरण है। हाल के वर्षों में माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया द्वारा निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देना नागरिक स्वतंत्रता की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध हुआ। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इस अधिकार के साथ यह दायित्व भी जुड़ता है कि हम अपनी स्वतंत्रता का उपयोग इस प्रकार करें कि वह दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण न करे। अधिकारों की सीमा वहीं समाप्त हो जाती है, जहाँ दूसरे के अधिकारों का क्षेत्र आरंभ होता है। आधुनिक युग में जागरूकता का विस्तार हुआ है, किंतु नैतिक अनुशासन और कर्तव्य-बोध अपेक्षित गति से विकसित नहीं हो पाए हैं। परिणामस्वरूप समाज में एक विचित्र असंतुलन दिखाई देता है।अधिकारों की माँग प्रबल है, किंतु उत्तरदायित्व के निर्वहन में शिथिलता स्पष्ट है। यही असंतुलन लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। संविधान के निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी ने चेताया था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे, तो वह भी असफल हो जाएगा। यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि किसी भी व्यवस्था की सफलता उसके नागरिकों के चरित्र और जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों को इस विश्वास के साथ चुनती है कि वे लोककल्याण की भावना से शासन करेंगे। किंतु जब जनप्रतिनिधि अधिकारों के मद में अपने उत्तरदायित्वों को विस्मृत कर देते हैं, तब शासन व्यवस्था में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और निरंकुशता का प्रवेश हो जाता है। इस संदर्भ में अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का यह कथन स्मरणीय है जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन तभी संभव है, जब जनता स्वयं अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो। प्राचीन भारतीय चिंतन में भी अधिकार और कर्तव्य के इस संतुलन को अत्यंत महत्व दिया गया है। ऐतिहासिक चिंतक कौटिल्य ने अपने ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' में स्पष्ट कहा है कि जिस राज्य की प्रजा कष्ट में हो, वहाँ शासक का वैभव नैतिक रूप से अनुचित है। यह विचार शासन और समाज के बीच उत्तरदायित्व की गहरी कड़ी को उजागर करता है।

सार्वजनिक जीवन में भी यह सिद्धांत समान रूप से लागू होता है। स्वच्छ सड़कें, शुद्ध जल, सुरक्षित वातावरण

ये सभी हमारे अधिकार हैं, किंतु इन्हें बनाए रखना हमारा दायित्व भी है। पर्यावरण संकट इसका ज्वलंत उदाहरण है। दलाई लामा जी ने कहा है कि यह पृथ्वी हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली, बल्कि हमने इसे अपने बच्चों से उधार लिया है। यदि हम इस उधार को संजोकर नहीं रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। आज मूल जरूरत इस बात की है कि हम अधिकार और उत्तरदायित्व के बीच कृत्रिम विभाजन को समाप्त करें और उन्हें एक समग्र दृष्टि से देखें। ये दोनों विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री हैं,एक के बिना दूसरा अधूरा है। जब व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जितना सजग होता है, उतना ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी हो जाता है, तभी समाज में संतुलन और समरसता स्थापित होती है।

राष्ट्रनिर्माण केवल सरकारों या नीतियों का परिणाम नहीं होता, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे प्रयासों से निर्मित होता है। एक ईमानदार करदाता, एक सजग मतदाता, एक जिम्मेदार नागरिक,ये सभी राष्ट्र की नींव को मजबूत करते हैं। स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान आज भी उतना ही प्रासंगिक है उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। यह लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता का नहीं, बल्कि एक सशक्त, समृद्ध और नैतिक राष्ट्र के निर्माण का है। अतः यह स्पष्ट है कि अधिकार और उत्तरदायित्व एक ही सिक्के के दो पहलू हैं,अविभाज्य, अपरिहार्य और परस्पर पूरक। यदि हम केवल अधिकारों की माँग करेंगे और कर्तव्यों की उपेक्षा करेंगे, तो लोकतंत्र का स्वरूप विकृत हो जाएगा। किंतु यदि हम इन दोनों के बीच संतुलन स्थापित कर पाए, तो न केवल लोकतंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि राष्ट्र भी उन्नति के शिखर पर पहुँचेगा। समय की पुकार यही है कि हम अपने भीतर उत्तरदायित्व की उस ज्योति को प्रज्वलित करें, जो अधिकारों को प्रकाशमान करती है। यही सच्चा राष्ट्र-चिंतन है, यही लोकतंत्र की आत्मा है और यही भविष्य का पथ भी।

**संजीव ठाकुर**

# एआई का उदय, इंसानों का पतनः ऑरेकल से शुरू हुई खामोश क्रांति

**[ कॉर्पोरेट दुनिया का नया सचः इंसान खर्च है, मशीन निवेश ]**

**[ टुडे इज़ योर लास्ट वर्किंग डे — एआई युग का सबसे निर्मम वाक्य ]**

जिस दिन तलवारें चलती हैं, लोग चीख उठते हैं। जिस दिन गोलियां बरसती हैं, दुनिया उसे सुर्खियां बना देती है। लेकिन जब किसी देश के बारह हजार सपनों को खामोशी में दफना दिया जाए, तब कोई शोर नहीं उठता। न सायरन बजता है, न सड़कें रुकती हैं। बस मोबाइल स्क्रीन जलती है, इनबॉक्स खुलता है और कुछ ठंडे शब्द मेहनत, भरोसे और भविष्य को एक पल में राख कर देते हैं–टुडे इज़ योर लास्ट वर्किंग डे। ऑरेकल ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों को एक झटके में बाहर कर दिया। 31 मार्च 2026 की सुबह ठीक छह बजे बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के हजारों घरों में उस सुबह चाय के कप हाथों में ही ठहर गए। जो लोग रात तक खुद को सुरक्षित मान रहे थे, वे सुबह बेरोज़गार थे। यह सिर्फ नौकरी जाने की घटना नहीं थी। यह उस नए दौर का ऐलान था, जिसमें मशीनें आगे बढ़ रही हैं और इंसान पीछे धकेले जा रहे हैं।

ऑरेकल की भारत में कुल कार्यशक्ति लगभग 30,000 थी। उनमें से 40 प्रतिशत से अधिक लोगों को हटाना किसी सामान्य पुनर्गठन का हिस्सा नहीं कहा जा सकता। इसके पीछे साफ आर्थिक गणित है। कंपनी इस समय एआई आधारित डेटा सेंटर, क्लाउड ऑटोमेशन और जेनरेटिव सिस्टम्स पर लगभग 156 अरब डॉलर लगा रही है। इतनी बड़ी पूंजी जुटाने का सबसे आसान रास्ता लागत घटाना है, और वैश्विक कंपनियों के लिए भारत हमेशा सबसे सस्ता, सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला श्रम बाजार रहा है। इसलिए अमेरिका या यूरोप की तुलना में भारत में छंटनी करना उन्हें कम महंगा पड़ता है। यानी जिन भारतीय इंजीनियरों ने वर्षों तक कंपनी के लिए अरबों डॉलर कमाए, वही सबसे पहले बलि चढ़ गए।

इस छंटनी की सबसे बड़ी वजह केवल लागत घटाना नहीं, बल्कि तकनीक का बदलता चेहरा भी है। पहले एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए सैकड़ों इंजीनियरों की जरूरत होती थी। कोई कोड लिखता था, कोई टेस्टिंग करता था, कोई डेटाबेस संभालता था, कोई रिपोर्ट बनाता था। कंपनी अब एआई डेटा सेंटर और क्लाउड ऑटोमेशन पर भारी निवेश कर रही है, जिससे कई दोहराए जाने वाले और रूटीन कार्यों में कम लोगों की जरूरत पड़ रही है। जेनरेटिव एआई कोड लिखने, टेस्टिंग और रिपोर्टिंग जैसे कामों को तेज़ कर रहा है, लेकिन छंटनी का मुख्य कारण विशाल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च के लिए कैश फ्लो जुटाना है। यही वजह है कि ऑरेकल जैसी कंपनियां कर्मचारियों को खर्च और एआई को निवेश मानने लगी हैं।

इन आंकड़ों के पीछे दबी सच्चाई कहीं अधिक भयावह और निर्मम है। बारह हजार कर्मचारियों की छंटनी केवल एक आंकड़ा नहीं, बारह हजार परिवारों पर टूटा हुआ संकट है। किसी ने हाल ही में घर खरीदा था और हर महीने भारी ईएमआई देनी थी। किसी के बच्चे का दाखिला बड़े स्कूल में हुआ था। कोई बूढ़े माता-पिता की दवाइयों और इलाज का सहारा था। पुणे का एक इंजीनियर, जो दस साल से कंपनी में था, सुबह रोज़ की तरह लॉग-इन करने बैठा, लेकिन उसका सिस्टम एक्सेस बंद था। कुछ ही मिनटों में उसे समझ आ गया कि जिस कंपनी को उसने अपनी जवानी और मेहनत दी, उसी ने उसे एक ईमेल में खत्म कर दिया।

कॉर्पोरेट दुनिया में वफादारी की कीमत अब शायद एक पासवर्ड से भी कम रह गई है।सबसे खतरनाक बात यह है कि यह पूरी तबाही लगभग खामोशी में हुई। न सड़कों पर प्रदर्शन हुआ, न बड़ी बहस, न टीवी चैनलों पर लगातार चर्चा। लोग चुपचाप अपना रिज्यूमे अपडेट करते रहे, लिंक्डइन पर 'ओपन टू वर्क' लिखते रहे और परिवार से छिपाते रहे कि उनकी दुनिया बदल चुकी है। यही वजह है कि इसे साइलेंट टेक रिवोल्यूशन कहा जा रहा है। यह ऐसी क्रांति नहीं है जिसमें कारखाने बंद दिखें या भीड़ सड़क पर उतर आए। यह वह क्रांति है जो बंद कमरे में, लैपटॉप स्क्रीन पर और एक क्लिक के साथ इंसान को सिस्टम से बाहर कर देती है। बाहर सब सामान्य दिखता है, लेकिन भीतर हजारों ज़िंदगियां टूट रही होती हैं।

यह सिर्फ ऑरेकल की कहानी नहीं है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और दूसरी बड़ी टेक कंपनियां भी तेजी से उसी दिशा में बढ़ रही हैं। वे लगातार ऐसे एआई सिस्टम बना रही हैं जो इंसानों का काम घटा सकें। भारत की आईटी इंडस्ट्री वर्षों से आउटसोर्सिंग मॉडल पर टिकी रही। विदेशी कंपनियां यहां इसलिए आईं क्योंकि भारतीय इंजीनियर कम पैसे में ज्यादा काम करते थे। लेकिन अब वही कंपनियां मशीनों को भारतीय इंजीनियरों से भी सस्ता और तेज़ मानने लगी हैं। भारत हर साल लाखों इंजीनियर तैयार करता है, लेकिन उनमें से अधिकतर को वही कौशल सिखाए जाते हैं जो आसानी से ऑटोमेट हो सकते हैं। अगर शिक्षा और उद्योग का यही मॉडल चलता रहा, तो आने वाले वर्षों में डिग्रियां बढ़ेंगी, लेकिन नौकरियां घटती जाएंगी।

यही वह क्षण है जब भारत को अपनी सोच बदलनी होगी। हमें सिर्फ कोड लिखने वाले तकनीकी मजदूर नहीं, तकनीक बनाने वाला राष्ट्र बनना होगा। अगर भारतीय युवा केवल पुराने सॉफ्टवेयर और दोहराए जाने वाले काम सीखते रहेंगे, तो एआई उन्हें धीरे-धीरे अप्रासंगिक बना देगा। लेकिन अगर वही युवा मशीन लर्निंग, एआई रिसर्च, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, चिप डिजाइन और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ें तो वे इस बदलाव के शिकार नहीं, उसके निर्माता बन सकते हैं। सरकार को भी केवल 'स्किल इंडिया' का नारा नहीं देना चाहिए। अब समय 'एआई इंडिया' की वास्तविक नीति बनाने का है, जिसमें कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों को पूरी तरह बदला जाए।

ऑरेकल की यह छंटनी एक कठोर लेकिन जरूरी सच सामने लाती है–भविष्य में नौकरी नहीं, केवल कौशल सुरक्षित होंगे। अब किसी कंपनी के साथ वर्षों की वफादारी आपको नहीं बचा सकती। आपको हर कुछ वर्षों में खुद को बदलना होगा, नई तकनीक सीखनी होगी और मशीन से आगे सोचने की क्षमता बनानी होगी। बारह हजार सपनों का यह डिजिटल कत्लेआम सिर्फ एक खबर नहीं, आने वाले समय की चेतावनी है। अगर भारत ने इस चेतावनी को नहीं समझा, तो अगली बार संख्या और बड़ी हो सकती है। लेकिन अगर हम इस दर्द को सबक बना लें, तो वही भारत, जिसे आज एआई से डराया जा रहा है, कल एआई की दुनिया का नेतृत्व कर सकता है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# भारत की 16वीं जनगणनाः एक व्यापक सांख्यिकीय और सामाजिक विश्लेषण

भारत जैसे विशाल और भौगोलिक विविधताओं से परिपूर्ण राष्ट्र में जनगणना को केवल जनसंख्या की गणना करने वाली एक यांत्रिक प्रशासनिक प्रक्रिया मान लेना इसकी महत्ता को कम करके आंकने जैसा होगा। वास्तव में, यह राष्ट्र-निर्माण की वह अदृश्य परंतु अत्यंत सुदृढ़ नींव है, जिस पर भविष्य के भारत की नीतियों, योजनाओं और विकास के सपनों की इमारत खड़ी होती है। यह एक ऐसा दर्पण है जिसमें देश अपनी वर्तमान स्थिति को देखता है और अपनी कमियों को पहचानकर सुधार के मार्ग प्रशस्त करता है। भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना रहा है, लेकिन आगामी जनगणना 2026-27 अपने आप में कई अर्थों में असाधारण और युगांतकारी सिद्ध होने वाली है। यह न केवल देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है, बल्कि यह एक लंबे अंतराल और वैश्विक महामारी के बाद बदली हुई परिस्थितियों में आयोजित की जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से सरकार को यह प्रमाणिक जानकारी प्राप्त होती है कि देश की जनसंख्या का वास्तविक वितरण क्या है, लोग किन सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं और उनकी शैक्षिक योग्यता के स्तर क्या हैं। यही कारण है कि इसे किसी भी विकसित समाज की योजना निर्माण प्रक्रिया की 'रीढ़' कहा जाता है।

इस जनगणना की समयरेखा को देखें तो यह अप्रैल 2026 से शुरू होकर मार्च 2027 तक चलेगी, जो दो चरणों में विभाजित है। प्रथम चरण में, जो अप्रैल से सितंबर 2026 तक संचालित होगा, 'मकान सूचीकरण' और 'आवास गणना' पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस दौरान देश के हर कोने में स्थित घरों की स्थिति, उनमें उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और लोगों के रहन-सहन के स्तर का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके उपरांत, फरवरी 2027 में दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण शुरू होगा, जिसमें जनसंख्या की वास्तविक गणना की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया अपने आप में प्रशासनिक कुशलता की एक कठिन परीक्षा की तरह है, क्योंकि इसमें करोड़ों लोगों के जीवन के सूक्ष्म पहलुओं को संग्रहित करना होता है। इस बार की जनगणना की सबसे क्रांतिकारी विशेषता इसका पूर्णतः डिजिटल होना है। आधुनिक भारत की बदलती तस्वीर को देखते हुए सरकार ने कागज-रहित जनगणना का जो निर्णय लिया है, वह प्रशासनिक दक्षता में एक लंबी छलांग है। मोबाइल एप, ऑनलाइन पोर्टल और अत्याधुनिक डेटा संग्रहण प्रणालियों के उपयोग से न केवल जानकारी एकत्र करने की गति बढ़ेगी, बल्कि मानवीय त्रुटियों की संभावना भी न्यूनतम हो जाएगी। डिजिटल माध्यम से डेटा का संग्रह होने के कारण रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी, जिससे उच्चाधिकारी फील्ड में हो रहे काम की पल-पल की जानकारी रख सकेंगे।

डिजिटल तकनीक के समावेश का एक अन्य लाभ यह भी है कि इसमें जियो-टैगिंग और क्लाउड आधारित डेटा संग्रहण जैसी विधाओं का उपयोग किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी क्षेत्र गणना से छूट न जाए और न ही किसी व्यक्ति की जानकारी का दोहराव हो। यह पारदर्शिता और सटीकता आधुनिक लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त है। इस तकनीकी बदलाव के साथ ही 'सेल्फ-एनुमरेशन' यानी 'स्व-गणना' की सुविधा भी इस बार एक बड़ा आकर्षण है। इसके अंतर्गत शिक्षित और जागरूक नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह न केवल गणना कर्मियों के बोझ को कम करेगा, बल्कि नागरिकों में शासन की प्रक्रिया के प्रति भागीदारी का भाव भी जगाएगा। यह कदम दर्शाता है कि हम एक ऐसे डिजिटल समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ सरकार और नागरिक एक-दूसरे के पूरक के रूप में कार्य कर रहे हैं। अक्सर लोगों के मन में जनगणना को लेकर यह संशय रहता है कि उन्हें कई तरह के दस्तावेज़ दिखाने होंगे, लेकिन इस बार सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। यह नीति नागरिकों के मन से भय को दूर करने और उन्हें




सहजता से जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने की एक सराहनीय पहल है।

जनगणना 2026-27 का एक अत्यंत संवेदनशील और चर्चा का विषय जातिगत आंकड़ों का संग्रहण है। लगभग एक शताब्दी के बाद, यानी 1931 के बाद पहली बार, भारत अपनी सभी जातियों का व्यवस्थित डेटा एकत्र करने जा रहा है। भारतीय समाज की जटिलताओं को देखते हुए यह कदम सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है। जब तक हमारे पास विभिन्न वर्गों और जातियों की सटीक सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े नहीं होंगे, तब तक समावेशी विकास का लक्ष्य केवल एक नारा बनकर रह जाएगा। जातिगत आंकड़ों के माध्यम से यह स्पष्ट हो पाएगा कि कौन से समुदाय विकास की दौड़ में पीछे छूट गए हैं और किन क्षेत्रों में विशेष हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह आंकड़े सरकार को आरक्षण, छात्रवृत्ति और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में अधिक तार्किक और न्यायसंगत निर्णय लेने में सक्षम बनाएंगे। सामाजिक न्याय केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि हाशिए पर खड़े अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में शामिल करना है, और इसके लिए सटीक आंकड़ों से बेहतर कोई मार्गदर्शक नहीं हो सकता।

जनगणना के माध्यम से एकत्र किए गए ये आंकड़े केवल निर्जीव अंक नहीं होते, बल्कि ये भविष्य के भारत का मानचित्र तैयार करते हैं। किसी क्षेत्र में कितने नए स्कूलों की आवश्यकता है, कहाँ नए अस्पतालों का निर्माण होना चाहिए, और किन ग्रामीण इलाकों में पेयजल एवं सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है इन सबका उत्तर जनगणना के डेटा में ही छिपा होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन तभी संभव है जब हमारे पास जनसंख्या के घनत्व और उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की जानकारी हो। उदाहरण के लिए, यदि आंकड़ों से यह पता चलता है कि किसी विशेष क्षेत्र में युवाओं की संख्या अधिक है, तो सरकार वहाँ कौशल विकास केंद्रों और रोजगार के अवसरों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इसी प्रकार, बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और पेंशन योजनाओं के बजट का आकलन किया जा सकता है। यह प्रक्रिया संसाधनों के अपव्यय को रोकती है और उन्हें वहां पहुँचाती है जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

इस विशाल अभियान की सफलता पूरी तरह से नागरिकों की सक्रिय और ईमानदार भागीदारी पर टिकी है। जनगणना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक का एक पवित्र दायित्व है। जब एक नागरिक अपनी जानकारी सही और स्पष्ट रूप से दर्ज कराता है, तो वह अनजाने में ही अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य की नींव रख रहा होता है। यदि जानकारी में त्रुटि होती है, तो उसके आधार पर बनने वाली योजनाएं भी त्रुटिपूर्ण हो जाती हैं, जिसका खामियाजा समाज को भुगतना पड़ता है। इसलिए, यह आवश्यक है कि समाज का प्रत्येक वर्ग, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, शिक्षित हो या श्रमिक, इस अभियान को अपना समझकर इसमें सहयोग करे। राष्ट्र-निर्माण का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा करना ही नहीं है, बल्कि देश की वास्तविक तस्वीर को स्पष्ट करने में सहयोग देना भी है। समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा देने के लिए भी जनगणना एक सशक्त माध्यम है। जब संसाधनों का वितरण न्यायसंगत होता है, तो समाज में असंतोष कम होता है और राष्ट्र की अखंडता मजबूत होती है।

आधुनिक युग में डेटा को 'नया तेल' कहा जाता है, और जब यह डेटा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों के साथ जुड़ता है, तो इसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। डिजिटल जनगणना के माध्यम से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण करके सरकार भविष्य की चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सकेगी। बदलती जलवायु, शहरीकरण की तीव्र गति और बदलते जनसांख्यिकीय लाभांश के इस दौर में हमें ऐसी ही सूक्ष्म और सटीक जानकारी की आवश्यकता है। यह जनगणना न केवल भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक स्वरूप का एक व्यापक चित्र प्रस्तुत करेगी, बल्कि यह वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का भी प्रमाण बनेगी। अंततः, 2026-27 की यह जनगणना भारत के लिए केवल एक गणना नहीं, बल्कि एक 'संकल्प यात्रा' है। यह संकल्प है एक ऐसे भारत के निर्माण का, जहाँ विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, जहाँ योजनाएँ कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर प्रभावी हों, और जहाँ हर नागरिक की पहचान और उसकी आवश्यकता को सम्मान मिले। यदि यह प्रक्रिया अपनी पूर्ण गरिमा और सटीकता के साथ संपन्न होती है, तो आने वाले दशकों में भारत एक सशक्त, समृद्ध और समावेशी राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी नई पहचान दर्ज कराएगा। यह वह ऐतिहासिक अवसर है जहाँ तकनीक, प्रशासन और जन-भागीदारी का त्रिवेणी संगम भारत के स्वर्णिम भविष्य की पटकथा लिखेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार किसान को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत



**सहजनवां/गोरखपुर-** सहजनवां तहसील क्षेत्र के पाली इलाके में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जासूलीपर गांव के पास सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नचनी गांव निवासी 60 वर्षीय चाददेव पुत्र लहरी गेहूं की कटाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर देखने गए थे। काम देखने के बाद वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक ईंट-भट्ठे के पास अचानक एक तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे और तहसीलदार सहजनवां भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के परिजनों में घटना के बाद कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

### वर्षो से खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप, शुद्ध पेयजल की संकट



**हैंडपंप खराब होने से दर्जनों परिवार दूर-दराज के हैंडपंपों या असुरक्षित जल स्त्रोतों पर हुए निर्भर**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरहिया टोला घोड़ाहिया में सरकारी उपेक्षा के चलते कन्हई भारती के घर के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले कई वर्षों से सफेद हाथी साबित हो रहा है, जिससे इस गर्मी में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लगभग पांच वर्ष पूर्व इस हैंडपंप को ग्रामीणों की सहूलियत के लिए धंसाया गया था। स्थापना के कुछ दिनों तक तो शुद्ध पानी मिला लेकिन जल्द ही तकनीकी खराबी के कारण हैंडपंप बंद हो गया। तब से लेकर आज तक यह हैंडपंप मरम्मत की बाट जोह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। हैंडपंप ठीक न होने से टोले के दर्जनों परिवारों को शुद्ध पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों या असुरक्षित जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराने या नया हैंडपंप लगवाने की मांग की है ताकि उन्हें पेयजल संकट से निजात मिल सके। इस संबंध में एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने कहा कि हैंडपंप की तकनीकी खराबी की जांच कराकर जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर ।** त्रिलोकपुर थाने की मिशन शक्ति पुलिस टीम ने गुरुवार को थानाक्षेत्र के बघमरवा गांव में महिला अपराधों की रोकथाम नए कानूनों और साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पान्डेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में टीम ने मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण,एंटी रोमियो अभियान और साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।ग्रमीणो को बताया गया कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या आपात स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,सीएम सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,,रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष आदि की जानकारी दी गई।इस दौरान उप नि0शिवनारायण सिंह,उप नि0तालीमुद्दीन खान, का0हरीश कुमार, का0शहजाद, महिला कांस्टेबल प्रीति आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती पर गोरखपुर के खजनी क्षेत्र में भक्ति की बयार, जगह-जगह भंडारे व सुंदरकांड पाठ का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के खजनी क्षेत्र में हनुमान जयंती का पर्व इस बार पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगर पंचायत उनवल सहित कई स्थानों पर भंडारे, पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर लोगों ने बजरंगबली के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरे दिन क्षेत्र में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल गूंजता रहा। नगर पंचायत उनवल में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां नगर अध्यक्ष महेश दुबे ने जनसमूह के साथ विधिवत आरती-पूजा की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान हनुमान की महिमा का वर्णन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं सतुआभार में भाजपा नेता हरिधर दुबे उर्फ़ बेचई के नेतृत्व दर्जनों के संख्या में उपस्थित युवाओ ने पूजा पाठ कर मिठाईयां बांटी , हरनही क्षेत्र के पल्हाइपार स्थित हनुमान मंदिर एवं रामजानकी मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। हरनही हनुमान मंदिर पर पूरे दिन भंडारा चलता रहा, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसी क्रम में नगर पंचायत उनवल में अवधेश मिश्रा के नेतृत्व में हनुमान मंदिर पर लड्डू वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में लड्डू वितरित किए गए, जिसे पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हनुमान जयंती के अवसर पर कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ पाठ में भाग लिया और भगवान राम तथा हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। पूरे खजनी क्षेत्र में हनुमान जयंती का यह पर्व सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का संदेश देता नजर आया। लोगों ने मिलजुल कर इस पर्व को मनाया और एक-दूसरे को प्रसाद वितरित कर भाईचारे की मिसाल पेश की।

## अज्ञात कारणो से गेहूं के खड़ी फसल में लगी आग

**10 कट्ठा खेत जलकर हुआ राख**

रामलक्षन देवरिया तहसील क्षेत्र के शिवपुरी करिहवा में गुरुवार के दोपहर लगभग 1:30 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं के खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका । तहसील क्षेत्र के शिवपुरी करिहवा निवासी बबन विश्वकर्मा पुत्र बेचू विश्वकर्मा व सोनमती पत्नी राधेश्याम गुरुवार 1:30 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई दोनों किसानों का पांच पांच कट्ठा कुल 10 कट्ठा खेत जलकर राख हो गया ।गांव वालों हरे पेड़ के टहनियों के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । आग लगने की सूचना पर रामलक्षन पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## गाली-गलौज एवं धमकी देने का वीडियो हुआ वायरल, सभासद की तहरीर पर तीनलोगों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर –** नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 18 के सभासद श्रवण कुमार वर्मा उर्फ सोनू को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया था। प्राप्त विवरण के अनुसार सभासद श्रवण कुमार वर्मा द्वारा गोला थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि वार्ड नंबर 18 स्थित ईदगाह के पीछे गली में नाली पर पटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान सरोज आलम उर्फ मुन्ना हाशमी, दानिश तथा जाने आलम निवासी वार्ड नंबर 18 मौके पर पहुंचकर सरकारी कार्य में बाधा डालने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने सभासद के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो मोहल्ले के लोगों द्वारा बनाया गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सभासद ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सरोज आलम उर्फ मुन्ना हाशमी, दानिश और जाने आलम के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351(3) और 132 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच हो रही है।

## शॉर्ट सर्किट से 15 एकड़ गेहूं की फसल राख, चार आशियाने जले

**● हल्का लेखपाल शशांक शेखर तिवारी ने मौके पर पहुंचकर क्षति का किया आकलन, तहसील प्रशासन को सौंपी रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र में गुरुवार को आग ने जमकर तबाही मचाई। क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में जहां दर्जनों किसानों की 15 एकड़ से ज्यादा गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई तो वहीं चार गरीब परिवारों के आशियाने भी उजड़ गए। इन हादसों में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे उपचार के लिए रतनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगरनाथपुर टोला पंडितपुर। स्थित सिवान में गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे बिजली की चिंगारी काल बन गई। ग्रामीण बलिराम के खेत में लगे 11 हजार वोल्ट के विद्युत पोल के जम्फर में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने सूखी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। पछुआ हवाओं के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और बेदी व जगदीश की एक-एक एकड़ गेहूं की फसल सहित मलहू, वकील, आरिफ, अकबर, महेंद्र, शिवकुमार, विश्वनाथ, गौरीशंकर, अमीरका, फेकनी, शेष्मान, धर्मेंद्र, अनिल, त्रिलोकी, चंद्रबली, रामदास, मुर्तुजा, रज्जाक, मेहताब, आफताब, सबरून निशा, गणेश, उमेश, सुगीया व सुदामा सहित दर्जनों किसानों के करीब 15 एकड़ से ज्यादा फसल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसानों ने आरोप लगाया है कि सूचना के बावजूद दमकल विभाग की गाड़ी काफी देर से पहुंची। साथ ही दमकल वाहन को खेत में उतारने से भी मना कर दिया, जिससे भारी नुकसान हुआ है।

वहीं परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में चूल्हे की राख से निकली चिंगारी ने भीषण रूप ले लिया। बैकुंठपुर उर्फ बोदवार के एक झोपड़ीनुमा मकान में गुरुवार की सुबह खाना बना था, जिसकी राख से निकली चिंगारी ने दोपहर में आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने गांव निवासी रामअवध, पियारे, मंगरु और विगई के मकानों को अपनी आगोश में ले लिया, जिससे घर में रखा अनाज, कपड़ा, बिस्तर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान आग बुझाने की कोशिश में मंगरु की पत्नी का हाथ झुलस गया, जिनका इलाज रतनपुर सीएचसी में कराया गया है। सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल शशांक शेखर तिवारी ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है। दोनों ही घटनाओं के बाद प्रभावित गांवों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दर्जनों परिवारों का निवाला और आशियाना छिन चुका था। अब पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजे की गुहार लगाई है। इस संबंध में हल्का लेखपाल शशांक शेखर तिवारी ने बताया कि मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया गया है ऐसे में रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

## किसानों को लाभ दिलाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री का व्यापक अभियान किया गया शुरू

**● कृषक बन्धुओं का फार्मर रजिस्ट्री अप्रैल 2026 तक पूर्ण न होने पर किसान सम्मान निधि और अन्य कृषि संबंधी योजनाओं का नही मिलेगा लाभ-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। जिससे किसान विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक पात्र किसान को किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समय सीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए, साथ ही, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। जिन कृषक बन्धुओं का फार्मर रजिस्ट्री अप्रैल 2026 तक पूरा नहीं होगा, उन्हें किसान सम्मान निधि और अन्य कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

## भीषण अग्निकांडः 50 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक, किसानों में मचा हाहाकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां, गोरखपुर।** तहसील क्षेत्र के रामपुर गड़थौली टोला लरबरी सीवान में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे अचानक गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेतों में लहराती सुनहरी फसल चंद मिनटों में धू-धू कर जलने लगी। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। गांव के लोग ट्रैक्टर, पंपिंग सेट और अन्य संसाधनों के सहारे आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तेज हवा और सूखी फसल के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। हालात इतने भयावह हो गए कि कई लोग लपटों के पास जाने का साहस तक नहीं जुटा पा रहे थे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

इस अग्निकांड में राम दवन, सुभाष गुप्ता, रामजीत, राजेंद्र सिंह, कलावती, शिला, सुक्खू, रामहित, सुरेंद्र, रामवृक्ष समेत कई किसानों की करीब 50 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। मेहनत और उम्मीदों से लहलहाती फसल के यूं बर्बाद हो जाने से किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजा जा रहा है, जो नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जरा सी लापरवाही या अज्ञात कारण भी किसानों की साल भर की मेहनत को पलभर में तबाह कर सकता है।

## अंकपत्र पाकर खिले बच्चों के चेहर



**सिद्धार्थनगर ।** उसका बाजार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय उंटापार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरौली कोठी में गुरुवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया । इस दौरान छात्र-छात्राओं को अंकपत्र भी वितरित किया गया । अंकपत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, प्रधानाध्यापक प्रदीप जायसवाल एवं शैलेश सहानी ने परीक्षाफल वितरित करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य का कामना की । वही कक्षा आठ की छात्राओं का स्कूल से विदाई का कार्यक्रम भी रखा गया छात्राएं जाते समय भावुक हो गई वही शिक्षक हिमांशु उपाध्याय ने बच्चियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होती है उसके लिए बच्चियों का मदद करेंगे और उज्ज्वल भविष्य का शुभकामना दिया।

## सेमरी विद्यालय में गूंजा 'स्कूल चलो अभियान', वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के पीएमश्री स्कूल सेमरी, में वार्षिकोत्सव का भव्य, आकर्षक एवं अत्यंत उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया, ।जिसमें शिक्षा, संस्कार एवं सांस्कृतिक समन्वय का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकगणों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी सफल एवं यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत नव प्रवेशी बच्चों का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों को मुकुट पहनाकर एवं रोरी-टीका लगाकर विद्यालय परिवार में सम्मानपूर्वक शामिल किया गया। इस भावपूर्ण दृश्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और विद्यालय के स्नेहमय वातावरण को प्रदर्शित किया।

इसी क्रम में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह, अनुशासन एवं ऊर्जा देखते ही बन रही थी, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें शैक्षिक उत्कृष्टता, खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा का संचार हुआ।

साथ ही सभी विद्यार्थियों को वार्षिक अंकपत्र एवं नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए नए सत्र की नई ऊर्जा और नई उम्मीदों का प्रतीक बना। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी गगहा डॉ0 प्रदीप शर्मा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली एवं बच्चों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अभिभावकों एवं विद्यालय के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करते हैं।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गगहा के अध्यक्ष एवं जिला प्रचार मंत्री डॉ0 सुमंत सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का पारंपरिक स्वागत एवं 'स्कूल चलो अभियान' के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभा सम्मान प्राप्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकगणों के समर्पण एवं विद्यालय परिवार के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक मनोज कुमार मिश्र ने कार्यक्रम का सफल संचालन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया, जिसमें प्रत्येक गतिविधि सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुई। विद्यालय के सहायक अध्यापक रामसिंह, गुलाब, अशोक कुमार चौहान, प्रिन्स के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं टीम वर्क के कारण यह आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

इस गरिमामयी अवसर पर ब्लॉक मंत्री श्री हामिद अली, राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सादिक अली, पूर्व संकुल प्रभारी महेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, ओंकारनाथ तिवारी एवं पुष्पराज दुबे सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

## भव्य आयोजन के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, जयकारों से गूंजा पूरा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीश्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसे हरि शर्मा रामायणी द्वारा भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विधि-विधान से हवन-पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था के साथ हवन में भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल कामना की। मंदिर प्रबंधक एवं आयोजनकर्ता पं. महेश प्रसाद शर्मा (एडवोकेट) द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी एवं हलुआ प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. मुकुट बिहारी रावत ने कहा कि यह मंदिर आस्था का प्रमुख केन्द्र है और सच्ची श्रद्धा से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। इसके पश्चात मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा। विशेष आकर्षण के रूप में बग्घी पर हनुमान जी के स्वरूप में रावत परिवार के बालक विराजमान रहे, जिनका श्रद्धालुओं द्वारा तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं. शंभूदयाल शर्मा (पूर्व महामंत्री, जिला बार), त्रिलोकीनाथ कटारे (एडवोकेट), बादाम सिंह यादव (पूर्व शासकीय अधिवक्ता), प्रदीप नारायण पाराशर (एडवोकेट), रमेश्वर प्रसाद तिवारी, शिवनारायण तिवारी, हरिहर नारायण तिवारी, सत्यनारायण रावत, राजनारायण रावत, आदित्य नारायण रावत, देवेश शंकर तिवारी, सुरेशचंद्र शर्मा, पं. श्रीकृष्ण शर्मा (गोलू), भैयन पाल, विक्रम सिंह परमार, बबलू पाल, भानुप्रताप सिसोदिया, पत्रकार सुरेंद्र कुमार (रिंकू), पुष्पेंद्र राजा, मुकुट भार्गव, सुखसाहब परमार, कृष्ण कुमार बबेले, परशुराम बबेले, रामलाल प्रजापति, पार्षद कुंदन पाल, पं.राजकुमार गोस्वामी (पुजारी), राजकुमार गुप्ता, राजाराम पाल, बिहारी पाल, राहुल तिवारी, अशोक सिसोदिया, आशीष सिंह, रमेशचंद्र सोनी, नरेंद्र सिंह, चमन महाराज, गिरधारी शर्मा, पं. गिरजाशंकर दुबे, पं. रामसेवक मिश्रा, पं. राजीव मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं में अनीता शर्मा, चंदा श्रीवास्तव, ऊषा सिसोदिया, वर्षा शर्मा, रानी शर्मा, मीरा पाठक, सुनीता पंथ, सीमा पाल, कपूरी पाल, विमला पाल, प्रभा पाल, माया प्रजापति, शीला पंथ, अहिल्या सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सुरेंद्र कुमार (रिंकू) द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## घर से लापता बालक को पिपरी पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर, किया परिजनों को सुपुर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पिपरी / सोनभद्र –** स्थानीय थाना क्षेत्र निवासिनी दिनांक 24.03.2026 को पनवा देवी पत्नी स्व0 ठुरकू प्रसाद निवासी चाचा कॉलोनी, धरिकार मोहल्ला, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 65 वर्ष द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनका नाती शिवम पुत्र स्व0 दिनेश कुमार, उम्र करीब 11 वर्ष, दिनांक 19.03.2026 को समय लगभग 11:00 बजे पूर्वाह्न अचानक घर से लापता हो गया है।

उक्त सूचना के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0 48/2026, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक पिपरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 01.04.2026 को लापता बालक शिवम को बस स्टेशन हरिद्वार से सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बालक को उसकी दादी पनवा देवी की सुपुर्दगी में देकर थाना हाजा से रुख्सत किया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से निरीक्षक अपराध हरेंद्र कुमार यादव, थाना पिपरी, सोनभद्र, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सरोज, चौकी प्रभारी रेनुकूट, हेड कांस्टेबल रामजीत यादव, कांस्टेबल सुनील यादव शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्रा शैलजा गुप्ता की कला को मिला सम्मान

**एसडीएम को भेंट किया जीवंत पेंसिल स्केच, बिना प्रशिक्षण निखारी प्रतिभा**



**सिंगाही खीरी।** तहसील क्षेत्र के रकेहटी गांव की होनहार छात्रा शैलजा गुप्ता ने अपनी अद्भुत चित्रकला से क्षेत्र में खास पहचान बनाई है। 19 वर्षीय शैलजा, संतोष गुप्ता की पुत्री हैं और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। शैलजा ने अपनी कला का परिचय देते हुए एसडीएम निघासन राजीव निगम का पेंसिल से बेहद आकर्षक और जीवंत स्केच तैयार किया, जिसकी बारीकी और सजीवता ने सभी को प्रभावित किया। खास बात यह रही कि उन्होंने यह हुनर बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के अपनी मेहनत और लगन से सीखा है। बुधवार को शैलजा तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और अपने हाथों से बनाया गया स्केच एसडीएम राजीव निगम को भेंट किया। इस दौरान एसडीएम ने उनकी कला की सराहना करते हुए उन्हें मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रा बताया। उन्होंने कहा कि बिना प्रशिक्षण के इस स्तर की कला प्रस्तुत करना सराहनीय है। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि शैलजा जैसी बेटियां आगे बढ़कर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन कर सकें।

### मेडिकल नशे का जालः पलिया में युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर, जिम्मेदार खामोश!

**पलिया कलां, खीरी** पलिया कलां क्षेत्र में इन दिनों मेडिकल नशे और अवैध ड्रग्स का कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है, जो अब पुलिस के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि देश के भविष्य कहे जाने वाले नवयुवक इस नशे की चपेट में आते जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में खुलेआम मेडिकल स्टोर्स के जरिए प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री हो रही है। युवाओं में नशे का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे समाज में चिंता का माहौल बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे पर खबरें प्रकाशित होने के बाद भी ड्रग इंस्पेक्टर और सीएमओ स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। लोगों के बीच यह चर्चा भी आम है कि कहीं 'गांधी छाप' (रिश्वत) के आगे अधिकारियों की आंखों पर पट्टी तो नहीं बंध गई है। अगर ऐसा है, तो यह न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि समाज के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से चल रहे मेडिकल नशे के कारोबार पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि युवाओं को इस दलदल में फंसने से बचाया जा सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है, या फिर यूं ही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जाती रहेगी।

### तहसीलदार के संरक्षण में प्रधान ने कब्ज़ाई सरकारी जमीन आरोप

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला के ग्राम पंचायत पहलनापुर का बताया जाता है जहां पर भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान जिसके जिम्मे सरकारी जमीनों की सुरक्षा होती है जब वही नियम कानून को ताक पर रखकर सरकारी जमीनें हड़पने लगे तो कैसे बचेंगे सरकारी जमीनें और कौन कराएगा सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त। वैसे भी प्रधान जी के कारनामे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने है। सूत्र बताते हैं कि प्रधान जी ने कई मार्गो का काग़ज़ों पर निर्माण कराकर खंड बिकास अधिकारी विजुआ की मिलीभगत से लाखों का बजट डकार गए हैं लोगों की जुबानी सत्य माने तो प्रधान ऐलानिया कहते हैं कि हम विकास कार्य नहीं करवायेंगे चाहे वोट कोई दे या न दे।प्रधान जी ने वन टांगिया में काग़ज़ों पर स्ट्रीट लाइट लगवाकर लाखों का बजट डकार गए यही हाल शौचालयों का भी बताया जाता है ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत और खंड बिकास अधिकारी विजुआ के संरक्षण में सरकारी धन के बंदर बाट का खेल खेला जा रहा है।सूत्र बताते हैं कि प्रधान जी को मिल रहे सत्ता संरक्षण के चलते जनाब हकीकत के धरातल पर कार्य कराए वगैर ही काग़ज़ों पर विकास की रेल दौड़ाकर माला माल हो रहे हैं।इससे भी जब पेट नहीं भर पाया तो सरकारी जमीनें हड़पने का खेल बदस्तूर जारी है आखिर. प्रधान के इस अवैध कब्जे पर तहसील प्रशासन कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है?क्या प्रधान को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का कोई विशेषाधिकार प्राप्त है? अब देखना है कि तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन सरकारी जमीनें हड़पने और अवैध कब्जा करने वालों पर क्या कार्रवाई कराता है ।या फिर सारे नियम कानून गरीबों के लिए ही बने हैं क्या यहाँ पर भी तुलसीदास जी की चौपाई चरितार्थ होती रहेगी कि समरथ को नहि दोष गोसाई।

# डूडा विभाग में 'अवैध वसूली' का बड़ा खेल होने के आरोप

**● सी.एल टी.सी. मधुकर तिवारी पर 50,000 तक वसूलने के आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर-खीरी।** भले ही सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ भ्रस्टाचार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए जीरो टोलरेंस की नीति लागू किये हों पर जनपद खीरी में सरकार की इस नीति का कोई असर पड़ते दिखाई नहीं पड रहा है।लोगों की माने तो इतना भ्रस्टाचार तो किसी सरकार में नहीं था जितना इस भ्रस्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश का दावा और वादा करने वाले सरकार में हो रहा है।लोगों की भावनाएं बता रहीं हैं कि अफसरों की मनमानी और खाउ कमाऊ नीति का खामियाजा मिशन 2027 भुगतना पड सकता है भ्रस्टाचार और अवैध वसूली का एक ऐसा ही ताजा मामला शहरी पी.एम. आवास योजना में प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अब गरीबों को छत देने के बजाय भ्रष्टाचार का अड्डा बन कर रह गई है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय में तैनात सी. एल.टी.सी. मधुकर तिवारी पर डूडा से निष्कासित किये जा चुके पुराने सर्वेयरों के माध्यम से लाभार्थियों से अवैध वसूली कराने के सनसनीखेज आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, आवास की किश्त जारी करने के नाम पर लाभार्थियों से ?20,000 से लेकर ?50,000 तक की मोटी रकम वसूली जा रही है।

**हटाए गए सर्वेयर बने 'वसूली एजेंट'**

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि जिन सर्वेयरों को विभाग से पहले ही हटाया जा चुका है, उन्हें मधुकर तिवारी ने अपना 'प्राइवेट एजेंट' बना रखा है। ये पूर्व सर्वेयर फील्ड में जाकर लाभार्थियों को डराते हैं कि यदि पैसा नहीं दिया गया, तो उनकी अगली किश्त रोक दी जाएगी या उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।

**भ्रष्टाचार का फिक्स रेटः 20,000 से 50,000 तक**

योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि में से ही यह अवैध हिस्सा मांगा जाता है। लाभार्थियों का आरोप है किःयदि उन्होंने तयशुदा राशि नहीं दी तो उनकी किश्त रोक दी जाएगी या फिर अपात्र कर दिया जाएगा ऐसा हुआ भी है जिन मजदूरी पेशा लोगों ने गली गली घूम रहे बिचौलियों को तय शुदा रकम नहीं दी वह आज भी एक अदद छत के लिए डूडा के चक्कर काटते फिर रहे हैं।

**किश्त के बदले कमीशन....** कुछ जानकार और विभागीय सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहली और दूसरी किश्त के समय लाभार्थियों पर दबाव बनाया जाता है कि वे तय रकम (20 से 50 हजार) पहुंचा दें।अन्यथा किश्त रोक दी जाएगी या अपात्र कर दिया जाएगा।

**अपात्रों को 'पात्र' बनाने का खेल-** कई पी. एम आवास लाभार्थियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि मोटी रकम लेकर अपात्र लोगों को पात्र घोषित कर दिया जाता है,। जबकि वास्तव में जरूरतमंद गरीब आज भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। मोहल्ला हिदायत नगर में ऐसे ही दो लोगों से मोटी रकम वसूल कर नौ लैंड स्पेस के बाद भी पी.एम. आवास से नवाजा गया है उक्त को पहली किश्त भी भेजी जा चुकी है ऐसा नहीं कि इस भ्रस्टाचार और अवैध वसूली की जानकारी परियोजना अधिकारी डूडा को नहीं है।सब कुछ जानने के बाद भी मिल रहे तयशुदा हिस्सेदारी के चलते उन्हें सब कुछ ठीक ही नजर आ रहा है। यही कारण है कि वास्तविक जरूरत मंद ,मज़दूरी पेसा लोगों को उनका हक नहीं मिल पा रहा हैं।और बमुश्किल 8000ह्यद्द 10,000 पाने वाले डूडा कर्मी बुलेट से फर्राटे भरते और शाम में हज़ारों की शराब और मुर्गा मटन उड़ाते देखे जा सकते है

**जियो-टैगिंग में धांधलीः-** पैसा न देने वाले पात्र लाभार्थियों की जियो-टैगिंग में नाना प्रकार की कमियां निकालकर उनकी फाइलें लटका दी जाती हैं। और चढावा चढ़ाने वालों पर खासा मेहरबानी दिखाए जाने की बातें प्रकाश में आयी है

**शासन की मंशा पर पानी फेर रहे जिम्मेदार-** जहाँ एक ओर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू करने के बड़े बड़े दावे और वादे करते हैं, वहीं लखीमपुर डूडा में तैनात सी. एल .टी.सी. मधुकर तिवारी जैसे जिम्मेदार कर्मचारी अपनी जेबें भरने में मस्त हैं। हटाए गए बाहरी लोगों का विभाग के काम में हस्तक्षेप करना और वसूली करना एक बड़े सिंडिकेट की ओर इशारा करता है। यहां पर अहम सबाल यह पैदा होता है कि आखिर डूडा से निकाले जा चुके कर्मचारी किस सक्षम अधिकारी के आदेश से पी .एम. आवास योजना का काम देख रहे हैं और आवास के नाम पर अवैध धन उगाही कर रहे हैं?

**जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांगः-** जनपद के पीड़ित लाभार्थियों और जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल से इस मामले की तत्काल विजिलेंस जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि सी. एल.टी.सी. मधुकर तिवारी और उनके निजी वसूली एजेंटों के कॉल डिटेल्स और बैंक खातों की जांच की जाए, तो करोड़ों के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।और कई लोगों को जाना पड सकता है सलाखों के पीछे तथा पी.ओ.डूडा की भी तय होगी जबाब देही। इस सम्बंध में जब परियोजना अधिकारी डूडा सुमन सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिली है जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# चिंकी, मिंकी, पप्पू, गोलू सबके मन हर्षाए है, मेले में देखो कितने बड़े-बड़े झूले आएं हैं



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के पांचवे दिन सांस्कृतिक मंच पर बालकवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सुजीता कुमारी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद साहित्यकार श्रीकांत तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्रा0 महामंत्री विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति शैलेन्द्र सक्सेना, कपिलश फाउ शिप्रा खरे, पत्रकार लोकेश गुप्ता, प्रधानाचार्या सरस्वती विद्या निकेतन मधु त्रिपाठी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सुजीता कुमारी ने शुभेच्छा देते हुए कहा, चैती मेला अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पौराणिक मान्यताओं के साथ मनाया जा रहा है । इसको भव्यता देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को बधाई देती हूँ । विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति शैलेन्द्र सक्सेना ने कहा,' मेला चैती को विजय शुक्ला रिंकू जो भव्यता दी है वह बहुत ही सराहनीय है ।

विशिष्ट अतिथि पत्रकार लोकेश गुप्ता ने,'

**03 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर जूनियर गायन और नृत्य सायं सात बजे से।**

शिव कारीडोर बनने से अब चैती मेला में श्रद्धालु भी अधिक संख्या में आएंगे । कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी ने कहा ,' मेला चैती पौराणिक महत्व का है,भगवान शिव की नगरी में इस मेले को सरकारी गजेजियर 120 वर्ष हो गए है जबकि यह मेला इससे पहले से लग रहा है । बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ कौस्तुभ त्रिपाठी ने, तलवार धनुष और पैदल सैनिक, कुरुक्षेत्र में खड़े हुए, रक्त पिपासू महारथी एक दूजे सम्मुख अड़े हुए।

अंशिका देवी ने पिता पर कुछ यूं कहा- जो रो नही पाता है, परंतु दुख उसे भी होता है वो पिता है। अक्षत अरविंद ने कलम पर सुनाया- कलम हमारी सबे प्यारी सब कलमों से लगती न्यारी सिमरन अंसारी ने मां की महिमा बताई-जिसने हमको जन्म दिया है, इस धरती को धन्य किया है। नव्या गुप्ता ने- हर बात समझाने वाला इंसान होता है पिता, तमाम मुसीबतों को लेकर उनसे लड़ने वाला इंसान होता है पिता आदर्श राठौर -चलो हंसने की कोई हम वजह ढूंढते हैं, जिधर न हो कोई गम वे जगह ढूंढते हैं।

## स्कूल चलो अभियान' के तहत चुरई पुरवा में निकली भव्य रैली, बैंड-बाजे के साथ बच्चों ने जगाई शिक्षा की अलख



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नीमगांव खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग के 'स्कूल चलो अभियान' को गति देते हुए आज उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरई पुरवा में एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक आनंद पाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। रैली का मुख्य आकर्षण विद्यालय का बैंड दस्ता रहा।

स्कूल ड्रेस में सजे-धजे छात्र जब बैंड की धुनों पर कदमताल करते हुए निकले,तो पूरे गांव का माहौल शिक्षा के रंग में रंगा नजर आया। यह रैली गांव के विभिन्न प्रमुख मार्गों और गलियों से गुजरी, जहां ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रैली का समापन विद्यालय प्रांगण में हुआ। ग्राम प्रधान करुणेश कुमार ने रैली की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में जरूर कराएं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक आनंद पाल, अनिल कुमार, सूरज सिंह, कमल किशोर, पृथ्वी पाल, राजकुमारी और मजहर अब्बास समेत विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे। रैली के अंत में 'एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा' के नारे के साथ शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प लिया गया।

## गोला मे हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रूप से निकाली गई शोभायात्रा



**गोला गोकरननाथ खीरी,** गोला मे हनुमान जन्मोत्सव के गाजे बाजे के साथ व राम व हनुमान के जय घोशो के साथ नगर के सभी मुख्य मार्गो पर निकाली गई शोभा यात्रा,इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्रीय विधायक ,नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, कार्यक्रम आयोजक शिव कुमार पिंटू बाजपेई, आचार्य अंजनी प्रसाद , समाजसेवी आनंद त्रिवेदी,भाजपा युवा नेता हर्षल त्रिपाठी, अमित गुप्ता, धीरज बाजपेई,आदेश ठाकुर, संदीप अवस्थी, रवि सक्सेना, सचिन सिंह, सर्वेश गुप्ता, संजय लाल, ज्ञानू तिवारी, विजय मिश्रा, पंकज बाजपेई आदि विशाल संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## जब लेखपाल साहब पिए भू माफिया की चाय तो कैसे मिले जनता को न्याय

**● लेखपाल के संरक्षण में खलिहान और आबादी की भूमि पर भू माफिया की लहरा रही गन्ना और धान की फसल-आरोप**

**पैमाइश के दौरान खलियान और आबादी की जमीन पर मिला वह माफिया का अवैध कब्जा फिर भी कार्रवाही शून्य**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** भले ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकारी जमीन पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के आदेश पारित किया हो।पर जनपद खीरी की गोला तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपाल पर उत्तर प्रदेश सरकार और देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के आदेशों का कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा ही एक मामला तहसील गोला परगना कुकरा के गांव हरदुआ में देखा जा सकता है जहां पर क्षेत्र लेखपाल और राजस्व निरीक्षक उक्त भूमपिया के बंगले में बैठकर आराम फरमाते और ठंडा उड़ाते देखे जा सकते हैं। भू माफ़िया और राजस्व कर्मियों के बीच चल रही साठ गांठ के चलते उक्त भू माफिया द्वारा खलिहान और आबादी के नाम दर्ज कागजात जमीन ग टा संख्या 152 पर अवैध कब्जा करके उसे पर खेती करते देखा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त खलिहान की जमीन को तहसीलदार द्वारा एक बार खाली कराया जा चुका है। जिसके चंद्र दिन बाद ही हौसले बुलंद भूमि माफिया लाल जी प्रसाद उर्फ गुड्डु ने लेखपाल और कानूनगो मैनेज करके उक्त खाली कराई गई खलिहान की जमीन पर गन्ना और धान की फसल बोकर शासन व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को खुली चुनौती पेश कर दी। लेखपाल साहब की मिली भगत का आलम यह है कि उक्त भू माफ़िया का लगभग चार बीघा जमीन पर अवैध कब्जा पाए जाने के बाद भी आज तक उसकी फसल को जूत्वाकर जमीन खाली करने के बजाय खाली गढ़ों को जूत्वाकर प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है ।और अपने चहेते दोस्त भू माफिया लालजी प्रसाद उर्फ गुड्डु को संजीवनी दी जा रही है। नियम अनुसार प्रशासन द्वारा रिक्त कराई गई जमीन पर पुनः कब्जा करने वाले भू माफिया के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसे अर्जित आय संपत्ति की नीलामी अथवा बुलडोजर की कार्रवाई का प्रावधान बताया जाता है। उसके बाद भी लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा उक्त अवैध कब्जे धारक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं कराया जा रहा है और ना ही खलिहान और आबादी की जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराया ही जा रहा है। मामले में लेखपाल शैलेंद्र वर्मा की मिली भगत की लिखित शिकायत शपथ पत्र के साथ जिला अधिकारी खीरी एवं मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल से किए जाने के बात शिकायतकर्ता ने कही है।

इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र कुमार वर्मा से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं फोन पर सारी चीज नहीं बता पाऊंगा आप तहसील आकर मिलिए तभी कुछ बताऊंगा। वही तहसीलदार गोला भीमचंद ने बताया मामले की रिपोर्ट क्षेत्रीय लेखपाल से मांगी गई है रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी और मैं स्वयं ही मौके का मुआयना कर कार्रवाई करूंगा।

# प्रशासन की शक्ति के बाद भी सफल रहा सपा का धरना प्रदर्शन भीड़ रोकने को पुलिस ने की घेराबंदी लगाए बैरियर

**● 45 दिनों के अंदर किसानों को मिलेगा गन्ने का भुगतान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**बरेली/नवाबगंज** में स्थित औरंगाबाद ओसवाल चीनी मिल बंद करने एवं किसानों का गन्ना भुगतान न होने को लेकर सपा के पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने 17 मार्च को एसडीम नवाबगंज उदित पवार को ज्ञापन देकर अवगत कराया था यदि 31 मार्च तक किसानों को गन्ना भुगतान न दिया गया तो वह 2 अप्रैल 26 को धरना प्रदर्शन करेंगे जिसके तहत आज सपा ने अपना कार्यक्रम आयोजित किया इसे रोकने के लिए प्रशासन ने पूर्ण प्रयास किया परंतु सफल न हो सके सर्वप्रथम एसडीम नवाबगंज में धरना प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया। और कहा धारा 144 लागू है इसलिए धरना देने की अनुमति नहीं दी जा सकती इस को लेकर पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने कड़े शब्दों में स्पष्ट कर दिया था धरना होगा अंजाम कुछ भी हो यदि धारा 144 लागू थी तो प्रशासन ने समय रहते अवगत क्यों नहीं कराया गया साथ ही समस्याओं का भी निदान क्यों नहीं किया गया सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने पूर्व मंत्री को घर में ही नजर बंद करने का प्लान बनाया था परंतु पूर्व मंत्री गैंगवार समय से पूर्व ही घर से बाहर निकल गए जिसकी प्रशासन को भनक तक नहीं लगी धरना में पहुंचने वाले किसानों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह बैरियर लगाकर ट्रैक्टर ट्रालियों को रोक दिया गया।

ताकि भीड़ एकत्रित न हो सके इधर पूर्व मंत्री ने प्रातः 8:00 बजे ही दडी बिछा अकेले ही धरना पर बैठ गए किसकी भनक लगते सैकड़ो कार्य करता उनके समर्थन में एसडीएम आवास के समक्ष एकत्रित हो गए इधर प्रशासन ने भी पी ए सी सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया प्रशासन द्वारा धरना को सफल करने के लिए बीती शाम लगाई जा रहे टेंट को पुलिस प्रशासन ने बल पूर्वक हटवा दिया गया ताकि किसानों को भारी संकट का सामना करना ।

पड़े वही हुआ इस कड़कती धूप में किस किसी तरह धरना स्थल पर पहुंचे प्रशासन ने धरना समाप्त करने के लिए लंबी वार्ता की जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना पुरुषोत्तम गंगवार छेदा लाल दिवाकर साहित कई लोगों के साथ एसडीम नवाबगंज उदित पवार क्षेत्राधिकार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरुण कुमार श्रीवास्तव परंतु कोई भी हल्ला निकलने पर किसानों ने पटेल चौक पर कड़कती धूप में धरना देना प्रारंभ कर दिया।

तो प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने पूर्व मंत्री से धरना समाप्त करने की अपील की इस पर उन्होंने किसानों का भुगतान देने की स्पष्ट स्थिति करने की बात कही तो एसडीएम ने 45 दिन के अंदर किसानों का भुगतान करने का आश्वासन दिया इसके बाद पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार धरना स्थल से उठकर पटेल चौक पर बैठे किसानों के बीच पहुंचकर उन्होंने और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीम नवाबगंज के द्वारा भेजने का आयोजन किया गया इस ज्ञापन में 16 बिंदुओं पर कार्यवाही करने की मांग राज्यपाल से की गई है ताकि किसानों को राहत भरी सांस मिल सके इसके लिए धरना सफल बनाने के लिए सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप सुबलेश यादव पूर्व महासचिव योगेश यादव भारती चौहान आदि जिला मुख्यालय से धरना में सम्मिलित हुए धरना में पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार तेजप्रकाश गंगवार ओमेंद्र छेड़ लाल दिवाकर अरविंद कुमार व प्रवीण ह्ल2 जिला पंचायत सदस्य नेहा गंगवार प्रोफेसर राशिद मलखान सिंह यादव मुख्तार अंसारी हारून डॉक्टर नुक्ता प्रसाद दिवाकर समेत भारी संख्या में मुख्य कार्य करता घर उपस्थित थे।

## गैस एजेंसी मालिक वीर सुरेंद्र यादव की अनूठी पहल, पेश की मानवता की मिसाल

**● वीर सुरेंद्र यादव गैस एजेंसी मालिक दूर-दराज से आने वाले उपभोक्ताओं को करा रहे निशुल्क भोजन पिछले एक माह से लगातार जारी सेवा, रोजाना सैकड़ों लोग उठा रहे लाभ**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला-** क्षेत्र में मानवता और सेवा की एक मिसाल पेश करते हुए गैस एजेंसी संचालक वीर सुरेंद्र यादव द्वारा उपभोक्ताओं के लिए सराहनीय पहल की जा रही है। एजेंसी पर दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों की समस्याओं को समझते हुए उन्होंने पिछले एक महीने से निशुल्क भोजन सेवा शुरू कर रखी है। वीर सुरेन्द्र यादव ने बताया कि गैस सिलेंडर से जुड़े कार्यों के लिए रोजाना बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचते हैं। इनमें कई लोग सुबह से ही लंबा सफर तय कर आते हैं, जिससे उन्हें भोजन की परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति को देखते हुए हमने स्वयं पहल करते हुए एजेंसी परिसर में ही भोजन की व्यवस्था कर दी है। इस सेवा के तहत प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद उपभोक्ताओं को निशुल्क भोजन कराया जा रहा है। भोजन पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराया जाता है, जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। वही दूर-दराज से आए उपभोक्ताओं का कहना है कि यह पहल उनके लिए बहुत सहायक साबित हो रही है। हमको यहां भोजन मिल जाने से काफी राहत मिलती है। वीर सुरेंद्र यादव की यह पहल समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा दे रही है। क्षेत्र के लोग भी उनके इस कार्य की सराहना कर रहे हैं और इसे अनुकरणीय उदाहरण बता रहे हैं।

# तीन करोड़ 22 लाख से होगी अमीरनगर गांव में देवहा नदी पर पिचिंग विधायक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की सीमा की ग्राम पंचायत अमीर नगर में देवहा नदी के कटान से गांव को उत्पन्न हुए संकट से बचने के लिए बाढ़ खंड विभाग द्वारा शासन को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार शासन इस गांव को बचाने के लिए 3 करोड़ 22 लख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत नदी में पिचिंग लगाकर गांव को नदी के कटान से बचने के लिए कार्य किया जाएगा इसका शुभारंभ आज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने बाढ़ नियंत्रण विभागअधिकारियों के साथ गांव पहुंचकर पीचिंग प्रारंभ होने के कार्य का विधिवत पूजन करने के बाद शुभारंभ किया गया। ज्ञात रहे अमीर नगर गांव लंबे समय तक टापू की तरह बन गया था नदी ने अपना रास्ता बदलकर इस गांव को जनपद की सीमा से अलग कर दिया था स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार द्वारा यहां पर पुल का निर्माण करवाने पर अब आगमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ तो वर्षा ऋतु आने पर नदी ने गांव की तरफ कटान करना प्रारंभ कर दिया।

जिसको लेकर प्रशासन को कड़ी मशक्कत करने के बाद गांव को बचाया जा सका बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार द्वारा दिशा की बैठक में मामला उठाने पर शान द्वारा पिचिंग करने के लिए 3 करोड़ 22 लख रुपए स्वीकृत किए गए हैं यह जानकारी बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार के अनुसार यह कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ताकि गांवों को किसी भी तरह का संकट का सामना करना ना पड़े इसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार ग्राम प्रधान ओमपाल एडवोकेट समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे सभी ने इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राथमिक विद्यालय विद्यापीठ में मनाया गया वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**नैनी, प्रयागराज।** चाका विकासखंड चाका अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महेवा विद्यापीठ डांडी में वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चाका, श्री कैलाश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मिड डे मील प्रभारी एवं जिला समन्वयक राजीव कुमार त्रिपाठी ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। साथ ही वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ एआरपी चंद्रप्रकाश मिश्र, स्पेशल एजुकेटर रेखा त्रिपाठी, बीआरसी लेखाकार संदीप गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समस्त शिक्षक स्टाफ एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका निधि जैन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### शॉर्ट सर्किट से हार्डवेयर गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान



**कोरांव।** कोरांव बाजार में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक हार्डवेयर गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। चारों ओर धुएं का घना गुबार फैल गया, जो दूर से ही साफ दिखाई दे रहा था। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपनी-अपनी दुकानों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। गोदाम रिहायशी इलाके के बीच स्थित होने के कारण आसपास के लोगों में आग फैलने की आशंका और भी बढ़ गई थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग की तीव्रता के सामने वे असहाय नजर आए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शॉर्ट सर्किट की वजहों का पता लगाया जा रहा है।

### दिनदहाड़े बंद मकान में लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध



**प्रयागराज।** राजरूपपुर इलाके में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जहां बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों की नकदी और आभूषण पार कर दिए। पीड़ित विशाल श्रीवास्तव के अनुसार, वह दोपहर करीब 12 बजे घर से बाहर गए थे। शाम करीब 4 बजे जब वह लौटे तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और आलमारी से नकदी व गहने गायब थे। पीड़ित के मुताबिक, चोर लगभग 3.5 लाख रुपये नकद और करीब 10 लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गए।

**इलाके में दहशत, लोगों में आक्रोश**

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदात पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े करती है। सूचना मिलने पर धूमनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की तस्वीरें कैद हुई हैं। पुलिस इन फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मोदी सरकार ने पूंजीपतियों के 26 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ किए: राजद राज्यसभा सांसद का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने बुधवार को राज्यसभा में 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल' पर चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने उद्योगपतियों के 26 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ कर दिए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'अपने पूंजीपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए, सरकार ने देश के सालाना बजट के लगभग आधे के बराबर रकम को असल में बट्टे खाते में डाल दिया है।' उन्होंने सरकार से पूछा कि इस 26 लाख करोड़ रुपये में से कितना हिस्सा देश के किसानों, मजदूरों, छात्रों और गरीबों का है। उन्होंने आगे सवाल उठाया कि किसानों और गरीबों के लिए इस तरह की छूट क्यों नहीं दी गई। 'जिन पूंजीपतियों के 26 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ किए गए हैं, उनका सामाजिक बैकग्राउंड क्या है? ऐसा क्यों है कि इस 26 लाख करोड़ रुपये के लोन माफी के लाभार्थियों में से एक भी व्यक्ति दलित, पिछड़े वर्ग या आदिवासी समुदाय से नहीं है? ' यादव ने कहा कि जिस देश में गरीब लोग अपने बच्चों की पढ़ाई या शादी के लिए सिर्फ 5,000 से 10,000 रुपये का लोन लेते हैं, वहीं अमीर लोग बड़े फायदे उठाते हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पूरा प्रशासनिक और बैंकिंग तंत्र गरीबों से एक-एक पैसा वसूलने के लिए पूरी ताकत से उन पर टूट पड़ा है। उन्होंने कहा, 'वसूली की अपनी धुन में, ये एजेंसियां किसानों की गायों और भैंसों तक को जब्त करने से भी पीछे नहीं हटतीं। ' उन्होंने कहा, 'सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पूंजीपतियों के लोन माफ करने का भारत की अर्थव्यवस्था पर कितना बुरा असर पड़ता है - एक ऐसा देश जो पहले से ही दुनिया के सबसे ज़्यादा असमान देशों में से एक है। ' यादव ने आगे बताया कि आय की असमानता के मामले में, भारत दुनिया के सबसे ज़्यादा असमान देशों में से एक है।उन्होंने 'वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब' की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत में असमानता अब ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, 'देश की आबादी के शीर्ष 1% लोगों के पास राष्ट्रीय आय का 22.6% और राष्ट्रीय संपत्ति का 40% हिस्सा है। आंकड़े यह भी बताते हैं कि आबादी के निचले 60% लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का सिर्फ 3% हिस्सा ही है।' उन्होंने आगे कहा, 'देश को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर पेश करने के बजाय, इस बात को स्वीकार किया जाना चाहिए कि प्रति व्यक्ति आय की वैश्विक रैंकिंग में–195 देशों में से–हमारा देश 141वें स्थान से ऊपर नहीं उठ पाया है; और इस तथ्य को किसी भी तरह से गर्व का विषय नहीं माना जा सकता। '

### नैनी में शवदाह स्थल के सीमांकन के निर्देश, महापौर गणेश केसरवानी ने किया निरीक्षण



**नैनी प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी ने नैनी क्षेत्र में प्रस्तावित शवदाह स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को शीघ्र सीमांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्रयागराज-नैनी के जनमानस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है, जिसे पूरी तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर ने शवदाह भूमि दान करने वाले बबलू पांडे के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह एक पुनीत और मानव सेवा से जुड़ा कार्य है। नैनी क्षेत्र में अब तक शवदाह स्थल की व्यवस्था नहीं थी, ऐसे में यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।महापौर ने यह भी बताया कि जल्द ही शिलान्यास कार्यक्रम की घोषणा कर विधिवत भूमि पूजन कराया जाएगा।कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सभासद अनूप पासी, विवेक पुरी, कार्तिकेय पुरी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोना-चांदी और प्लैटिनम ज्वेलरी के आयात पर लगी रोक, नोटिफिकेशन जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत सरकार ने देश के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में एक बड़ा नीतिगत बदलाव करते हुए सोना, चांदी और प्लैटिनम से बने आभूषणों के आयात पर तत्काल प्रभाव से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं. विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) द्वारा जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, इन कीमती धातुओं के आभूषणों की आयात नीति को 'मुक्त' श्रेणी से हटाकर अब 'प्रतिबंधित' श्रेणी में डाल दिया गया है। इस नए नियम का सीधा अर्थ यह है कि अब कोई भी व्यापारी या कंपनी बिना सरकारी अनुमति के विदेश से सोने, चांदी या प्लैटिनम के आभूषण नहीं मंगा सकेगी. अब इन वस्तुओं के आयात के लिए छ्रल्लस्नञ्ज से विशेष लाइसेंस या पूर्व-अनुमति लेना अनिवार्य होगा. यह प्रतिबंध इतना सख्त है कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी व्यापारी ने पहले से कोई सौदा (कॉन्ट्रैक्ट) किया हुआ है या एडवांस पेमेंट भी कर दी है, तो भी उन्हें नए नियमों का पालन करना होगा और लाइसेंस लेना होगा। सरकार के इस कदम के पीछे मुख्य कारण 'मुक्त व्यापार समझौतों' (FTA) का कथित दुरुपयोग रोकना है. उद्योग सूत्रों के अनुसार, कुछ आयातक भारत और आसियान (ASEAN) देशों के बीच हुए समझौते का गलत फायदा उठा रहे थे. वे थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों से बिना किसी रत्न वाले साधारण आभूषणों के नाम पर भारी मात्रा में कीमती धातुएं कम शुल्क पर भारत ला रहे थे. इससे न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा था, बल्कि घरेलू आभूषण निर्माताओं को भी असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने वाली इकाइयों का ध्यान रखा है. 100 प्रतिशत निर्यात-उन्मुख इकाइयों (EO) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SE) में स्थित कंपनियों को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है. इसके अलावा, जो आयात 'रत्न एवं आभूषण निर्यात योजनाओं' के तहत किए जाते हैं, उन पर भी यह पाबंदी लागू नहीं होगी।

## अनीता आडवाणी का दावा खारिज, राजेश खन्ना संग संबंध को 'विवाह' मानने से इनकार: बॉम्बे हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना के साथ अपने संबंध को विवाह का दर्जा देने की मांग की थी। जस्टिस शर्मिला देशमुख की एकल पीठ ने अनीता आडवाणी द्वारा दायर प्रथम अपील को खारिज करते हुए 2017 में मुंबई के डिंडोशी सिविल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। सिविल कोर्ट ने उनके मुकदमे को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया था। अनीता आडवाणी का दावा था कि वह राजेश खन्ना के साथ लगभग एक दशक तक लिव-इन संबंध में रहीं और वर्ष 2012 में उनके निधन तक उनके साथ रह रही थीं। उन्होंने यह भी कहा कि खन्ना ने गुप्त रूप से उनके सिर पर सिंदूर लगाकर उनसे विवाह किया था। हालांकि, इस दावे का विरोध राजेश खन्ना की विधिक पत्नी डिंपल कपाड़िया, उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना और दामाद अक्षय कुमार ने किया। परिवार ने न तो विवाह और न ही लिव-इन संबंध के दावे को स्वीकार किया। अनीता आडवाणी ने यह भी आरोप लगाया था कि राजेश खन्ना की मृत्यु के बाद उन्हें उनके 'आशीर्वाद' बंगले से जबरन बेदखल कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत कपाड़िया परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। हालांकि, वर्ष 2015 में हाईकोर्ट की एक अन्य पीठ ने उस कार्यवाही को रद्द कर दिया था और यह पाया था कि उनका संबंध 'विवाह के समान' नहीं था। हाईकोर्ट के इस ताजा फैसले के साथ यह स्पष्ट हो गया है कि अनीता आडवाणी के दावे को कानूनन मान्यता नहीं दी जा सकती और उनके तथा राजेश खन्ना के संबंध को विवाह का दर्जा नहीं दिया जा सकता।

### हिमंता पर गरजे राहुल गांधी, बोले- इन्हें छोड़ने वाले नहीं हैं हम



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि सरमा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में भूमि एटीएम चला रहे हैं, जिसके तहत वे जनता से जमीन छीनकर बड़ी कंपनियों को जमीन दे रहे हैं। बोकाजन निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार रतन एंग्टी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग असम और यहां की जनता के लिए खड़े थे, और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मृत्यु के लिए न्याय दिलाएगी।

# 'नकली नोट कांड' पर सपा का पलटवार, भाजपा विधायक की फोटो से उठे सियासी सवाल, पूछताछ की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने नकली नोट के मामले को लेकर भाजपा पर जोरदार पलटवार किया है। सपा ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें देवरिया के भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी के साथ कुछ युवकों की तस्वीर है। इस पोस्ट को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी रिपोस्ट किया। सपा का आरोप है कि ये युवक नकली नोट मामले में गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन भाजपा इन्हें सपा से जोड़कर राजनीति कर रही है। सपा ने फोटो के साथ लिखा कि देवरिया के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी के साथ उन लड़कों की तस्वीर सामने आई है। ये वही लड़के हैं जिन्हें आज नकली नोट मामले में सपा का बताकर भाजपा और भाजपा सरकार का प्रशासन तथा भाजपा नेता चीख-पुकार मचा रहे हैं। सपा ने सवाल उठाए किभाजपा नेता बताएंगे कि ये लड़के शलभ मणि त्रिपाठी के लिए क्या काम करते हैं?, क्या शलभ मणि त्रिपाठी से भी नकली नोट मामले में पूछताछ होगी? सपा का कहना है कि भाजपा और उसकी सरकार वाले प्रशासन ने जानबूझकर इन युवकों को सपा से जोड़कर बदनाम करने की कोशिश की। जबकि असल में ये युवक भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी से जुड़े हुए हैं। अखिलेश यादव के रिपोस्ट करने से यह मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया है। यह पूरा विवाद नकली नोट छापने के एक मामले से जुड़ा है। पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भाजपा पक्ष इन युवकों को सपा कार्यकर्ता या नेता बताकर हमला बोल रहा था। लेकिन सपा ने अब तस्वीरें शेयर करके पलटवार किया और दावा किया कि ये लोग देवरिया के भाजपा विधायक के करीबी हैं। सपा पूछ रही है कि अगर सच्चाई यही है तो फिर शलभ मणि त्रिपाठी से पूछताछ क्यों नहीं हो रही? इस मुद्दे पर भाजपा और सपा के बीच तीखी बहस छिड़ गई है। सपा इसे भाजपा की साजिश बता रही है, जबकि भाजपा पहले इस मामले में सपा पर आरोप लगा चुकी है।अब सपा चाहती है कि सच्चाई सामने आए और दोषी पक्ष पर कार्रवाई हो। यह घटना उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिर से सपा-भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर शुरू कर रही है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर राजनीतिक फायदे के लिए मामले को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगा रही हैं।

# असम चुनाव: प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंत पर साधा निशाना, कहा- एक परिवार असम को लूट रहा है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में ''केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है''। प्रियंका गांधी ने विपक्ष के नेता और नाजिरा से पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का ''गुलाम'' होने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा, ''असम में एक परिवार सब कुछ लूट रहा है और जब वे लूटपाट नहीं कर रहे होते हैं तो खदानें, जमीनें और हर संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है।'' उन्होंने असम में बीपी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका गांधी ने दावा किया, ''बीजेपी ने कहा था कि उसने 'डबल इंजन' वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं।'' उन्होंने ''चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम रहने के लिए'' भाजपा सरकार पर हमला किया और इस बात पर जोर दिया कि बागानों के लोग संघर्ष कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा, ''विभिन्न जनजातीय समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की वर्षों से मांग कर रहे हैं। भाजपा ने उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे।'' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि असम की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना 'अरुणोदय' से उनके नाम हटाने की धमकी देकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की रैलियों में जबरन शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

# घर में प्रार्थना सभा पर रोक नहीं, अनुमति की जरूरत नहीं: छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि किसी व्यक्ति को अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित करने से रोकने वाला कोई कानून नहीं है। इसके लिए किसी भी प्राधिकरण से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है बशर्ते इससे कानून-व्यवस्था या अन्य नियमों का उल्लंघन न हो। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए पुलिस द्वारा जारी नोटिसों को रद्द किया, जिनमें याचिकाकर्ताओं को अपने घर में ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा आयोजित करने से रोका गया था। अदालत ने कहा, 'किसी व्यक्ति को अपने निवास स्थान पर प्रार्थना या प्रार्थना सभा आयोजित करने से रोकने वाला कोई कानून नहीं है। यदि यह बिना किसी अवैध गतिविधि के आयोजित की जाती है तो इसके लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। 'मामले में याचिकाकर्ता गांव गोधना, जिला जांजगीर-चांपा के निवासी हैं, जो वर्ष 2016 से अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर रहे थे। उनके अनुसार इन आयोजनों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या अवैध गतिविधि नहीं होती थी। फिर भी पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी कर ऐसे आयोजनों से रोकने की कोशिश की। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि प्रार्थना सभा के दौरान शोर-शराबा या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो प्रशासन को कार्रवाई करने का अधिकार है। हालांकि, केवल इस आधार पर कि सभा आयोजित की जा रही है उसे रोका नहीं जा सकता। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं के नागरिक अधिकारों में हस्तक्षेप न करें और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न करें। इसी के साथ हाईकोर्ट ने संबंधित पुलिस नोटिसों को निरस्त करते हुए याचिका स्वीकार की।

### कोयला घोटाला केस: आई-पीएसी पर ED की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली से बेंगलुरु तक छापेमारी




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार (2 अप्रैल) को पश्चिम बंगाल कोयला तस्करी मामले के सिलसिले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी से जुड़े कई ठिकानों पर नए छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कथित कोयला तस्करी और चोरी घोटाले की एजेंसी की चल रही जांच के तहत हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाए गए। अधिकारियों ने बताया कि आई-पीएसी से जुड़े कई परिसरों में एक साथ तलाशी ली जा रही थी। इनमें ऋषि राज सिंह का बेंगलुरु स्थित आवास भी शामिल था, जिसकी तलाशी अभियान के दौरान ली गई। यह बताना महत्वपूर्ण है कि आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक परामर्श सेवाएं प्रदान करती है और पार्टी के आईटी और मीडिया संचालन का भी प्रबंधन करती है।

# ज्ञान भारतम् मिशन को गति देने के लिए प्रशासन सक्रिय

### ● पाण्डुलिपियों के संरक्षण हेतु व्यापक सर्वेक्षण की तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** भारतीय ज्ञान परम्परा को संरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में 'ज्ञान भारतम् मिशन' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को संगम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन के प्रथम चरण में जनपद की प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों का चिन्हीकरण किया जाएगा। उन्होंने पाण्डुलिपियों के विषय में जानकारी रखने वाले विद्वानों, संस्थाओं एवं समाज के लोगों से अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया, ताकि इन अमूल्य धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने मिशन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अभियान भारतीय ज्ञान परम्परा को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बैठक में विभिन्न संगठनों एवं विद्वानों ने अपने विचार रखे। सिविल डिफेन्स के अनिल कुमार गुप्ता (अन्नू भैया) ने बताया कि प्रयागराज से सटे कौशाम्बी और रीवा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं, जिनका सर्वेक्षण और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। तीर्थ पुरोहित संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल ने कहा कि प्रयागवाल पुरोहित समाज के पास सैकड़ों वर्षों पुरानी वंशावलियाँ और ग्रंथ सुरक्षित हैं, जो प्राचीन भाषाओं में लिखित हैं। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 जमील अहमद ने जनपद की समृद्ध ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहाँ बड़ी संख्या में पाण्डुलिपियाँ मौजूद हैं। वहीं दायराशाह अजमल से आए मौलाना शमशेर आजम और सज्जादानशीन फराज फाखरी ने बताया कि प्रयागराज के दायरों में हस्तलिखित ग्रंथ सुरक्षित हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के आचार्य अनिल प्रताप गिरि ने सुझाव दिया कि गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण किया जाना चाहिए, क्योंकि मंदिरों, मठों, मस्जिदों और मदरसों में अभी भी अनेक पाण्डुलिपियाँ सुरक्षित हैं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कुन्तक मिश्र ने जानकारी दी कि उनके संस्थान में लगभग 12 हजार पाण्डुलिपियाँ हैं, जिनका डिजिटाइजेशन कार्य जारी है। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की डॉ0 कल्पना सहाय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक का संयोजन संस्कृति विभाग के पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, इलाहाबाद संग्रहालय की डॉ. संजू मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षाविद् एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जेल रोड पावर हाउस में अभद्रता के विरोध में घेराव,जेई ने मांगी माफी

### ● 10 दिन में स्थानांतरण का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** जेल रोड पावर हाउस में अवर अभियंता एवं संविदा कर्मियों द्वारा कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में गुरुवार को जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने घेराव कर प्रदर्शन किया। यह मामला उस समय से जुड़ा है जब एक गरीब मजदूर रुपचंद सिंह की शिकायत पर स्मार्ट मीटर न लगाए जाने के चलते उसकी बिजली केबल काट दी गई थी।इस घटना के विरोध में 25 मार्च 2026 को पार्षद रणविजय सिंह डब्बू (एडवोकेट) और भाजपा नेता नरसिंह जी जेल रोड पावर हाउस शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे, जहां आरोप है कि अवर अभियंता निलेश मिश्रा और उनके दो संविदा कर्मियों ने उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की।प्रशासन एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज होकर 2 अप्रैल 2026 को दोपहर 1 बजे जनहित के मुद्दे को लेकर पावर हाउस का घेराव किया गया। इस दौरान नैनी क्षेत्र के कई पार्षद, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में अवर अभियंता और संविदा कर्मियों को निलंबित करने की मांग की।

भीड़ बढ़ने पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने फोन पर हस्तक्षेप करते हुए प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित जेई सार्वजनिक रूप से माफी मांगेगा और जल्द ही उसका स्थानांतरण किया जाएगा। इसके बाद अवर अभियंता निलेश मिश्रा और अधिशासी अभियंता रचित खन्ना ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। अधिशासी अभियंता ने यह भी आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर निलेश मिश्रा और दोनों संविदा कर्मियों का स्थानांतरण कर दिया जाएगा।आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर नरसिंह जी ने किया।इस घेराव में पवन यादव, सोनू, मंचो सिंह, राजा भारती, दिलीप केसरवानी, शिवनारायण यादव, प्रेम शंकर यादव, राममिलन, सियाराम मौर्य, माया देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नारायणपुर में हुई ग्राम प्रधान की बैठक



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गुरूवार को नारायणपुर के प्रखंड सभागार में परंपारिक ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक हुई। बैठक में नारायणपुर के सीओ देवराज गुप्ता, सीआइ सौरभ सुमन मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, संगठन की नियमित बैठक करने, शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने समैत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ग्राम प्रधानों ने सीआइ से मांग की की प्रावधान के अनुरूप ग्राम सभा की अध्यक्षता का अधिकार ग्राम प्रधानों को मिलना चाहिए। बैठक में कहा गया कि ग्राम प्रधानों को मिलने वाली पारिश्रमिक समय पर मिले इस दिशा में सार्थक पहल होनी चाहिए। वर्तमान समय में नौ माह से पारिश्रमिक नहीं मिली है। ग्राम प्रधानों को रैयतों का वंशावली बनाना है, सरकारी जमीन का संरक्षण भी करना है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि किस मौजा में कौन सा सरकारी कार्य होने वाला है इसकी सूचना प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधानों को भी देनी चाहिए। कहा कि ग्राम प्रधानों को जानकारी होगी तो कार्य में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर शिवलाल मुर्मू, हेमन मुर्मू, नरेश हांसदा, अमृत मंडल, सत्यनारायण तिवारी, मदन दत्ता, सुकदेव रवानी, अमर कुमार मंडल, मो शाहजहां, हेमन मुर्मू व क्षेत्र के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

### तहसील कुण्डा परिसर स्थित फोटो स्टेट, कम्प्यूटर टाइप दुकान व चाय-नास्ता कैन्टीन की नीलामी 8 अप्रैल को

**प्रतापगढ़।** उप जिलाधिकारी कुण्डा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) हेतु तहसील परिसर स्थित फोटो स्टेट दुकान, कम्प्यूटर टाइप की दुकान व चाय-नास्ता कैन्टीन की नीलामी 08 अप्रैल दिन बुधवार को तहसील सभागार कुण्डा में अपरान्ह 3 बजे से तहसीलदार कुण्डा द्वारा सम्पादित की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी नायब नाजिर कुण्डा पटल से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

### अज्ञात बदमाशों ने युवक को रोका, शराब के लिए पैसे मांगे

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा एक युवक को रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नयागांव निवासी राज पुत्र राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2026 की रात करीब 11.45 बजे वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से पंचमुखी हनुमान मंदिर, ग्राम पनारी के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसे की मांग करने लगे। पीड़ित द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोप है कि बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। किसी तरह वह उनके चंगुल से बचकर निकल गया, लेकिन आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### युवती के लापता होने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, युवक पर शक

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला से एक युवती के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब 18 वर्षीय पुत्री 31 मार्च 2026 की सुबह लगभग 10 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रिश्तेदारों एवं आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। तहरीर में एक युवक पर संदेह व्यक्त किया गया है, जो पूर्व में युवती के संपर्क में था और उसे लेकर पहले भी परिजनों द्वारा समझाइश दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरोग्यम कुणाल अस्पताल में चिकित्सकीय उत्कृष्टता का परिचय, तीन गंभीर बच्चों को मिला नया जीवन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग स्थित आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल में चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम ने एक बार फिर अपनी दक्षता, सतर्कता और समर्पण का परिचय देते हुए तीन गंभीर रूप से बीमार बच्चों को नया जीवन प्रदान किया है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है। शिशु एवं नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल राम ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में अस्पताल में तीन अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण मामले सामने आए, जिनका सफलतापूर्वक उपचार कर बच्चों को स्वस्थ अवस्था में घर भेजा जा रहा है। पहले मामले में एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में अस्पताल लाया गया था। वह गर्म पदार्थ में गिर गया था, जिससे उसके शरीर का निचला हिस्सा, विशेषकर नाभि के नीचे का भाग और निजी अंग बुरी तरह प्रभावित हो गए थे। यह द्वितीय स्तर की जलन थी। चिकित्सकों ने नियमित ड्रेसिंग, आवश्यक दवाइयों एवं जीवाणुरोधी उपचार के माध्यम से उसकी स्थिति में सुधार किया। सतत निगरानी के बाद बच्चा अब काफी हद तक स्वस्थ हो चुका है और उसे छुट्टी दे दी गई है, साथ ही आगे भी नियमित उपचार जारी रखने की सलाह दी गई है।

दूसरे मामले में एक बच्चा अत्यधिक



तेज बुखार के साथ अस्पताल पहुंचा, जिसका तापमान 104 से 105 डिग्री तक था। वह अचेत अवस्था के करीब था और उसकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हो चुकी थी। जांच में स्क्रब टाइफस संक्रमण की पुष्टि हुई। चिकित्सकों ने त्वरित उपचार शुरू किया और मात्र तीन दिनों के भीतर उसकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौट चुका है। तीसरा मामला सड़क दुर्घटना से जुड़ा था, जिसमें एक बच्चा अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी–वह बेहोश था, अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था और रक्तचाप भी मापने योग्य नहीं था। चिकित्सकों ने तत्काल रक्त चढ़ाकर गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज शुरू किया। निरंतर प्रयास और समर्पित देखभाल के फलस्वरूप अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है और शीघ्र ही उसे भी अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। डॉ. हीरालाल राम ने बताया कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक समर्पित टीम–जिसमें डॉ. प्रकाश, डॉ. सुरभि, डॉ. शक्ति और डॉ. आमिर शामिल हैं–निरंतर गंभीर रोगियों की देखभाल में जुटी रहती है। प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से हर परिस्थिति में बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि मरीजों में विश्वास और सुरक्षा की भावना स्थापित करना भी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, ताकि हजारीबाग एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। वहीं, अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि प्रत्येक मरीज की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ की जाती है। आधुनिक उपकरणों एवं प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता को लगातार उन्नत किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान की यह प्रतिबद्धता लोगों के भरोसे को और अधिक सुदृढ़ करेगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब हजारीबाग में ही उच्च स्तरीय एवं भरोसेमंद चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिल रही है।

# दुमका वन विभाग की बड़ी कार्रवाईः अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त, तस्करों में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नोनीहाट, दुमका, झारखंडः-** वन विभाग की टीम ने देर रात करीब 2 बजे छापेमारी कर अवैध लकड़ी तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया है। दुमका से गठित विशेष टीम ने रामगढ़ प्रखंड के हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरकुटिया गाँव के पास अवैध रूप से लोड 15 बोटा (बैरेक) लकड़ी लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

**गुप्त सूचना पर रात 2 बजे हुई छापेमारी**

जानकारी के अनुसार, वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी की एक बड़ी खेप तस्करी के लिए ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए दुमका से एक विशेष टीम का गठन किया गया। रात करीब 2 बजे जब तस्कर लकड़ी लेकर गुजर रहे थे, तभी कुरकुटिया गाँव के पास टीम ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोक लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे, लेकिन टीम ने अवैध लकड़ी के साथ ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। इस महत्वपूर्ण छापेमारी में दुमका से



वन्यपाल अमिश कुमार साह और बासुकीनाथ चतुर्वेदी मुख्य रूप से शामिल थे। वहीं, स्थानीय स्तर पर सहयोग के लिए नोनीहाट स्थित वन विभाग कार्यालय से धनंजय कुमार और सुबल मुर्मू ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। टीम की मुस्तैदी के कारण तस्करी का यह प्रयास नाकाम रहा।

**बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर से हो रही थी तस्करी.**

जांच के दौरान यह पाया गया कि तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे ट्रैक्टर में कोई नंबर प्लेट नहीं थी। यह तस्करों की एक सोची-समझी साजिश थी ताकि पहचान छिपाई जा सके। ट्रैक्टर की ट्रॉली में 15 बोटा (बैरेक) लकड़ी लदी हुई थी, जिसकी कीमत बाजार में काफी अधिक बताई जा रही है। जब्त किए गए ट्रैक्टर और लकड़ी को नोनीहाट स्थित वन विभाग के कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है।


### मजदूरी मांगने पर महिला से मारपीट, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मिदरवाहा निवासी गुलाबो पत्नी तिती रैकवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव के ही रक्षपाल रैकवार के खेत में 400 रुपये प्रतिदिन की दर से चार दिन तक फसल कटाई का कार्य किया था। आरोप है कि 31 मार्च 2026 की शाम जब वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगने गई तो पहले टाल दिया गया। इसके बाद रात करीब 9.30 बजे रक्षपाल रैकवार और उसके पिता अलीश रैकवार शराब के नशे में उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया। दोनों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# मासिक एवं विशेष लोक अदालत की तैयारी तेज, चेक बाउंस मामलों के निष्पादन पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड :-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार अप्रैल माह में आयोजित होने वाली मासिक लोक अदालत के साथ-साथ विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडे की अध्यक्षता में उनके कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्तागण, बैंक अधिकारीगण, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, वादियों एवं प्रतिवादियों के अधिवक्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष रूप से एनआई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन को लेकर विस्तृत विचार-



विमर्श किया गया। अध्यक्षता कर रहे पीडीजे ने उपस्थित अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक चेक बाउंस मामलों का निष्पादन आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि लंबित मामलों में कमी लाई जा सके और पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का समाधान न केवल समय की बचत करता है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाता है।

बैठक में पक्षकारों को समय पर नोटिस प्रेषित करने, मामलों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि लोक अदालत के माध्यम से अधिकतम मामलों का निष्पादन संभव हो सके। इस अवसर पर एनआई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित न्यायिक पदाधिकारी, विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्ता एवं पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी, वादी-प्रतिवादी के अधिवक्ता सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रकार, आगामी लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को सुलभ, त्वरित एवं किफायती न्याय मिल सके।

# चैत पूर्णिमा सह हनुमान जयंती पर संकट मोचन धाम पथरोल में भक्ति की बही अविरल धारा

**● भजन संध्या, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पथरोल, करों, देवघर, झारखंड :-** सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में बुधवार देर शाम चैत पूर्णिमा सह हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या, हनुमान जी की महाआरती तथा खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि संकट मोचन धाम पथरोल में वर्ष 2002 से प्रत्येक पूर्णिमा पर बाबा की महाआरती, भजन-कीर्तन एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन निरंतर होता आ रहा है। इसी परंपरा के तहत चैत पूर्णिमा के अवसर पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भक्तों को



आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया गया। भजन संध्या के दौरान भजन गायक लालटू पाल, अक्षय शर्मा और रामजी रवानी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं संगीत संगत में सुरेन दास, दिनेश दास, जटाशंकर राउत, डब्लू सहित अन्य कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी गौतम पाठक द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ से की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने जानकारी दी कि यहां प्रत्येक पूर्णिमा को भक्तों के सहयोग से भजन-कीर्तन एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु स्वेच्छा से सहयोग करते हैं, जिससे यह धार्मिक परंपरा निरंतर जारी है। मौके पर मृणाल सिंह, संतोष पांडेय, महेंद्र तिवारी, विकास पोद्दार, संदीप साह, सुशील सिंह, गंभीर कुमार, किशुन साह, देबू साह, रमन कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुटे रहे, जिनमें माधो मंडल, कारू रवानी, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, अजय रवानी, दिनेश दास, नरेश रजवार, राजकिशोर, गुणधार मंडल, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, सुशील सिंह, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, उमा रवानी, पंचु शर्मा, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, सुधीर महतो, मनोज यादव, जटाशंकर राउत, हीरो यादव, बरुण बावरी, होली मंडल, जग्गू रवानी सहित अन्य लोग शामिल थे। इस प्रकार, चैत पूर्णिमा और हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर संकट मोचन धाम पथरोल में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला।

# निर्भया-2 हत्याकांड का हुआ खुलासा, इंसानियत शर्मसार, माँ ही निकली आरोपी, देश स्तब्ध

**●पुलिस अधीक्षक एवं उनकी टीम का कार्य काफी सराहनीय : टोनी जैन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुम्भा गांव में सामने आए निर्भया-2 हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जिस घटना को लेकर लगातार आंदोलन और आक्रोश जारी था, उसके खुलासे के बाद जो सच्चाई सामने आई है, उसने हर किसी को हतप्रभ कर दिया है। यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता पर गहरा धब्बा बनकर उभरा है। किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता टोनी जैन ने इस मामले पर गहरी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस तरह से पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस प्रशासन ने इस जटिल और गुमराह कर देने वाले मामले को सुलझाया है, वह सराहनीय है। खासकर रामनवमी जैसे संवेदनशील त्योहार के दौरान संयम बनाए रखते हुए मामले का सफल उद्भेदन करना पुलिस की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी। लेकिन इस घटना का सबसे भयावह पहलू यह है कि इस जघन्य अपराध में एक माँ का नाम सामने आया है। यह सुनकर समाज स्तब्ध है कि क्या कोई माँ इतनी क्रूर हो सकती है? जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो समाज के सामने सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है। आखिर भरोसा किस पर किया जाए?

इस घटना ने अंधविश्वास और सामाजिक अज्ञानता की उस कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया है, जो आज भी हमारे समाज में जड़ें जमाए हुए है। एक मासूम बच्ची की इस तरह बेरहमी से हत्या न सिर्फ कानून, बल्कि इंसानियत के खिलाफ अपराध है। टोनी जैन ने कहा कि यह घटना पूरे समाज के लिए चेतावनी है। अब समय आ गया है कि समाज जागरूक हो, अंधविश्वास से दूर रहे और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए। उन्होंने मांग की कि इस मामले में शामिल सभी दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधी का कोई धर्म, जाति या दल नहीं होता, हत्यारा सिर्फ हत्यारा होता है। समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आगे आना चाहिए। यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि इंसानियत को आईना दिखाने वाला सच है... सवाल यह है कि क्या अब भी समाज जागेगा?

# कुमैठा के सगदाहा मैदान में राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शानदार शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** देवघर के कुमैठा स्थित सगदाहा मैदान में गुरुवार को 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता - स्व0 वेदानंद सिंह / स्व0 इंदु देवी स्मृति का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ की मेजबानी में अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फेडरेशन के महासचिव साबिर खान एवं पर्यवेक्षक अनिल लहरी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत झा, संरक्षक विजय प्रताप सनातन, अमरेंद्र सिंह एवं महासचिव संजीव कुमार झा



विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन दिवस पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। पहले मैच में झारखंड अंडर-19 बॉयज़ टीम ने छत्तीसगढ़ अंडर-19 बॉयज़ टीम को 9 विकेट से पराजित किया।


दूसरे मुकाबले में बिहार अंडर-19 गर्ल्स टीम ने मध्य प्रदेश अंडर-19 गर्ल्स टीम को 8 विकेट से हराकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद झारखंड अंडर-19 बॉयज़ टीम ने उत्तर प्रदेश अंडर-19 बॉयज़ टीम को 55 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं ओडिशा अंडर-19 बॉयज़ टीम और बिहार अंडर-19 बॉयज़ टीम के बीच हुए मुकाबले में बिहार ने 6 विकेट से जीत हासिल कर अगले चरण में जगह बनाई। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। उन्होंने सभी टीमों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राजीव सिंह, घनश्याम राणा, संजय वर्मा, गौतम राय, ज्योति सिंह, सुमीत कुमार, रंजन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और आने वाले मुकाबलों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है।

# खंडेलवाल वैश्य पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर खंडेलवाल का आकस्मिक निधन

**●समाज में शोक की लहर, सोशल मीडिया पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जताया गहरा दुःख**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** खंडेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्यामसुंदर खंडेलवाल का गुरुवार को प्रातः 9:41 बजे आकस्मिक निधन हो गया। 30 अगस्त 1949 को जन्मे स्व. खंडेलवाल ने 77 वर्ष की आयु में इस संसार को अलविदा कहा। उनके निधन से शहर सहित पूरे समाज में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्यामसुंदर खंडेलवाल एक प्रतिष्ठित समाजसेवी परिवार से जुड़े थे। उनके पिता स्व. रामविलास खंडेलवाल अपने समय के प्रख्यात समाजसेवी रहे, साथ ही खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष भी रहे है। जिन्होंने समाज को संगठित करने एवं नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए श्यामसुंदर खंडेलवाल ने




भी समाज सेवा को अपना जीवन समर्पित किया और खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभाते हुए समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। मृदुभाषी, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी स्व. खंडेलवाल समाज के हर वर्ग में सम्मानित थे। उन्होंने अपने व्यवहार और सेवा भावना से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनके निधन से समाज ने एक सशक्त नेतृत्वकर्ता और प्रेरणास्रोत को खो दिया है। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को हजारीबाग के खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान आर्यन टावर, लोहसिंगना रोड से प्रातः 11 बजे निकलेगी। उनके निधन के उपरांत सोशल मीडिया पर भी शोक की लहर देखने को मिली, जहां विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

# हनुमान जयंती पर पाकुड़िया बजरंगबली मंदिर में भक्तों ने की श्रद्धा-भक्ति से श्रीराम भक्त हनुमान जी की अर्चना

**●हनुमान जयंती पर पाकुड़िया प्रखण्ड में दिखा अपूर्व उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** विक्रमीय संवत् 2083 चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि अंग्रेजी 2 अप्रैल को हनुमान जयंती की पुणीत वेला में श्रीराम भक्त हनुमान जी की पूरी भक्ति-भाव से प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित बजरंगबली मंदिर में भक्तों ने पूजन कर मंगल कामना की। इस मांगलिक शुभ अवसर पर पाकुड़िया प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की अर्चना की। अंजनी सुत हनुमान जी का प्रताप सभी कालों में रहा है। वे अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता हैं। बजरंगबली बलि ग्यारहवां रुद्र अवतार हैं। उल्लेखनीय है कि जग कल्याण हेतु भगवान को अलग-अलग समय और विशेष प्रयोजन हेतु विभिन्न रूपों में अवतरण होना पड़ता है। भगवत् लीलाओं को चंद पंक्तियों में लिपिबद्ध करना कतई संभव नहीं है। स्मरणीय है कि



रावण महान शिव भक्त थे और महाबलशाली भी। अपने घोर तप के बल पर उन्होंने किसी से मृत्यु देव-दानव से न होने का वर तो मांग लिया, पर मानव व पशु को अबला जानते हुए उपेक्षा की। यद्यपि यह सर्वविदित है तथा दैवी कठोर नियम भी है कि जो जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। तप के बल पर मानव अपनी आयु लंबी कर सकता है लेकिन वह अमर नहीं हो सकता। बजरंगबली संकट मोचन हैं और सच्चे मन से लोकहित में कामना करने से वे मनचाहा वरदान देने में पूर्ण सक्षम हैं। उल्लेखित प्रमाणिक शास्त्रों के गहन अध्ययन से समझा जा सकता है कि उन्होंने दुष्टों का संहार करते हुए प्रकृति माता एवं सभी प्राणियों के हित में कितनी बुद्धिमत्ता व चतुराई से अपने कर्म किए। वहीं गुरु की महिमा व ज्ञान अर्जन की महत्ता के आलोक में उन्होंने भगवान भास्कर को गुरु मान सभी प्रकार के ज्ञान अर्जित किए। हरि अनंत हरि कथा अनंता। पूर्णिमा की मंगलमय बेला में भक्तों ने मंदिरों में उपासना कर मंगल कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### हनुमान जयंती पर दोहर मंदिर में हुआ हवन, बंटा भंडारा प्रसाद



**कोंच(जालौन)-** भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त मारुतिनंदन महावीर हनुमान के प्राकट्योत्सव पर गुरुवार को सुप्रसिद्ध दोहर मंदिर में हवन पूजन कर भंडारा प्रसाद बांटा गया। महावीर हनुमान के प्राकट्योत्सव पर सुबह ही दोहर मंदिर सहित गुदरिया मंदिर, पंचमुखी मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना आरम्भ हो गई थी। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर महावीर हनुमान की पूजा अर्चना कर भोग अर्पित किया और घर परिवार की सुख समृद्धि व मंगलकामना हेतु विनती की। दोहर मंदिर पर हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, बजरंग बाण, हनुमाष्टक का सामुहिक पाठ किया और फिर हवन पूजन किया कर चोला चढ़ाया। भंडारा प्रसाद वितरण व्यवस्था में पुजारी कमलेश दुवे, अजय दुवे, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, विनय वाजपेई, अमरेंद्र दुवे, धर्मेंद्र बबेले, राजेन्द्र दुवे, आनंद दुवे, भास्कर दुबे, नीरज दुवे, व्योम शुक्ला, वीरू सोनी आदि संलग्न रहे।

### जनपद के सभी उर्वरक प्रतिष्ठानो का भौतिक सत्यापन, कई प्रतिष्ठान निलंबित

**प्रतिष्ठानो को स्पष्टीकरण जारी, दिये कड़े निर्देश**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देश के कम में जनपद के समस्त विकास खण्डो मे स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानो का भौतिक सत्यापन सम्बन्धित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के द्वारा कराया गया। सत्यापनकर्ता के अनुसार मेसर्स केशरी खाद भण्डार, बनौरा, मे0 पटेल खाद भण्डार, बडगाँव, मे0 यदुवंशी इन्टर प्राइजेज, बडगाँव, मे0 अंशिका खाद एवं बीज भण्डार, मारकुण्डी, मे0 श्री बाला जी एग्रोटेक, कोन, मे0 जायसवाल खाद भण्डार, कोन एवं मे0 केकराही किसान सेवा केन्द्र समिति लि0, करमा सोनभद्र क प्रतिष्ठानो के पास मशीन एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता पायी गयीं। उपरोक्त से यह परिलक्षित होता है कि उपरोक्त उर्वरक प्रतिष्ठानो के द्वारा उर्वरको का अबैध भण्डार / जमा खोरी, कालाबाजारी एवं ओवररेटिंग किया जा रहा है। जिसके लिये सम्बन्धित उर्वरक प्रतिष्ठान को निलम्बित करते हुए विकी को प्रतिबन्धित करते हुए स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया है कि कृषकों को बिना किसी टैगिंग के एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का बितरण किया जाय तथा अधिकत्मक एक हेक्टेयर कृषि भूमि पर यूरिया 07 बैग एवं डी0ए0पी 05 बैग का पास मशीन से वितरण करना सुनिश्चित करें। अगर किसी भी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेता द्वारा कालाबाजारी / जमाखोरी, टैगिंग करते हुए एवं निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिकी करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक एवं मिश्रित) नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण और स्मार्ट उपकरण निःशुल्क प्राप्त करने हेतु करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों एवं विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को सुगमतापूवर्क दैनिक क्रियाकलापों के सम्पादन में अधिकतम रूपये 15000 की सीमा तक मूल्य के बनावटी अंग यथा-कृत्रिम हाथ-पैर/ कैलीपर्स आदि एवं सहायक उपकरण यथा-ट्राईसाईकिल, बैशाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, एम0आर0कीट, ब्रेल कीट, ए0डी0एल0 कीट, स्मार्ट फोन, टैबलेट आदि निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते है। इच्छुक दिव्यांगजन वेब पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत किसी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष एवं अन्य दिव्यांगजनों को तीन वर्ष में एक बार लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है। जनपद में उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन/अभिभावकजन को अवगत कराना है कि विभागीय वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन पत्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# साइबर क्राइम जनपद सोनभद्र ने नीट/एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर करोड़ो की ठगी करने वाले 03 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र धीरेन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा उल्लेखनीय कार्रवाई की गई। नीट/एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस टीम ने तत्परता एवं तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पीड़ित द्वारा थाना साइबर क्राइम, जनपद सोनभद्र पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे नीट (हृश्वश्वञ्ज) परीक्षा के माध्यम से एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने का झांसा दिया गया। अभियुक्तों ने स्वयं को मेडिकल एडमिशन से जुड़े प्रभावशाली व्यक्ति/एजेंट बताते हुए सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजों में पक्की सीट दिलाने का दावा किया। अभियुक्तों ने विश्वास में लेकर पीड़ित से विभिन्न चरणों में कुल ?22,00,000 (बाइस लाख रुपये) की धनराशि अपने बताए गए बैंक खातों/ऑनलाइन माध्यमों में जमा करवा ली। जिसके संबंध में थाना साइबर क्राइम जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0-09/2026 धारा 318(4), 336(3) बीएनएस एवं 66डी आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल साइबर क्राइम टीम को सक्रिय करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो के बैंक खातों का गहन विश्लेषण,मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल एवं लोकेशन ट्रैकिंग,डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन, सर्विलांस एवं मुखबिर तंत्र का प्रयोग करते हुए अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गई। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा लखनऊ के चारबाग बस स्टैण्ड के पास जूडियो शॉपिंग माल से सटीक सूचना पर दबिश देकर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अन्य राज्यों/जनपदों में भी इस प्रकार की ठगी की घटनाओं को अंजाम देने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जा रही है।

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि प्रदेश मे बड़े बड़े कोचिंग सेन्टरों व कालेजों का डाटा मिली भगत से लेकर आनलाइन अपने आप्टिमस एजुकेशन कन्सल्टेन्सी आफिस नम्बर 122 4ह्लद्ध प्लोर जेबी एम्पायर निकट अपोलो हास्पिटल मे मंगाते थे तथा उसमे स्थापित काल सेन्टर के माध्यम से जो छात्र एमबीबीएस व नीट की परीक्षा पास करते है उनसे टेलीकालर के माध्यम से सम्पर्क कर जो किसी काम वंचित रह जाते है बढिया कालेजों मे दाखिला कराने का प्रलोभन देकर हम लोग धोखाधडी करते थे ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण क्रमश :- संचित चन्द्रा पुत्र सुभाष चन्द्रा निवासी कृष्णानगर लखनऊ उम्र करीब 46 वर्ष , विनय कुमार मौर्या पुत्र स्व0 जितेन्द्र मौर्या निवासी कंघी टोला नेवाजगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष , आकाश



सिन्हा पुत्र जय प्रकाश सिन्हा निवासी बोईगपल्ली जिला सिकन्दराबाद आन्ध्र प्रदेश उम्र करीब 35 वर्ष ।

अभियुक्त संचित चन्द्रा पुत्र सुभाष चन्द्रा का आपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0 193/2019 धारा 352, 406, 420, 504, 506 भा0द0वि0 थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ जिसमें अभियुक्त का आवासीय पता डी 2/535 नियर लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर एफ, जानकीपुरम थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ , मु0अ0सं0 491/2019 धारा 406, 420, 467, 468,471 भा0द0वि0 थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ जिसमें अभियुक्त का आवासीय पता डी 2/535 नियर लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर एफ, जानकीपुरम थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ, मु0अ0सं0 88/2018 धारा 406, 420, 467, 506 भा0द0वि0 थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ जिसमें अभियुक्त का आवासीय वर्तमान पता-3/122 वास्तुखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश, आवासीय स्थायी पता-धर्मपुर गीता वाटिका के पास, शाहपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, मु0अ0सं0 34/2025 धारा 318(4), 352(4), 352 बी0एन0एस0 व 66 डी आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम जनपद जालौन आवासी पता 1/139, कृष्णानगर, गोमतीनगर लखनऊ, गोमतीनगर, लखनऊ (स्थायी पता-462, विभव खंड, गोमती नगर, लखनऊ, गोमतीनगर, लखनऊ पूर्वी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश, मु0अ0सं0 126/2019 धारा 174 ए थाना सोनीपत जनपद हरियाणा आवासीय वर्तमान पता-डी-2/535 नियर, लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर एफ, जानकीपुरम, थाना जानकीपुरम लखनऊ, जानकीपुरम, लखनऊ, मु0अ0सं0 102/2020 धारा 420 भा0द0वि0 थाना सोनीपत जनपद हरियाणा आवासीय वर्तमान पता-डी-2/535 नियर, लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर एफ, जानकीपुरम, थाना जानकीपुरम लखनऊ, जानकीपुरम, लखनऊ

अभियुक्त विनय कुमार मौर्या पुत्र जितेन्द्र मौर्या का आपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0 34/2025 धारा 318(4), 352(4), 352 बी0एन0एस0 व 66 डी आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम जनपद जालौन आवासीय वर्तमान पता-52, भूहर क्रासिंग, दुबग्गा थाना दुबग्गा, लखनऊ, दुबग्गा, लखनऊ पश्चिमी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश, आवासीय स्थायी पता-417/1216, कंघी टोला निवाजगंज, थाना चौक, लखनऊ, चौक, लखनऊ पश्चिमी (कमिश्नरेट लखनऊ), उत्तर प्रदेश। अभियुक्तगण के पास से 07 अदद एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन, 07 अदद अलग अलग बैंको के एटीएम कार्ड बैंको मे धनराशि जमा करने की रशीद, 01 अदद एचडीएफसी बैंक का सादा चेक बरामद

गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से प्र0नि0 धीरेन्द्र कुमार चौधरी, साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल सोनभद्र , हे0का0 संजय कुमार वर्मा, साइबर क्राइम थाना सोनभद्र , हे0का0चा0 शिवनन्दन सिंह,साइबर क्राइम थाना सोनभद्र , का0 अखिलेश यादव, साइबर क्राइम थाना सोनभद्र , का0 सत्यम सिंह, स्वाट टीम सोनभद्र , का0 सुनील रावत शामिल रहे।

# जनकल्याण और सेवा की प्रतिमूर्ति श्री हनुमान दास मेमोरियल ट्रस्ट का मानवीय संकल्प



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र,** उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र के बिल्ली बाड़ी स्थित आश्रम में श्री हनुमान दास मेमोरियल ट्रस्ट आज के समय में निस्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक चेतना का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी, शिव कुमार पहाड़ी बाबा, अपने गुरु महाराज हनुमान दास जी के पदचिन्हों पर चलते हुए मानवता की सेवा में समर्पित हैं। महाराज हनुमान दास जी को उनके अनुयायी एक त्रिकालदर्शी संत के रूप में पूजते हैं। उनके जीवन का एकमात्र ध्येय बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के जन-जन का कल्याण करना रहा। आश्रम की मान्यताओं के अनुसार, महाराज जी के पास मानवीय दुखों को समझने और उन्हें दूर करने की अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति थी। आज उनकी इसी विरासत को शिव कुमार पहाड़ी बाबा आगे बढ़ा रहे हैं। आश्रम की कार्यशैली नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर आधारित है। यहाँ आने वाले भक्तों और पीड़ितों के लिए पहाड़ी बाबा के द्वार सदैव खुले रहते हैं। आश्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के मानसिक और शारीरिक कष्टों को दूर कर उनके जीवन में सकारात्मकता लाना है। आश्रम में स्थित हवन कुंड केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसे जन-कल्याण का एक शक्तिशाली माध्यम माना जाता है। पहाड़ी बाबा नियमित रूप से लोक-कल्याण की भावना से हवन संपन्न करते हैं, जिससे वातावरण में शांति और पीड़ितों को राहत मिलने की अटूट आस्था जुड़ी है।

सोनभद्र जैसे जनजातीय और औद्योगिक क्षेत्र में, श्री हनुमान दास मेमोरियल ट्रस्ट सामाजिक समरसता का प्रतीक बना हुआ है। बाबा का संकल्प केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इंसानियत के उस दर्द को हरने का प्रयास करते हैं जिसे लोग अक्सर समाज में साझा नहीं कर पाते।श्री हनुमान दास मेमोरियल ट्रस्ट आज उन हज़ारों लोगों के लिए उम्मीद की किरण है, जो आधुनिकता की दौड़ में मानसिक शांति और सच्चे मार्गदर्शन की तलाश में हैं। पहाड़ी बाबा के सानिध्य में आश्रम अपनी पवित्रता और सेवा भाव से जनपद ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहा है।

# अंबेडकर पार्क निर्माण में गुणवत्ता विहीन काम होने से लोग बैठे धरने पर

**● शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने से गुस्साए लोग, ईओ ने जांच कर कार्यवाही का दिलाया भरोसा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**कोंच(जालौन)-** नगर स्थित नहर कॉलोनी में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क में गुणवत्ता विहीन काम को लेकर गुरुवार को कॉलोनी के लोग गुस्से में आकर सड़क पर आ गये। पार्क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए लोग हाथों में ईंटें लेकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए तत्काल जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि अंबेडकर पार्क के निर्माण के लिए सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है, इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है और घटिया ईंट, सीमेंट व अन्य सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिससे पार्क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि यदि इसी तरह से निर्माण कार्य जारी रहा तो पार्क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगा और सरकारी धन की बर्बादी होगी। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह पार्क क्षेत्र के बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों के लिए बनाया जा रहा है लेकिन इसके निर्माण में हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है। लोगों ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले ही एसडीएम से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी से नाराज होकर मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की मांग की। धरना दे रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने हाथों में ईंटें लेकर प्रतीकात्मक विरोध जताया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। धरने पर बैठे लोगों में अखंड प्रताप सिंह, गोविंद, भानुप्रताप, शशांक, जितेंद्र, ब्रजेश, अजय, सीताराम, प्रकाश बाबा, वीरेंद्र, प्रदीप सहित कॉलोनी के अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं इस पूरे मामले पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। अवर अभियंता अरुण कुमार को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के लिया कहा गया है। उन्होंने भरोसा दिया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों की सेहत पर गर्मी के दिनों में रखें विशेष ध्यान- डॉ आनंद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** कड़ी धूप और गर्म हवाओं के साथ गर्मी अब अपना असर दिखाने लगी है जिससे बच्चों से बड़े बूढों की दिनचर्या पर फर्क साफ तौर पर पड़ने लगा है। गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य खासकर बच्चों की सेहत पर गौर करना बेहद जरूरी रहता है। डॉ अमन आनंद, एमबीबीएस (केजीएमयू ,लखनऊ) बाल रोग एवं जनरल फिजिशियन, विमल क्लीनिक मारकंडेश्वर कोंच ने बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए पांच प्रमुख बातों का विशेष ध्यान रखने के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया है कि दही बच्चों को ठंडक प्रदान करता है। इसके अंदर गुड बैक्टीरिया होती है जो बच्चों की पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके अंदर प्रोटीन, कैल्शियम एवं विटामिन-डी होता है जो बच्चों के विकास में मदद करता है। नारियल पानी छह माह से ऊपर के बच्चों को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पिलाएं। नारियल का पानी बच्चों को डिहाइड्रेट होने से बचाता है और ठंडक प्रदान करता है। इसके अंदर पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम होता है जो बच्चों के



लिए बहुत जरूरी है। बच्चों के लिए तरबूज सबसे अच्छा फल है, इसके अंदर लाइकोपिन होता है जो एंटीऑक्सीडेंट है। यह बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाता है।इसके अंदर 92 प्रतिशत तक पानी होता है जो बच्चों को हाइड्रेट रखता है। इसमें विटामिन-ए और विटामिन-सी होता है जो बच्चों की इम्युनिटी को बढ़ाता है। अंगूर में बहुत अच्छी मात्रा में पानी होता है और विटामिन-सी भी होता है। आम में प्राकृतिक शुगर होती है इसलिए मीठा होता है जिसे बच्चा स्वाद से खा भी लेता है साथ ही साथ इसके अंदर फाइबर होता है जो बच्चों की पाचन शक्ति को बढ़ाता है। डॉ आनंद ने गर्मी के दिनों में बच्चों को ये 5 चीज़ें जरूर खिलाने के प्रति जागरूक किया है।

### 5 लाख के गाँजे के साथ नशे की कारोबारी महिला गिरफ्तार

**माँ बेटे करते थे गाँजे का कारोबार, महिला गिरफ्तार, पुत्र फरार**

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 9.783 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख बताई गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के दौरान कस्बा तालबेहट के वार्ड नंबर 01, मोहल्ला चौबयाना निवासी 48 वर्षीय शिवकुमारी पत्नी हरिशंकर बरार को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पुत्र राजा गांजा लाकर देता था और दोनों मिलकर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इसकी बिक्री कर मुनाफा कमाते थे। इसी से उनके घरेलू खर्च चलते थे। पुलिस ने महिला को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया है। बताया गया कि अभियुक्ता के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - दिनांक 02.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बार एसोसिएशन कोंच की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की शाम सद्भाव मण्डपम में कोंच बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता रहे। अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश मिश्रा एड.ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन सहित अतिथियों के स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ। एल्डर्स कमेटी चेयरमैन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी, अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर, महामंत्री अभिनीत, कोषाध्यक्ष सुधीर दुबे, संयुक्त सचिव अवनीश बुटौलिया, राघवेंद्र निरंजन, जितेंद्र परिहार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजीत जाटव सहित वरिष्ठ सदस्य कुलदीप सौनकिया, रामलखन, अनिल लोहिया, अनिल वर्मा सामान्य सदस्य वरुण चड्डा, अनिल पटैरिया, खुशबू जाटव आदि को शपथ दिलाई। इस मौके पर तहसीलदार ने कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना पूर्ण योगदान देगी। पालिकाध्यक्ष ने भी नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बार एसोसिएशन न केवल विधिक बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर ने सभी अतिथियों और अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वह बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखते हुए अधिवक्ताओं के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के सदस्य अवधेश द्विवेदी, ओमप्रकाश अग्रवाल, केके श्रीवास्तव, रामवीर गुर्जर, पीडी रिछारिया, विज्ञान विशारद सीरौठिया, विनोद अग्निहोत्री, सुरेंद्र कुमार खरे, उमेश व्यास, ओमप्रकाश कौशिक, हरिशंकर निरंजन, विपिन पटेल, रामहरी कुशवाहा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। संचालन नरसिंह गहरवार एड.ने किया।

# परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कोंच(जालौन)-** गल्ला मंडी परिसर स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर एवं शिशु वाटिका में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती कानपुर प्रान्त के संभाग निरीक्षक शिवकरण यादव रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों मे विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष आर.वी. मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ दिलीप अग्रवाल, प्रबंधक नरसिंह गहरबार, सह प्रबंधक मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन, सदस्य ओमदत्त गुप्ता, आनंद समरया, सभासद कृष्णा झा, रामेश्वर दयाल अग्रवाल, नवागंतुक प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा, निवर्तमान प्रधानाचार्या, आभा तिवारी, डॉ मुन्नालाल पटेल उपस्थित रहे। घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 6 में आराध्या पटेल ने प्रथम, मिस्टी यागिक ने द्वितीय, प्रिया कुशवाहा ने तृतीय, कक्षा 7 में जानवी ने प्रथम, पलक ने द्वितीय, प्रतिज्ञा ने तृतीय, कक्षा 8 में रौनक पटेल ने प्रथम, वैष्णवी गोस्वामी ने द्वितीय, अनुष्का पटेल ने तृतीय, कक्षा 9 में आयुषी और भाव्या ने प्रथम, आराध्या और अंजू ने द्वितीय, तान्या पटेल और शिवांगी ने तृतीय, कक्षा 11 में हिफजा सिद्दीकी ने प्रथम, कनिष्का सोनी ने द्वितीय, मुन्तजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 6 में शिवांशिका राजा ने प्रथम, राधिका कौरव ने द्वितीय, अंशिका पाटकर ने तृतीय, कक्षा 7 में सताक्षी ने प्रथम, वंशिका अग्रवाल ने द्वितीय, आयुषी तिवारी ने तृतीय, कक्षा 8 में अंशिका कुशवाहा ने प्रथम, माही कुशवाहा ने द्वितीय, आनुम ने तृतीय, कक्षा 9 में कोशिकी गुप्ता ने प्रथम, मानवी गुप्ता ने द्वितीय, मुद्रका ने तृतीय, कक्षा 11 में वेदिका अवस्थी एवं नैंसी सौनकिया ने प्रथम, श्रृष्टि दीक्षित एवं नाजिस ने द्वितीय, महक एवं श्रृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी माध्यम जूनियर वर्ग में टॉप रौनक पटेल ने किया। सीनियर वर्ग में भाव्या सहित अंग्रेजी माध्यम जूनियर वर्ग में अंशिका और सीनियर वर्ग में कोशिकी गुप्ता ने टॉप किया। वहीं शिशु मंदिर में हिन्दी माध्यम में कक्षा प्रभातः में कृतिका ने प्रथम, छवि ने द्वितीय, रितिका ने तृतीय, कक्षा 1 में गौरवी पटेल ने प्रथम, इशिता पटेल ने द्वितीय, आरबी सिंह ने तृतीय, कक्षा 2 में निखिल ने प्रथम, अमृता ने द्वितीय, देव सेंगर ने तृतीय, ?कक्षा 3 में पल्लवी झा ने प्रथम, अंश ने द्वितीय, संस्कार ने तृतीय, ?कक्षा 4 में अनिका ने प्रथम, क्षमा ने द्वितीय, शुभ ने तृतीय, कक्षा 5 ए सेक्शन में: पूजा ने प्रथम, अजेश ने द्वितीय, अनघ मिश्रा ने तृतीय, सेक्शन बी में धीरेन्द्र ने प्रथम, शशांक ने द्वितीय, शिवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिशु वाटिका अंग्रेजी माध्यम में नर्सरी में नितिशा, नित्या, सृष्टि, एलकेजी में रियांश वर्मा, राधिका, हर्ष, यूकेजी में जय मिश्रा, निहारिका, दक्ष गुप्ता, कक्षा 1 में मुनीष, सारा वर्मा, वेदांश, कक्षा 2 में खुशी गुप्ता, अयांक पटेल, शिवांश कौशल, कक्षा 3 में शिवाज्ञा राजा, नितिका, हर्ष कुशवाहा, कक्षा 4 में यशिका, अंकिता, साक्षी, कक्षा 5 में अनन्या पाटकार, सोनपरी, तेजस्वी ने क्रमशः स्थान प्राप्त किया। संपूर्ण विद्यालय में हिन्दी माध्यम से निखिल व पूजा और अंग्रेजी माध्यम से नितिशा, मुनीष एवं यशिका ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अतिथियों ने उपरोक्त सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संचालन प्रभारी आचार्य नरेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ सदस्य एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बार -बार आने वाली समस्याओं का स्थाई समाधान करें - दीपेन्द्र नाथ चौधरी



**कानपुर।** आज दिनांक 2.4.2026 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई । जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा /घाटमपुर मौजूद रहे । जनसुनवाई में पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

## कानपुर में अब महिलाएं मजनुओं को सिखाएंगी सबक



**कानपुर।** दिनांक 02.04.2026 को कमिश्नरेट कानपुर नगर में मिशनशक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। ताकि अब महिलाओं को किसी भी तरह की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े और वो मजनुओं को अच्छा सबक सिखा सकें। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन के संबंध में जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1098, 112, 181, 102, 108 व 1930 (साइबर हेल्पलाइन) की जानकारी दी गई। महिलाएं कहीं भी हों इन नंबरों की सहायता से अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। साथ ही उपलब्ध जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित उपयोग के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। महिलाओं को बताया गया कि वह संकट के समय किस तरह इन नंबरों की सहायता ले सकतीं हैं और मजनुओं को सबक सिखा सकतीं हैं।

## कानपुर में ओवर स्पीड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई




**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 38 ट्रक, 14 बस, 92 चार पहिया / दो पहिया 144 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 9 बस, 133 चार पहिया / दो पहिया 142 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 51 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया ।

# किडनी के अंतरराष्ट्रीय अवैध कारोबार के खिलाफ गहन जांच में जुटी कानपुर पुलिस, पांच डॉक्टरों समेत अब तक 6 गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां किडनी के अवैध अंतर्राष्ट्रीय कारोबार का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में लगातार जुटी हुई है। अब तक इस मामले में अस्पताल संचालक पांच डॉक्टरों समेत आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है ,जबकि फरार लोगों में मेरठ के डॉ. अफजल डॉ. रोहित और वैभव अनुराग की तलाश में भी छापेमारी जारी है। जहां तक किडनी की आवाज ट्रांसप्लांट के खुलासे का सवाल है। इसका पर्दाफाश 50,000 रुपये के विवाद ने करा दिया। पुलिस के अनुसार किडनी रैकेट में गिरफ्तार छह लोगों में पांच डॉक्टर शामिल हैं। इस रैकेट में कम से कम 40 लोगों, जिनमें विदेशी भी शामिल हैं, की अवैध सर्जरी की गई थी। आरोप है कि किडनी 10 लाख रुपये में खरीदी जाती थी और 60 लाख रुपये में बेची जाती थी, लेकिन उनका पर्दाफाश एक छात्र के साथ हुए विवाद से हुआ, जिसने उन्हें अपनी किडनी बेची थी। यह विवाद 50,000 रुपये की मामूली रकम को लेकर था। जानकारी के मुताबिक बिहार के समस्तीपुर के एमबीए छात्र आयुष ने पुलिस को किडनी रैकेट के बारे में सूचना दी थी। मेरठ में पढ़ने वाले आयुष ने आर्थिक तंगी के चलते आरोपियों से अपनी एक किडनी 10 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उनका दावा है कि उन्हें तय रकम से 50,000 रुपये कम यानी सिर्फ 9.5 लाख रुपये ही मिले।



फिलहाल सूचना मिलने के बाद जैसे ही जांच शुरू हुई और सुराग भी मिलने लगे। पुलिस को सबसे पहले शिवम अग्रवाल के बारे में पता चला, जो एक एम्बुलेंस चालक था और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को लुभाने के लिए टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता था। आयुष भी उसके जाल में फंस गया था। उसे 10 लाख रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन आरोपी ने कथित तौर पर मुजफ्फरनगर की एक मरीज पारुल तोमर के परिवार से 60 लाख रुपये की उगाही की थी, जिसे गुर्दे की सख्त जरूरत थी। मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने कल्याणपुर क्षेत्र के तीन अस्पतालों, जिनमें आहूजा अस्पताल, प्रिया अस्पताल और मेड लाइफ अस्पताल शामिल हैं, पर संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, मेड लाइफ अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। पुलिस ने आयुष और पारुल को अस्पताल परिसर से बरामद किया। आयुष की हालत गंभीर होने के कारण उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार अब तक आहूजा अस्पताल के मालिक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, उनकी पत्नी डॉ. प्रीति आहूजा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह और शिवम अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन अभियुक्तों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि अभी भी फरार लोगों में डॉ. अफजल, डॉ. रोहित और वैभव अनुराग की तलाश जारी है। वहीं दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत में पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने संकेत दिया कि यह गिरोह केवल कानपुर में ही सक्रिय नहीं था, बल्कि इसके संबंध दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और यहां तक कि नेपाल से भी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि माना जाता है कि इस गिरोह ने विदेशियों सहित 40 से 50 अवैध प्रत्यारोपण किए थे। फिलहाल पूरे प्रकरण की गहन जांच लगातार जारी है ,जिसमें और भी कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी का किया विरोध



**कानपुर।** थाना नौबस्ता क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 2.4.2026 को केशा हंसपुरम स्थित सब स्टेशन पर स्मार्ट मीटर में तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कुछ लोगों द्वारा एकत्र होकर विरोध किया गया। सूचना पर थाना प्रभारी नौबस्ता व चौकी प्रभारी हंसपुरम मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि स्मार्ट मीटर में तकनीकी समस्या के चलते मीटर में सप्लाई प्रदर्शित हो रही थी, किन्तु घरों में विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही थी, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश उत्पन्न हुआ। सम्बंधित विभाग को समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों को समझाकर शांत कराया गया। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः सामान्य है।

## घंटाघर, टाटमील व जरीब चौकी चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उच्चाधिकारियों का निरीक्षण






### ●सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण को लेकर प्रभावी कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 02.04.2026 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा एवं पुलिस उपायुक्त यातायात रविन्द्र कुमार द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के दृष्टिगत घंटाघर चौराहा, टाटमील चौराहा व जरीब चौकी चौराहा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात के दबाव, वाहन आवागमन, जाम की स्थिति, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं सिग्नल व्यवस्था का गहन मूल्यांकन किया गया। संबंधित यातायात निरीक्षक एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि चौराहों पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए, अनावश्यक रुकावट एवं जाम की स्थिति न उत्पन्न होने दी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रमुख मार्गों पर बैरियर/डायवर्जन की व्यवस्था, ई-चालान प्रणाली के प्रभावी उपयोग, सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग तथा ओवरलोडिंग/ओवरस्पीडिंग* पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## श्रवण बाधित बच्चों के लिए लाभकारी शल्य चिकित्सा योजना के लिए करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत श्रवण बाधित बच्चों की दिव्यांगता निवारण हेतु कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी अधिकृत चिकित्सालयों के माध्यम से निःशुल्क करायी जाती है। सर्जरी में रूपये 6 लाख का व्यय होता है, जिसका भुगतान दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा सम्बन्धित चिकित्सालय को किया जाता है। योजनान्तर्गत अधिकतम 06 वर्ष तक की आयु वर्ग के ऐसे श्रवण बाधित बच्चें जिनके अभिभावको की वार्षिक आय शासन द्वारा निर्धारित गरीबी की रेखा की सीमा के दुगने से अधिक न हो, लाभ प्राप्त कर सकतें है। जनपद के 06 वर्ष तक के श्रवण बाधित बच्चों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, एवं एक पासपोर्ट साइज (बच्चे एवं अभिभावक) के फोटोग्राफ विकास भवन में कक्ष संख्या 25 स्थित विकास भवन दिव्यांगजन कार्यालय से सम्पर्क करना सुनिश्चित करें, जिससे आवेदन पूर्ण कर लाभान्वित कराया जा सके।

## मोबाइल की लत युवाओं के लिए खतरा, अब काबिलियत का पैमाना बनेगा डीक्यू : डीएम

### ●सीएसजेएमयू में 'फाइटिंग डिजिटल एडिक्शन' कार्यक्रम, डिजिटल अनुशासन अपनाने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मोबाइल और इंटरनेट का अनियंत्रित उपयोग युवाओं की एकाग्रता, मानसिक संतुलन और उत्पादकता के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित 'फाइटिंग डिजिटल एडिक्शन' कार्यक्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का संतुलित उपयोग ही सफलता की कुंजी है और आने वाले समय में व्यक्ति की काबिलियत उसके डिजिटल व्यवहार से भी आंकी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बीसवीं शताब्दी में काबिलियत का पैमाना आईक्यू (इंटेलिजेंस क्वोशेन्ट) था। इक्कीसवीं शताब्दी के शुरुआती दौर में ईक्यू (इमोशनल क्वोशेन्ट) का महत्व बढ़ा, लेकिन अब डिजिटल युग में डीक्यू (डिजिटल क्वोशेन्ट) तेजी से महत्वपूर्ण हो रहा है और आने वाले समय में यही व्यक्ति की क्षमता का प्रमुख मानक बनेगा। उन्होंने कहा कि आज का समय अटेंशन इकॉनमी का है, जहां बड़ी तकनीकी कंपनियां लोगों का ध्यान अपने प्लेटफॉर्म पर बनाए रखने के लिए मनोविज्ञान और तकनीक दोनों का इस्तेमाल कर रही हैं। भारत में लगभग 97 करोड़ इंटरनेट/मोबाइल कनेक्शन होने के कारण मोबाइल फोन इस व्यवस्था का सबसे बड़ा माध्यम बन गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि मोबाइल एप्लिकेशन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस प्रकार डिजाइन किए जाते हैं कि उपयोगकर्ता बार-बार फोन खोलें। इसमें कसीनो की स्लॉट मशीनों की तरह अनिश्चित पुरस्कार (इंटरमिटेंट रिइन्फोर्समेंट) का सिद्धांत काम करता है, जिससे मस्तिष्क में डोपामिन रिलीज होता है और व्यक्ति बार-बार स्क्रीन की ओर आकर्षित होता है।

# प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला पर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हुए विविध आयोजन

### ●सुंदरकांड पाठ, भजन, कीर्तन व मंगल गीत के साथ, भक्तों ने चढ़ाया पताका ध्वज व हुआ प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्राचीन श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में हनुमान भक्तों ने हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ हनुमान जी महाराज के दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ी थी। भक्तों ने हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का पाठ कर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया। भक्तों ने विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की थी, जिसमें हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर मंदिर पर विभिन्न आयोजन भक्तों ने आयोजित किए। सुंदरकांड का पाठ, भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे के साथ पूरे मंदिर परिसर की फूलमालाओं से सजावट की गई थी।हनुमान भक्तों ने हनुमान जी का पताका ध्वज का भी विधिवत पूजन कर मंदिर में लगाया गया।इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल, सुरेश अग्रवाल, विवेक उमरवैश्य, सोनू महाराज, शनि महाराज, सूरज उमरवैश्य, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, बजरंग लाल, आशीष कुमार, अश्वनी कुमार, आदर्श कुमार, सुरेश माली, विवेक कुमार, राकेश कुमार, अमन गुप्ता, सिद्धार्थ, मनीष, छोटे लाल, राम अवतार आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## बच्चों को अंक पत्र, मेडल व पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के प्राथमिक विद्यालय नवीन पकड़ी में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान व अंकपत्र, पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के कक्षा पांच उत्तीर्ण व नवोदय विद्यालय के लिये चयनित छात्र ओम सिंह को अभिभावक अमर सिंह के साथ एसएमसी अध्यक्ष पुष्पा व प्रधानाध्यापिका कल्पना ने माल्यार्पण कर , अंकपत्र, पुस्तकें, अंगवस्त्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसकी सराहना ग्रामीणों ने किया। वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्रों व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।




एसएमसी अध्यक्ष पुष्पा ने कहा कि बच्चों के अंदर असीम प्रतिभा छिपी रहती है, अगर सही मार्गदर्शन उन्हें मिले, तो वे निश्चित तौर से आगे बढ़कर सफलता की ऊंचाई को हासिल कर सकते हैं। शिक्षा मनुष्य को बेहतर जीवन का मार्ग दिखाती है। प्रधानाध्यापिका कल्पना ने अभिभावकों से कहा कि स्कूल चलो अभियान शुरू है, वे अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य करायें। कार्यक्रम में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित मुस्तन सेरुल्लाह उनकी उपलब्धि के लिए अंग वस्त्र,स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पुष्पा व सदस्य रामचंद्र शर्मा, छात्रों के अभिभावक ममता, तारावती, तुलसीराम, विन्ध्वासिनी, सरोज, शिक्षक रामप्रसाद यादव, कृष्णकला, अश्वनी, कुमार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कपिलवस्तु क्षेत्र के समग्र पर्यटन एवं विरासत विकास का मुद्दा : सांसद जगदंबिका पाल ने लोकसभा में उठाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने गुरुवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद (कपिलवस्तु क्षेत्र) के समग्र पर्यटन एवं विरासत विकास का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि प्राचीन कपिलवस्तु की वह ऐतिहासिक भूमि है, जहां भगवान गौतम बुद्ध ने अपने जीवन के प्रारंभिक 29 वर्ष व्यतीत किए। उन्होंने विशेष रूप से जनपद में स्थित 10 ऐतिहासिक 'सागरों' (जलाशयों) की ओर ध्यान दिलाया, जिनका निर्माण वर्ष 1902 में किया गया था। इनमें से मर्थी, मझौली एवं सिसवा सागर, कपिलवस्तु स्तूप से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं और प्रत्येक की जलधारण क्षमता 30 लाख घन फुट से अधिक है।



उन्होंने कहा कि अपार संभावनाओं के बावजूद ये जलाशय अभी तक समुचित योजना के अभाव में पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाए हैं। यदि इनका वैज्ञानिक एवं योजनाबद्ध विकास किया जाए, तो यह क्षेत्र एक प्रमुख इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित हो सकता है, जहाँ वॉटर स्पोर्ट्स, पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन, वुडन जोन तथा स्थानीय उत्पादों के विपणन हेतु '75 जिलों का मार्ट' स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले पाँच वर्षों में कपिलवस्तु क्षेत्र में लगभग 13.5 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ है, जो इस क्षेत्र की वैश्विक पर्यटन क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन सागरों के सौंदर्यीकरण एवं समेकित विकास से पर्यटकों की संख्या में कई गुना वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि नेपाल सीमा से सटे होने के कारण इन जलाशयों का विकास भारत की सकारात्मक एवं प्रगतिशील छवि को पड़ोसी देशों के समक्ष और अधिक सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा। सांसद जगदम्बिका पाल ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इन ऐतिहासिक सागरों के समग्र एवं एकीकृत विकास हेतु एक विशेष योजना तैयार की जाए, जिससे सिद्धार्थनगर को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

# विदाई : शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते, समाज को देते हैं हमेशा नई दिशा - बीएसए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शिक्षकों की सेवानिवृत्ति, मात्र शासकीय और विभागीय नियमों से मुक्ति का नाम है। वास्तव में शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। वह सदैव अपने ज्ञान, संस्कार, आचरण और अनुभव से सभ्य समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता है, इसलिए शिक्षक को राष्ट्र निर्माता और मार्गदर्शक कहा जाता है। उक्त बातें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में गुरुवार को प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बर्डपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किया। विशिष्ठ अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनय कुमार सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक अपने पद के दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें, क्योंकि शिक्षकों के ऊपर सभ्य समाज और राष्ट्र निर्माण की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वेतन बकाया आदि वित्तीय समस्याओं की चिंताओं से मुक्त होकर पूरे मनोयोग से दायित्वों का निर्वहन करें। शासन के मंशानुरूप पूरे पारदर्शिता के साथ सभी शिक्षकों के वित्तीय समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जीपीएफ लेजर और पासबुक की समस्या का भी समाधान शीघ्र ही कर दिया जाएगा, फिर जिले में किसी भी शिक्षक का कोई वित्तीय समस्या नहीं रह जाएगा।



बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनय कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले प्राथमिक विद्यालय पिपरी से प्रधानाध्यापक शमशुलहक, पिछौरा से जग्गल प्रसाद, कंपोजिट विद्यालय झंगटी से प्रधानाध्यापक कृष्णानंद, अहिरौली से भारत प्रसाद को फूल माला पहनाकर एवं बैज अलंकरण के पश्चात शॉल, संपूर्ण अंगवस्त्र, धार्मिक ग्रंथ, पेन, डायरी आदि भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना के साथ ससम्मान सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी शैलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनय कुमार सिंह तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद को, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष कलीमुल्लाह और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने फूलमाला पहनाकर बैज अलंकरण करने के पश्चात, शॉल तथा मोमेंटो के रूप में प्राकृतिक पुष्प के पौधे सहित बुद्ध की प्रतिमा, भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के बालिकाओं द्वारा सरस्वती बंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही। उक्त समारोह का सफल आयोजन एवं संचालन, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष कलीमुल्लाह ने किया। तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद, प्राथमिक शिक्षक संघ बर्डपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने आए हुए सभी अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय इण्टर कॉलेज दुल्हा शुमाली के प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला समन्वयक अमित कुमार शुक्ला, अभिनव श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, इश्तियाक अहमद, दुर्गेश आजाद, अब्दुल अज़ीज़, महेश कुमार, हीरामणि, केशव प्रसाद मिश्र, राम सेवक, जुबैर अहमद उस्मानी, सालिक राम चौधरी, सेराज अहमद, शमशुल हक़, पंकज यादव, फौजिया नाज़, नगमा बानो, कामिनी गुप्ता, ममता श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ पूजन अर्चन, भण्डारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिरों व जगह जगह हनुमान जी की पूजा आराधना भक्तिभाव में दिखी। लालगंज के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित श्री हनुमत निकेतन धाम मन्दिर का फूलों से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को मन भाया। वहीं जगह जगह हनुमान जयंती पर सामूहिक भण्डारे तथा श्रीहनुमान चालीस एवं सुन्दरकाण्ड के पाठ में भी बजरंगबली का जयघोष गूंजता दिखा और भंडारे का आयोजन हुआ।यहां विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजू द्विवेदी, ऋषि द्विवेदी, चंदन पाण्डेय आदि भी भक्तों की सेवासंगत में जुटे दिखे। श्रीहनुमत निकेतन धाम में सदाशिव जायसवाल तथा ब्रजघोष ओझा के संयोजन में प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर के समीप विजय कौशल के संयोजन में राहगीरों को हनुमान जन्मोत्सव पर शरबत पिलाया गया। तहसील परिसर स्थित हनुमान जी के मंदिर में संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह के संयोजन में भजन संकीर्तन व प्रसाद वितरण हुआ।नगर के भभया नगर में हुए भण्डारे में भी देर शाम तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। यहां पूजन अर्चन का संयोजन राजकुमार मिश्र पहलवान, ज्ञानू तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, छोटेलाल सरोज, हृदय पाण्डेय ने किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली की भव्य आरती उतारी। अतुल मिश्र चंदन, आलोक सिंह, उपेन्द्र मिश्र, करूणा सागर तिवारी, अंकुर सिंह, नागेश मिश्र के संयोजन में हुए भण्डारे में बाबा धाम में आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी करपात्री जन्मस्थली भटनी में भी हनुमान जयंती पर शरबत वितरण किया गया। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान की ओर से हनुमान जी का विधिविधान से पूजन हुआ। कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, बाल मुकुन्द, अनुराग तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, अरूण मिश्र, आदर्श तिवारी, अर्पित तिवारी, यश शुक्ला, विशाल तिवारी, विकास सिंह आदि ने किया।


# संक्षिप्त खबरें

## तिलहर में धूमधाम से माना हनुमान जन्मोत्सव

### निकाली शोभायात्रा, 151 कुंतल लड्डू का लगा भोग



**तिलहर शाहजहांपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरे नगर में



उत्सव का माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। इस अवसर पर गुरुकुल महाविद्यालय, रुद्रपुर के छात्रों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में छात्र पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भगवान हनुमान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। वहीं, श्री आर पी सिंह पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गई, जो शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। इन झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कछियानी खेड़ा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नगर के बंसी वाले मंदिर में आयोजक ममतेश गुप्ता के नेतृत्व में सायं 4:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से पाठ में भाग लिया। इसके उपरांत 151 कुंतल लड्डू का भोग भगवान को अर्पित किया गया, जो आयोजन की विशेषता रहा। भोग के पश्चात आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 200 एकड़ भूमि की तलाश शुरू

**तिलहर।** गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कटरा क्षेत्र के विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह द्वारा विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज राजस्व विभाग की टीम के साथ गांव खमरिया पहुंचे और संभावित स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लगभग 200 हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता का आकलन करने के उद्देश्य से स्थानीय किसानों के साथ बैठक भी की। इस दौरान किसानों को परियोजना के संभावित लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया और उनसे जमीन देने के संबंध में राय ली गई। किसानों ने भी अपनी शंकाएं और सुझाव अधिकारियों के सामने रखे, जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रशासन का कहना है कि प्रारंभिक स्तर पर किसानों का रुख सहयोगात्मक नजर आया है। यदि भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो जाती है, तो प्रस्ताव को शासन के पास भेजा जाएगा, जिससे आगे की कार्यवाही शुरू की जा सके। औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण से क्षेत्र में निवेश के अवसर बढ़ने की संभावना है। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रशासन इस परियोजना को लेकर तेजी से आगे बढ़ने की तैयारी में है।

## जयकारों के साथ निकली रिठौरा में शोभायात्रा, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**बरेली/रिठौरा।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को रिठौरा नगर केसरिया रंग में रंगा नजर आया। श्री बालाजी दरबार में विशेष पूजा-अर्चना के बाद शाम शोभायात्रा का शुभारंभ महंत अरविंद पाण्डेय ने छप्पन भोग लगाकर किया गया। यात्रा में चेयरमैन शकुंतला देवी व प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता ने नगरवासियों के साथ सहभागिता की। रमेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी श्री हनुमान जी की आरती उतारकर पुण्य लाभ कमाया। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एस आई वैभव गुप्ता एवं पुलिस बल पूरी यात्रा के दौरान साथ रहा। इस धार्मिक आयोजन में हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अरूण फौजी के नेतृत्व में हरिपाल गंगवार, सर्वेश सैनी, सुरेंद्र गंगवार, अनिल कनौजिया, राजू यादव, मोनू गुप्ता, अंकुश गुप्ता, प्रदीप राठौर और कमल गंगवार, ढल्लो देवी, पूरनलाल शर्मा सक्रिय भूमिका निभाई। नगर के मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार अभिनंदन किया गया।

# डीयू के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय में दो-दिवसीय एनएसएस समागम: युवा नेतृत्व, सेवा और समावेशिता पर मंथन




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**प्रदीप यादव**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक राष्ट्रः एक परिवार' की प्रेरणादायक थीम के अंतर्गत दो-दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'संयुक्त समागम' 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से युवाओं को नेतृत्व पॉलिसी संवाद तथा समावेशिता से जोड़ने पर केंद्रित रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस गीत, 'वंदे मातरम्' तथा डीयू कुलगीत के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह (आईएएस), सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग (दिल्ली सरकार) उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. रश्मि सिंह ने 'पॉलिसी और प्रैक्टिस' के बीच की दूरी को कम करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए युवाओं को जमीनी हक़ीक़त से जुड़ना होगा। साथ ही, उन्होंने सामाजिक रूप से जिम्मेदार युवाओं के निर्माण में एनएसएस की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह युवाओं को सामुदायिक सहभागिता, जागरूकता अभियानों तथा जमीनी पहलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने भारत के 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' (युवा शक्ति) को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए युवाओं से नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बिनय, निदेशक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन ने युवाओं में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को रेखांकित करते हुए कहा भारत केवल दया का देश नहीं, बल्कि करुणा का देश है उन्होंने भारतीय समाज में सामाजिक पूँजी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में समाज स्वयं आगे आकर समाधान का हिस्सा बनता है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शरद कुमार यादव ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस समागम का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जहाँ एक ओर एनएसएस समिट, कॉन्फ्रेंस और संयुक्त लीडरशिप डायलॉग जैसे मंचों पर समकालीन सामाजिक मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ, वहीं दूसरी ओर सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस 'संयुक्त समागम' में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए 'पोस्टर बैग निर्माण' तथा एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए 'पेपर बैग निर्माण' जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त सामाजिक मुद्दों पर भाषण एवं लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में संवेदनशीलता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना है। साथ ही, सामाजिक विषयों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग तथा एनएसएस की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी इस समागम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।समापन समारोह में आयुषी डबास आईएएस सचिव, दिल्ली एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण एनएसएस स्वयंसेवकों का सम्मान समारोह रहा। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई में दो वर्षों तक निरंतर और उत्कृष्ट सेवा देने वाले स्वयंसेवकों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, अनुशासन और समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना का प्रतीक रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिसने इस समागम को सफल एवं सार्थक बनाया।

## दिल्ली एमसीडी में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, ममता यादव बनीं नई उपायुक्त

**नई दिल्ली।** सीबीआई से गिरफ्तारी के बाद एमसीडी ने कर्नल अभिषेक मिश्रा को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके स्थान पर कर निर्धारक एवं संग्रहण आईएएस ममता यादव को शाहदरा नार्थ जोन के उपायुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। ममता यादव 2021 बैच की आईएएस अधिकारी है। उनके पास इससे पूर्व केशवपुरम और सिटी एसपी जोन में बतौर उपायुक्त कार्य करने का अनुभव है। इसके साथ ही एमसीडी ने आइटीएस मोहित बंसल को रोहिणी जोन के उपायुक्त कि अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। मोहित बंसल के पास आईटी निदेशक की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही एमसीडी ने अभिषेक मिश्रा का वियतनाम यात्रा के लिए छह दिन की छुट्टी भी रद कर दी है। एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि 48 घंटे से अधिक समय तक गिरफ्तार रहने पर सरकारी कर्मचारी और अधिकारी के निलंबित होने की प्रक्रिया है। इसलिए हमने सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद कर्नल अभिषेक मिश्रा को निलंबित कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि एमसीडी ने शाहदरा नार्थ जोन में उपायुक्त और अन्य अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद काफी किरकिरी हो रही है। इसलिए एमसीडी ने आइएएस कैडर के अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो सके।

# दिल्ली में हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से भक्ती में डूबा माहौल



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**बादल हुसैन**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को देश भर में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। राजधानी दिल्ली में विभिन्न हनुमान मंदिरों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान हनुमान से जुड़ी आकर्षक झांकियां शामिल थी, जिन्होंने लोगो का ध्यान आकर्षित किया। भक्ति गीतों की गूंज और ढोल नगाड़ों की धुन पर श्राद्धलु झूमते नजर आए। इस दौरान पूरा छेत्र जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान रहा। इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए जिसमें महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ देखी गई। जगह जगह भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया गया। आप को बतादे कि दिल्ली के करोलबाग में स्थित हनुमान मंदिर अपनी 108 फीट ऊंची विशाल हनुमान जी की प्रतिमा के कारण देशभर में प्रसिद्ध है, यह प्रतिमा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, वल्कि राजधानी की आधुनिक पहचान भी बन चुकी है। इस मूर्ति की सबसे खास बात यह है कि इसमें हनुमान जी की छाती खुली हुई देखाई देती है, जिसके भीतर राम दरबार के दर्शन होते हैं।यह मंदिर आस्था का प्रतीक मानी जाती है। यही कारण है कि यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# हनुमान जन्मोत्सव सनातन धर्म के विजय एवं गौरव का प्रतीक: सुरेंद्र कुमार गुप्ता




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 2 अप्रैल 2026 को विश्व हिंदू परिषद,इंद्रप्रस्थ प्रांत के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण वक्तव्य जारी करते हुए समस्त हिंदू समाज को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।अपने संदेश में श्री गुप्ता ने कहा कि यह दिवस केवल श्रद्धा और भक्ति का ही नहीं,बल्कि विजय और आत्मगौरव का भी प्रतीक है। उन्होंने स्मरण कराया कि तीन वर्ष पूर्व जहांगीरपुरी की शोभायात्रा पर विधर्मियों द्वारा हमला किया गया था,जिसके बाद प्रशासन द्वारा उस शोभायात्रा को प्रत्येक वर्ष सीमित या प्रतिबंधित किया जाता रहा। किंतु इस वर्ष प्रशासन के साथ लंबी एवं सकारात्मक संवाद प्रक्रिया के पश्चात शोभायात्रा को पुनः पूर्ण स्वरूप में लगभग ढाई से तीन किलोमीटर के मार्ग पर अनुमति प्रदान की गई है।यह निश्चित रूप से समस्त हिंदू समाज एवं सभी हिंदू संगठनों की सामूहिक विजय है।उन्होंने आगे कहा कि जहां एक ओर यह विजय हम सभी को उत्साहित करती है,वहीं इंद्रप्रस्थ प्रांत के त्रिनगर एवं उत्तम नगर जैसे क्षेत्रों में कुछ नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इस संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता इन चुनौतियों का सामना संवैधानिक और विधिक तरीके से करेगा।उन्होंने कहा कि हमें भारत के संविधान एवं सभी संवैधानिक संस्थाओं पर पूर्ण विश्वास है,और हम दिल्ली पुलिस एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में भी इस प्रकार की चुनौतियों का समाधान करते रहेंगे।श्री गुप्ता ने इस पावन अवसर पर हिंदू समाज के समक्ष एक महत्वपूर्ण आह्वान रखते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में हमें सामूहिक संकल्प और सतत संघर्ष की आवश्यकता है।उन्होंने आग्रह किया कि जिस प्रकार अन्य समुदाय अपने-अपने दिनों पर सामूहिक प्रार्थना करते हैं,उसी प्रकार हिंदू समाज भी प्रत्येक मंगलवार को शाम 7:00 बजे सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करे।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे उत्पन्न होने वाली ऊर्जा एवं शक्ति हिंदू समाज के संगठन को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा किसी भी चुनौती का सामना करने में सहायक बनेगी।इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्व हिंदू परिषद शीघ्र ही एक विशेष हेल्पलाइन एवं ऐप प्रारंभ करने जा रही है, जिस पर कार्य तेजी से चल रहा है। इस माध्यम से इंद्रप्रस्थ प्रांत का कोई भी हिंदू यदि किसी प्रकार की समस्या या चुनौती का सामना कर रहा होगा, तो उसे तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से न केवल संगठन के कार्यकर्ता, बल्कि समाज के नए जागरूक एवं सेवा भाव रखने वाले लोग भी जुड़ सकेंगे और इस पवित्र कार्य में सहभागी बनेंगे। उन्हें विश्वास है कि इस व्यवस्था के लागू होने के पश्चात अनेक समस्याओं का समय रहते समाधान संभव हो सकेगा।अंत में श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने पुनः इंद्रप्रस्थ प्रांत के समस्त हिंदू समाज को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हादसा: वाटर कूलर गिरने से दो घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तिलहर।** ग्राम कपसेड़ा स्थित जानकी महाराज मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी दौरान ब्लॉक ददरौल की ओर से लगाए गए वाटर कूलर के अचानक गिर जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगाए गए थे। कार्यक्रम के दौरान जब लोग पानी पीने के लिए कूलर के पास पहुंचे, तभी अचानक कूलर असंतुलित होकर गिर पड़ा। इसकी चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक निर्मल पुत्र अखिलेश निवासी ग्राम अहियापुर मोहनपुर थाना तिलहर और आरती पत्नी अरविंद निवासी नगर बीसलपुर, जिला पीलीभीत गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और आयोजन समिति के सदस्यों ने तुरंत घायलों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा गया।

लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच लगाए गए वाटर कूलर की सुरक्षा व्यवस्था ठीक से नहीं की गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। दोनों घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## दिल्ली में मस्जिद पर लहराया भगवा, तुगलकाबाद में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान की गई हरकत से तनाव

**दिल्ली।** राजधानी के तुगलकाबाद में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान कुछ हुड़दंगियों की हरकत से तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि शोभायात्रा के दौरान कुछ युवक पास स्थित मस्जिद पर चढ़ गए और वहां धार्मिक ध्वज लहरा दिया। इस दौरान समुदाय विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है। वीडियो वायरल होते ही बना तनाव घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा, जिसके बाद क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल शांत कराया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा, जिसके बाद क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल शांत कराया। पुलिस का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर भी मामले की जांच की जा रही है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बलिया में मंत्री ए.के. शर्मा बोले- शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी, वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया सम्मानित



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया** के रसड़ा स्थित नागा जी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में मंत्री ने देर रात 10:30 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में मंत्री शर्मा ने कहा कि विद्या भारती जैसी संस्थाएं आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही एक सशक्त और जिम्मेदार समाज की नींव रखते हैं। उन्होंने अभिभावकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल पढ़ाई तक सीमित न रहें, बल्कि अपने जीवन में नैतिक मूल्यों और परंपराओं को भी स्थान दें। मंत्री ने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही सफलता की असली कुंजी हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति और सामाजिक विषयों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सह प्रांत प्रचारक सुरजीत जी, प्रबंधक संजय कश्यप, प्रिंसिपल राजन पांडे सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दिल्ली में पैरेंट्स को मनमानी से छुटकारा, तय दुकान से ही किताबें-यूनिफार्म खरीदने को मजबूर नहीं कर सकते स्कूल

**नई दिल्ली।** राजधानी में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए शिक्षा निदेशालय ने सख्ती दिखाई है। निदेशालय ने एक अप्रैल 2026 दिशानिर्देश जारी कर कहा कि कोई भी निजी स्कूल विद्यार्थियों या अभिभावकों को किसी एक तय दुकान या वेंडर से किताबें, कापियां, यूनिफार्म या अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। शिक्षा निदेशालय ने पाया कि कई स्कूल विद्यार्थियों और अभिभावकों पर दबाव बनाकर तय दुकानों से महंगे दामों पर सामान खरीदने के लिए मजबूर कर रहे थे, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। इसी को रोकने के लिए यह आदेश लागू किया गया है। निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक अब सभी स्कूलों को कक्षा-वार किताबों और यूनिफार्म की पूरी सूची स्कूल परिसर और वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होगी। साथ ही कम से कम पांच दुकानों, वेंडर्स के नाम, पते और फोन नंबर भी बताने होंगे, जहां से ये सामान उपलब्ध हो सके। हालांकि, अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दुकान से खरीदारी करने के लिए स्वतंत्र होंगे। निदेशालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्कूल निर्धारित यूनिफार्म के रंग, डिजाइन या अन्य विशेषताओं में कम से कम तीन वर्ष तक बदलाव नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त किताबें या गाइड खरीदने का दबाव डालना भी पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# बलिया में निजी अस्पतालों के खिलाफ छात्रों का उग्र प्रदर्शन, अपूर्वा नर्सिंग होम के डॉक्टरों की गिरफ्तारी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया** में निजी अस्पतालों में लगातार हो रही मौतों के विरोध में गुरुवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपूर्वा नर्सिंग होम के डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान सतीश चंद्र और टीडी कॉलेज चौराहे पर छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। वहीं कुंवर सिंह डिग्री कॉलेज के सामने जब छात्र पुतला दहन करने पहुंचे, तो पुलिस ने पुतला छीन लिया, जिससे छात्रों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई।

यह आक्रोश हाल ही में जिले के निजी अस्पतालों में हुई संदिग्ध मौतों के बाद सामने आया है। पूर्व में पूर्वांचल हॉस्पिटल में जच्चा और जुड़वा बच्चियों की मौत तथा शवों के डस्टबिन में मिलने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। इसके अलावा जीरा बस्ती स्थित आकाश नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद एक प्रसूता की मौत का मामला भी सामने आया था, जिसमें कार्रवाई की गई थी।

इसी कड़ी में दस दिन पहले अपूर्वा नर्सिंग होम में पथरी के ऑपरेशन के दौरान 24 वर्षीय महिला अनीषा राय की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर पांच डॉक्टरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नर्सिंग होम के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया है और जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले ली गई है। छात्र नेता रमेश गिरी ने कहा कि पिछले एक महीने में तीन बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अब तक दोषी डॉक्टरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्रों ने प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की है।

# एक दिन की जिलाधिकारी' कार्यक्रम का आयोजन किया

## ● छात्रा सिफा खान को एक दिन के लिएबनी जिलाधिकारी




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंकलेक्टेऊट सभागार में मिशन शक्ति 5.2 के अंतर्गत जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में 'एक दिन की जिलाधिकारी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बस्ती की छात्रा सिफा खान को एक दिन के लिए जिलाधिकारी चुना गया। सिफा खान ने हाईस्कूल परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' संवाद में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा सरस्वती बालिका विद्यालय रामबाग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान बालिकाओं ने अपने कैरियर, सेल्फ डिफेंस, घरेलू हिंसा एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।जिलाधिकारी ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं, प्रधानाचार्य एवं प्रोबेशन कार्यालय से संरक्षण अधिकारी वीना सिंह, अशोक सिंह, साधना अग्रहरि, प्रतिभा श्रीवास्तव, सपना सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

प्रार्थी ने दिनांक- 01.04.2026 तहरीर देकर बताया कि प्रार्थी की बहन का विवाह दिनेश कुमार पुत्र हरिनाथ निवासी प्रजापतिपुर जनपद भदोही के साथ दिनांक 05-11-2025 को हुयी थी। शादी में मेरे परिवार, रिश्तेदार व पड़ोसीयों ने मिलकर उपहार व गृहस्थी का सारा सामान व नगद रुपया दिया था। आरोपी ससुरालजन उपहार में मिले सामानों से संतुष्ट नही थे। पाँच लाख रुपये की नगद मांग को लेकर मेरी बहन/विवाहिता को बराबर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करते रहते थे और दिनांक 31-03-2026 को दहेज की मांग को लेकर उसे जान से मार दिया।

प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्समय ही आरोपी ससुरालीजनों के विरुद्ध थाना भदोही पर मु0अ0स0- 146/26 धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में दिनांक-02.04.2026 को थाना स्थानीय पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित/विवाहिता का पति अभियुक्त दिनेश गौतम पुत्र हरिनाथ निवासी - प्रजापतिपुर थाना भदोही जनपद भदोही को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित मा0 न्यायालय किया गया